You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-209 ❒ रविवार, 30 अगस्त 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12

मातृ स्वास्थ्य, संक्रमण से बचाव, दवाओं का सुरक्षित उपयोग, नियमित जांच और समय पर चिकित्सकीय परामर्श के बारे में जागरूकता परिवारों को महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद कर सकती है। डॉ. जितेंद्र सिंह



ताशकंद पहुंचे मोदी, राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत 11

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण घटाने के लिए 'परिवर्तन' योजना तेज 12

## संक्षेप

### सिप्ला के दवा बिक्री लाइसेंस को रद्द करने का आदेश वापस

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय की फटकार के बाद महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने सिप्ला फार्मा एंड लाइफ साइंसेज लिमिटेड की पुणे स्थित कैरी एंड फॉरवर्डिंग इकाई का दवा बिक्री लाइसेंस निरस्त करने का आदेश शनिवार को वापस ले लिया। अदालत ने एफडीए से कहा कि उसने मनमाने तरीके से कार्रवाई की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि कार्रवाई प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है। इसके बाद एफडीए ने बताया कि वह लाइसेंस रद्द करने का आदेश तत्काल वापस लेगा और कंपनी को नया कारण बताओ नोटिस जारी करेगा। एफडीए ने पुणे के वाडकी स्थित सिप्ला फार्मा की दवाओं के भंडारण एवं वितरण का लाइसेंस 27 अगस्त से रद्द कर दिया था। यह कार्रवाई रिएक्टिन प्लस टैबलेट की पैकेजिंग, भंडारण और वापसी से जुड़ी अनियमितताओं के आरोपों के बाद की गई थी। इस संबंध में दवा कंपनी ने कहा था कि उसने कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

### ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान के खिलाफ भारत के रवैये में बड़ा बदलाव आया : पूर्व सेना प्रमुख नरवणे

**वडोदरा।** भारतीय सेना के पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल एम. एम. नरवणे ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत के रवैये में बड़ा बदलाव दिखाया। इस अभियान के दौरान केवल सीमा के पास मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया बल्कि पाकिस्तान के बेहद अंदर मौजूद उन लोगों और ठिकानों पर भी कार्रवाई की गई जो आतंकवादियों की मदद करते हैं। वडोदरा में पत्रकारों से बातचीत में नरवणे ने कहा कि इससे पहले उरी हमले के बाद की गई कार्रवाई और पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक में सीमा के नजदीक मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। ऑपरेशन सिंदूर ने साफ संदेश दिया कि आतंकवादियों को मदद देने वाले लोग चाहे कहीं भी मौजूद हों, वे भारतीय कार्रवाई से बच नहीं सकते। नरवणे ने कहा, 'जैसे हमारे रक्षा मंत्री कहते हैं- हम उनके इलाके में घुसेंगे और उन्हें खत्म कर देंगे।' पाकिस्तान के सिर क्रीक क्षेत्र में बढ़ती गतिविधियों और उसके कथित 'ऑपरेशन अबाबील' पर नरवणे ने कहा कि ऐसी गतिविधियां होती रहती हैं। जरूरत पड़ने पर सही समय पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बड़े कारोबारों के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन आसान बनाने पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक 12 सितंबर को दिल्ली में नई दिल्ली. एजेंसी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक 12 सितंबर को नई दिल्ली में होगी। इससे पहले 11 सितंबर को अधिकारियों की बैठक होगी। इस बैठक में बड़े कारोबारों के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को आसान बनाने समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होते हैं।

# 287 भारतीय नागरिक अब भी लापता

एजेंसी

नयी दिल्ली। नेपाल में विनाशकारी बाढ़ के बाद वहां 287 भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं तथा शनिवार को चार और लोगों को बचाये जाने के बाद सुरक्षित बचाये गये भारतीय नागरिकों की संख्या बढकर 88 हो गयी है।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि बाढ़ के कारण चीन के क्षेत्र में फंसे 120 भारतीय नागरिक आज वहां से जमीन के मार्ग से होते हुए नेपाल पहुंच गये। मंत्रालय ने बताया कि आज चार भारतीय नागरिकों को रसुवा में एक जलविद्युत परियोजना से बचाया गया। उनके शीघ्र ही काठमांडू पहुंचने की उम्मीद है। इनके नाम रिपु कुमार, चनेश्वर नरजारी, कृपा शंकर और मोहम्मद मिनहाजुद्दीन है। राहत और बचाव कार्यों में भारत के सहयोग का उल्लेख करते हुए मंत्रालय ने कहा है कि भारत से छह फोरेंसिक विशेषज्ञ टीमों के आज काठमांडू पहुंचने की उम्मीद है, जिससे कि मृत लोगों के पार्थिव शरीरों के अवशेषों की पहचान के लिए डीएनए नमूनों के विश्लेषण में सहायता की जा सके। इसके अलावा सुरंग बचाव के लिए एक विशेष तकनीकी टीम कल काठमांडू पहुंची और प्रभावित क्षेत्र में सुरंग बचाव में सहायता के लिए काम ● शेष पेज 11 पर

## नेपाल बाढ़ : 88 भारतीय नागरिकों को बचाया गया

### भारत ने बढ़ाई ग्लेशियरों की निगरानी



नई दिल्ली। नेपाल में जल प्रलय के बाद भारत ने चीन और नेपाल सीमा से लगते अपने हिमालयी क्षेत्रों में ग्लेशियरों की निगरानी बढ़ा दी है। उत्तराखंड के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने शनिवार को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभागों को ग्लेशियरों पर नजर रखने के लिए कहा गया है। उत्तराखंड सरकार के मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि हम पड़ोसी के रूप में नेपाल के साथ सीमा साझा करते हैं। हमारी भौगोलिक स्थिति भी नेपाल जैसी ही है। त्रासदी को देखते हुए हमने संबंधित विभागों से अपने क्षेत्र के ग्लेशियरों की निगरानी करने के लिए कहा है। सरकार ने टीम से सतर्क रहने को कहा है और अगर कहीं पर ग्लेशियरों में कोई बदलाव दिखता है तो उसकी तत्काल जानकारी देने को कहा है। मालूम हो कि उत्तराखंड में 1266 ग्लेशियर झीले हैं।

# स्वाइन फ्लू को लेकर यूपी में विशेष इंतजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ हर अस्पताल में बनेगा फीवर क्लीनिक और आइसोलेशन वार्ड





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सरकारी अस्पतालों में मरीजों के इलाज और निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। हर जिले के अस्पताल में बुखार और स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों के लिए अलग फीवर क्लीनिक, हेल्प डेस्क और आइसोलेशन वार्ड तैयार किए जाएंगे।

उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ), मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) और अस्पतालों के निदेशकों के साथ बैठक कर स्वाइन फ्लू की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पाठक ने कहा कि अस्पतालों में बुखार और स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों के पंजीकरण, जांच और भर्ती की व्यवस्था अलग रखी जाए, ताकि सामान्य मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो और संक्रमण की आशंका को भी कम किया जा सके। उन्होंने प्रत्येक अस्पताल में मरीजों की सहायता के लिए हेल्प काउंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अस्पतालों और संयुक्त जिला अस्पतालों में गंभीर स्वाइन फ्लू मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त संख्या में आइसोलेशन बेड तैयार रखने को कहा। साथ ही अस्पतालों में ओसेल्टामिविर (टैमीफ्लू), ऑक्सीजन, नेबुलाइजर, ऑक्सीजन मास्क, ब्रोंकोडायलेटर्स सहित जरूरी दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद अधिकांश अस्पतालों में स्वाइन फ्लू और बुखार के संदिग्ध मरीजों के लिए अलग वार्ड तैयार करने तथा उपचार की व्यवस्थाओं को मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री ने लखनऊ के कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन में केंद्रीय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर 'होप' (हेल्थ ऑनलाइन पैरामीटर इवैल्यूएशन) का निरीक्षण किया। यहां लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रदेश के अस्पतालों की व्यवस्थाओं की ऑनलाइन निगरानी की जाती है। पाठक ने होप सेंटर से अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को सतत निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने नेपाल से सटे उत्तर प्रदेश ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस की पिछलग्गू है सपा : योगी

एजेंसी

❒ मुख्यमंत्री ने बलिया, बांसडीह और बैरिया तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में हवाई सर्वेक्षण किया

❒ बाढ़ प्रभावितों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं -सपा ने हर जिले में एक माफिया पैदा किये थे। अब डबल इंजन की सरकार में सभी माफिया मिट्टी में मिल गए

बलिया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया, बांसडीह और बैरिया तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही बाढ़ प्रभावितों की समस्याएं भी सुनीं और बाढ़ राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने कार्यक्रम में बांसडीह तहसील के गलाफरपुर में सपा को कांग्रेस की पिछलग्गू पार्टी करार दिया और कहा अखिलेश यादव जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र को निजी संपत्ति बनाना चाहते थे, क्योंकि 200 करोड़ रुपये की लागत थी लेकिन 800 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद पूरा नहीं बनाया है। अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि अब डबल इंजन की सरकार है और अगर बेटियों पर आँख डाली तो उसकी जगह जेल या जहाँनुम ही है। जल्दी ही बलिया में भृगु मेडिकल कॉलेज की आधारशिला रखी जाएगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने बाढ़ पीड़ितों का सामग्री वितरित करने के बाद अपने संबोधन में आगे कहा कि देश की आजादी का गला घोंटने का काम जब कांग्रेस ने किया था तब जेपी ने आगे बढ़ कर विरोध किया। जिस कांग्रेस ने आपातकाल का गला घोंट कर लोकतंत्र का गला घोटा था, सपा अब उसी की पिछलग्गू बन गयी है। लखनऊ में जिस जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र की लागत सिर्फ दो सौ करोड़ होनी चाहिए थी, सपा ने उस पर आठ सौ करोड़ से अधिक खर्च किया। फिर भी वह अभी अधूरा है। उन्होंने कहा कि सपाइयों का उसे व्यक्तिगत सम्पति बनाने का इरादा था। इसीलिए यह प्रदेश 2017 से पहले बीमारू था। कहा कि हमारे यूपी में कोई कमी नहीं थी। लेकिन सपाई गुंडों ने बेटी और ● शेष पेज 11 पर



### जाति-क्षेत्र के नाम पर बांटने वालों से सावधान रहें : सीएम

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बशारतपुर में कल्याण मंडपम् के लोकार्पण समारोह में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिन्हें चौड़ी सड़कें, विकास, कल्याण मंडपम्, युवाओं को नौकरी और उत्सव का माहौल पसंद नहीं है, वे अब जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों से जनता को सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में अराजकता, दंगे और कर्फ्यू प्रदेश की पहचान बन गए थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश में पर्व-त्योहार सुरक्षित और उत्साह के माहौल में मनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्हें प्रदेश की तरक्की पसंद नहीं है, वे समाज को बांटकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ऐसे लोगों के बहकावे में न आए और विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाने में सहभागी बने। योगी ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। किसी बेटी, व्यापारी या गरीब की सुरक्षा से खिलवाड़ करने की कोशिश करने वाले को कानून के दायरे में लाया जाएगा। जो कानून का सम्मान करेगा, कानून उसका सम्मान करेगा, लेकिन कानून की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ कार्रवाई में देर नहीं होगी। उन्होंने कहा कि पहले व्यापारी और गरीब की जमीन पर कब्जे को ● शेष पेज 11 पर

# सज्जन के प्रति शोक जताना भाजपा के तीन सांसदों को पड़ा भारी

एजेंसी

❒ पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने तलब कर सहरावत, बिधूड़ी व चंदौलिया को दी सख्त हिदायत



नई दिल्ली। दिल्ली में सिख विरोधी दंगों में उम्र कैद की सजा पाने वाले सज्जन कुमार के निधन के बाद उनकी शोकसभा में जाना भाजपा के दिल्ली के तीन सांसदों को भारी पड़ा है। पार्टी ने उनको तलब कर सख्त हिदायत दी है। पंजाब के चुनावों में भी यह मुद्दा बना है और सिख नेताओं व संगठनों ने इस पर नाराजगी जताई है। इसके पहले कांग्रेस के भीतर भी इसी मुद्दे पर विवाद खड़ा हो चुका है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को दिल्ली के पार्टी सांसदों कमलजीत सहरावत, रामवीर सिंह बिधूड़ी और योगेंद्र चंदोलिया को तलब किया और पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार के निधन के बाद उनके घर जाकर शोक जताने पर नाराजगी जताई। भाजपा लगातार कुमार को दोषी मानती रही है और उनकी सजा का उसने स्वागत किया था। बीते 20 अगस्त को सज्जन कुमार का निधन हो गया था। बीते दिन भाजपा सांसद सहरावत, बिधूड़ी और चंदोलिया कुमार के आवास पर शोक जताने गए थे। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने इसे गंभीरता से लिया और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने तीनों सांसदों को तलब किया और सज्जन कुमार के घर जाने पर अपनी नाराजगी जताई। इसके पहले कांग्रेस में भी इस पर बबाल हो चुका है, जबकि कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुडा को सज्जन कुमार की तारीफ करने पर अपनी ही पार्टी की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। राजनीतिक दलों की इस प्रतिक्रिया के पीछे अगले साल होने वाले पंजाब के विधानसभा के चुनावों का भी असर है। पंजाब खासकर सिख समुदाय से भाजपा सांसदों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया आई थी। दिल्ली व पंजाब के भी पार्टी के नेताओं ने भी इस मामले पर नाराजगी जताई है। यही वजह है कि पार्टी अध्यक्ष को इस मामले को सीधे लेना पड़ा और सख्त हिदायत देनी पड़ी।

# बार को अपनी सोच बदलनी होगी, वकील जिम्मेदारी समझें : नागरत्ना

एजेंसी

❒ सुप्रीम कोर्ट की जज ने लंबित मामलों पर जताई चिंता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि बार को अपनी सोच और भूमिका पर दोबारा विचार करने की जरूरत है। न्याय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वकीलों को एकजुट होकर अपनी बात रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बार की किसी भी गलती या चूक का देश के राजनीतिक और नागरिक जीवन पर गहरा असर पड़ सकता है। जस्टिस नागरत्ना का यह बयान बार काउंसिल ऑफ इंडिया और हैदराबाद की नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ से जुड़े हालिया विवाद के बाद आया है।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, दिल्ली के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि जब किसी बार काउंसिल को उसके अपने सदस्य सम्मान नहीं देते हैं तो यह कानूनी पेशे के लिए अच्छा संकेत नहीं है। बार काउंसिल को पेशेवर नैतिकता, नैतिक मूल्यों को बनाए रखने में अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करना चाहिए। साथ ही, वकीलों को पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने और देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए अपनी ● शेष पेज 11 पर

# सोनिया गांधी की किताब को लेकर रार बढ़ी

एजेंसी


❒ मुद्दा अहम, पर कांग्रेस दूसरे मुद्दों पर सरकार को छोड़ना नहीं चाहती

❒ सरकार की सफाई, कहा-यह लेखक और प्रकाशक के बीच का मुद्दा

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के संस्मरणों की किताब बिलॉन्गिंग, ए जर्नी ऑफ लव को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। पार्टी जहां इस मुद्दे को अभिव्यक्ति की आजादी और सेंसरशिप से जोड़ रही है, वहीं भाजपा का आरोप है कि इस मामले में डर की कहानी बनाने की कोशिश की जा रही है और सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं है।

कांग्रेस इस मामले में एक सधी हुई भूमिका में हैं। पार्टी रणनीतिकार मानते हैं कि यह अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़ा मुद्दा है, वह फिल्हाल इस मुद्दे को केंद्र में रखने के हक में नहीं है। पार्टी मुख्यालय इंदिरा भवन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने बहुत अहमियत नहीं दी।

राहुल गांधी ने बेहद साफ अल्फाज में कहा कि इस मामले में अभी कोई दिलचस्पी नहीं है। इस वक्त उनका पूरा ध्यान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ किए गए शुद्धिकरण के अपराध है। पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस वक्त ज्यादा तूल देने से पेपर लीक, राम मंदिर चढ़ावा चोरी, महंगाई और शुद्धिकरण से ध्यान भटक सकता है।





रणनीतिकार मानते हैं कि इन मुद्दों पर भाजपा और सरकार बैकफुट पर है। इसलिए तय रणनीति के मुताबिक पार्टी इन मुद्दों पर अपने कार्यक्रम जारी रखेगी। पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब को लेकर विवाद पर सरकार को घेरना जारी रहेगा, पर सरकार के तमाम आरोपों और दबावों का जवाब देने के लिए किताब काफी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि जो किताब पूरी दुनिया में प्रकाशित हो रही है, वह अचानक भारत में प्रकाशित नहीं की जा सकती। उन्होंने सवाल किया कि आखिर एक किताब से इतना डर क्यों है। प्रकाशक ने जिस तरह अचानक किताब छापने से इनकार किया है, उसमें दबाव और सच को बाहर आने से रोकने की साजिश है. लोकसभा में पार्टी के उपनेता गौरव गोगोई ने कहा कि पेंगुइन इंडिया ने एग्जाम वर्रिएर और आरएसएस ● शेष पेज 11 पर

# वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल भंडार पर अमेरिका का नियंत्रण

एजेंसी

❒ तेल भंडार पर नियंत्रण को लेकर दोनों देशों ने समझौता किया

वॉशिंगटन। अमेरिका ने वेनेजुएला के 65 अरब बैरल तेल भंडार पर नियंत्रण हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। ये बातें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कही।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिये इस समझौते के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और वेनेजुएला की अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बातचीत की थी। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, अमेरिका ने अभी-अभी वेनेजुएला के साथ एक समझौता किया है जो दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा तेल सौदा है। वेनेजुएला सरकार के प्रेस कार्यालय से संपर्क किया गया, लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ट्रंप के निर्देश पर अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़कर अमेरिका लाया था। उन पर मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े संघीय आरोपों में मुकदमा चलाने के लिए की गई कार्रवाई के करीब नौ महीने बाद इस समझौते की घोषणा हुई है। ट्रंप ने शुक्रवार शाम सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में संकेत दिया कि वेनेजुएला के साथ हुआ यह समझौता एक निजी साझेदारी का हिस्सा है। व्हाइट हाउस ने इस सौदे में शामिल निजी क्षेत्र के साझेदारों के बारे में टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। साथ ही, यह व्यवस्था किस तरह काम करेगी, इसके बारे में भी कोई विवरण ● शेष पेज 11 पर

# हिंसा के बजाय संवैधानिक माध्यमों को अपनाएं युवा : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने छात्रों से बाबा साहेब अंबेडकर के ''शिक्षित करो, आंदोलन करो और संगठित हो'' के मंत्र का उल्लेख करते हुए हिंसा के बजाय संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक माध्यमों से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने तथा सामाजिक और आर्थिक बदलाव को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

श्री सिंह ने शनिवार को लखनऊ स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि जब लोकतांत्रिक रास्ते उपलब्ध हों, तब अंबेडकर ने हिंसा, अराजकता और असंवैधानिक तरीकों के खिलाफ चेतावनी दी थी और इन्हें ''अराजकता का व्याकरण'' बताया था। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों के आधार पर युवा मस्तिष्क को तैयार करना चाहिए,





जबकि शिक्षा में ज्ञान, व्यावहारिक कौशल, समस्या-समाधान की क्षमता, मूल्यों और सामाजिक संवेदनशीलता का समावेश होना चाहिए। युवाओं से रोजगार सृजक, समस्या-समाधानकर्ता और बदलाव के उत्प्रेरक बनने का आह्वान करते हुए श्री सिंह ने तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों के बीच निरंतर सीखने और समय के अनुरूप ढलने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में ''टीम इंडिया'' के हिस्से के रूप में काम करने का आग्रह किया और कहा कि दृढ़ संकल्प, लचीलापन और कड़ी मेहनत चुनौतियों को अवसरों में बदल सकती है। रक्षा मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में पिछले ● शेष पेज 11 पर

### बुजुर्गों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य: राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता केवल मंदिर या मस्जिद में पूजा तक सीमित नहीं है। असल में आध्यात्मिक वही है, जिसका मन बड़ा हो तथा जो जो दूसरों के लिए नि:स्वार्थ भाव से काम करे।

रक्षामंत्री शनिवार को गोमतीनगर के विशालखंड स्थित श्रीराम सीनियर सिटीजन होम के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने सीनियर सिटीजन होम का उद्घाटन कर उसे विजिट भी किया। कमरे, जिम, एंटरटेनमेंट रूम आदि देखे। संचालक एससी शुक्ल व उनकी पत्नी उमा शुक्ल के प्रयासों की सराहना की। कहाकि नि:वार्थ भाव से किए गए कार्यों को सराहा। कहाकि जिस काम में कोई मुनाफा नहीं है, उसमें पत्नी उमा शुक्ला का पति को रोकने के बजाय सहयोग करना बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि शुक्ला दंपति ने बुजुर्गों की सेवा के लिए जो कार्य किया, उससे वह भावविभोर हैं। रक्षामंत्री ने सुझाव दिया कि यदि वृद्ध पति-पत्नी सीनियर सिटीजन होम में साथ रहना चाहें तो आश्रम में उनके लिए अलग कमरे की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने आश्रम की व्यवस्थाओं की भी प्रशंसा की और कहा कि यहां की सुविधाएं बहुत अच्छी हैं। वहीं संचालक एससी ने कहाकि भारत में 'पितृ देवो भव' और 'मातृ देवो भव' की परंपरा रही है। इसके बावजूद बुजुर्ग माता-पिता को घर से निकालने की घटनाएं आए दिन सामने आ रही हैं। जोकि चिंतनीय है। नई पीढ़ी को वेद, गीता व रामायण की शिक्षाओं से जोड़ने की आवश्यकता है। भगवान राम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने पिता के वचन के लिए राजपाट तक छोड़ दिया था। हमारी बुनियाद और संस्कार मजबूत होंगे तो समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान भी बढ़ेगा।

# नेपाल आपदाः डॉ. राजेश्वर सिंह ने भारतीय पीड़ित परिवारों के लिये 11 लाख की सहायता की घोषणा की

❒ सभी राष्ट्रीयताओं के लिए सहायता डेस्क और भारत-नेपाल हिमालयी आपदा लचीलापन साझेदारी का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नेपाल के रसुवा-नुवाकोट क्षेत्र में आई भीषण आपदा पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने भारतीय पीड़ितों के परिवारों हेतु 11 लाख की प्रारंभिक सहायता राशि, सभी राष्ट्रीयताओं के लिए सहायता एवं परिवार समन्वय डेस्क तथा भारत-नेपाल के बीच दीर्घकालिक हिमालयी जलवायु एवं आपदा लचीलापन साझेदारी का प्रस्ताव रखा है।

गुरुवार सुबह नेपाली अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 165 शव बरामद किए जा चुके थे और 826 लोग लापता बताए गए थे। इनमें नेपाली नागरिकों के साथ सुरक्षाकर्मी, पर्यटक और बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। आंकड़े खोज एवं बचाव अभियान के साथ लगातार बदल रहे हैं।

डॉ. सिंह ने कहा कि हर उस परिवार से, जो अपने प्रियजन के फोन की प्रतीक्षा कर रहा है–आपकी यह चिंता केवल आपकी नहीं है। आपदा की घड़ी में कोई विदेशी नहीं होता; केवल वे होते हैं जो संकट में हैं और वे जो उनकी मदद कर सकते हैं। उन्होंने नेपाल सेना, नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल, चिकित्सा दलों, हेलीकॉप्टर कर्मियों और स्वयंसेवकों को नमन करते हुए भारत सरकार की त्वरित मानवीय प्रतिक्रिया की सराहना की। इस समय बयान से पहले बचाव, अटकल से पहले सत्यापित सूचना और राष्ट्रीयता से पहले मानवता होनी चाहिए।

## सभी राष्ट्रीयताओं के लिए सहायता डेस्क

डॉ. सिंह ने अपने सरोजिनी नगर कार्यालय में सहायता एवं परिवार समन्वय डेस्क स्थापित करने का निर्देश दिया है। यह डेस्क राष्ट्रीयता के भेद के बिना परिवारों की सत्यापित जानकारी दर्ज करने तथा आवश्यकता के अनुसार उसे विदेश मंत्रालय, काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास एवं संबंधित राजनयिक मिशनों तक पहुंचाने में सहयोग करेगी।

ल्लसहायता राशि भारतीय नागरिकों के परिवारों के लिए है, लेकिन सहायता डेस्क सबके लिए है। बाढ़ में बहती नदी पासपोर्ट नहीं पूछती; करुणा को भी नहीं पूछना चाहिए।

## हिमालय की चेतावनी

प्रारंभिक वैज्ञानिक आकलनों के अनुसार आपदा की शुरुआत उच्च हिमालयी क्षेत्र में बड़े बर्फ-शिला पतन से हुई हो सकती है। ऋएत्रख्रग्कके अनुसार त्रिशूली नदी में एक स्थान पर जलस्तर लगभग 30 मिनट में नौ मीटर तक बढ़ा। डॉ. सिंह ने कहाः ल्लतीस मिनट में नौ मीटर–ऐसी आपदा में केवल वही चेतावनी जीवन बचा सकती है जो स्वचालित हो और सीमाओं को मिनटों में पार कर सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विशिष्ट घटना को केवल जलवायु परिवर्तन का परिणाम बताना वैज्ञानिक रूप से जल्दबाजी होगी, लेकिन तेजी से गर्म होता हिमालय ग्लेशियरों, परमाफ्रॉस्ट, चट्टानी ढलानों और हिमनदीय झीलों की स्थिरता को प्रभावित कर रहा है।

Environment Warriors की ओर से इस आपदा में जान गंवाने वाले अथवा लापता भारतीय नागरिकों के परिवारों हेतु 11 लाख की प्रारंभिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सक्षम प्राधिकरणों के समन्वय से सत्यापित निकटतम परिजनों तक सहायता पहुंचाई जाएगी।

डॉ. सिंह ने कहा कि कोई भी राशि ऐसी क्षति का उत्तर नहीं हो सकती। यह शोक का मूल्य नहीं, केवल इस बात का प्रतीक है कि ये परिवार अकेले नहीं हैं।

# पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के प्रमुख मुख्य इंजीनियर ने की विभिन्न रेल परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा

❒ समीक्षा बैठक में स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की




कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के प्रमुख मुख्य इंजीनियर तुषार कान्त पाण्डेय ने शनिवार, 29 अगस्त 2026 को मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के साथ मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय स्थित भारतेन्दु सभागार में वाराणसी मंडल में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों तथा यात्री सुविधाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति की गति तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की गई। प्रमुख मुख्य इंजीनियर ने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसके पश्चात प्रमुख मुख्य इंजीनियर तुषार कान्त पाण्डेय ने मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन के साथ राजातालाब यार्ड स्थित समपार संख्या 13 Spl पर प्रस्तावित लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मुख्य इंजीनियर एवं मंडल रेल प्रबंधक ने प्रस्तावित स्थल की भौतिक एवं तकनीकी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान समपार पर यातायात के TVU स्तर, सड़क यातायात के घनत्व तथा स्थानीय जनता की आवागमन संबंधी आवश्यकता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित ख्र्ब्क्ष् के निर्माण की उपयोगिता पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने समपार से होने वाले स्थानीय आवागमन, वर्तमान रेल एवं सड़क यातायात की स्थिति तथा भविष्य में यातायात के संभावित विस्तार को भी ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित निर्माण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। प्रस्तावित लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को अधिक सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिलने के साथ-साथ समपार पर सड़क यातायात को व्यवस्थित एवं सुचारु बनाने में सहायता मिलेगी। साथ ही, इससे रेल परिचालन की संरक्षा एवं निर्बाधता को बेहतर बनाने में भी मदद मिलने की संभावना है।

## कोरांव के मानपुर गांव में एक सप्ताह से जला पड़ा है ट्रांसफार्मर, भीषण गर्मी–उमस में जीने को मजबूर ग्रामीण

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड कोरांव के ग्राम पंचायत मानपुर में विजय बहादुर सिंह, कमलेश्वर सिंह और विष्णुदेव सिंह के घरों के मध्य लगा 10 केवी का ट्रांसफार्मर लगभग एक सप्ताह से जला हुआ पड़ा है। लेकिन विभाग द्वारा इसे बदलने की सुध नहीं ली जा रही है। ट्रांसफार्मर जलने से पूरे मोहल्ले की बिजली गुल है, जिससे ग्रामीण भीषण गर्मी और उमस में जीवन जीने को लाचार हैं। न तो मोबाइल चार्ज हो पा रहे हैं, न ही बच्चे रात में पढ़ पा रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या पानी की हो गई है। बिजली न होने से मोटर नहीं चल रही, जिससे पेयजल का भी अकाल पड़ गया है। अंधेरे के कारण जहरीले जंतुओं के काटने का खतरा अलग से बना हुआ है। पंखा न चलने से मच्छर भी खूब काट रहे जिस कारण लोग बीमार पड़ रहे है इसको लेकर गांव के विनोद तिवारी, प्रथम तिवारी, मोहन पाल, कृष्ण बहादुर सिंह, कमलेश्वर सिंह आदि ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के जेई से शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रयागराज और अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगवाकर विद्युत व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

## कानपुर सेंट्रल पर एक लाख की शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**कानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । जीआरपी कानपुर सेंट्रल ने चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को करीब एक लाख रुपये कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास तीन बैग में 27 लीटर शराब बरामद हुई। आरोपित शराब लेकर ट्रेन से बिहार जाने की फिराक में था। जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह ने शनिवार को बताया कि रेलवे में चोरी की घटनाओं के साथ अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गोविंदपुरी छोर की ओर चेकिंग की जा रही थी। हावड़ा एंड की तरफ खंभा नंबर 1020/29ए के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में मिला। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद तीन बैग से शराब की बोतलें बरामद हुईं। पकड़े गए युवक की पहचान पांडव कुमार पुत्र इन्द्रदेव यादव निवासी ग्राम सितुआहा, वार्ड नंबर एक, थाना सलखुआ, जिला सहरसा, बिहार के रूप में हुई। उसके बैग से रॉयल स्टैग प्रीमियर व्हिस्की की 750 एमएल की 25 बोतल और सिग्नेचर रेयर एज्ड व्हिस्की की 750 एमएल की 11 बोतल मिलीं। शराब की कुल मात्रा 27 लीटर है। इसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपये से अधिक बताई गई है। आगे उन्होंने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने शराब हरियाणा से लाकर बिहार ले जाने की बात स्वीकार की है। वह शराब लेकर ट्रेन का इंतजार कर रहा था। पुलिस अब शराब की खेप उसे किस व्यक्ति से मिली और बिहार में इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी, इसकी जानकारी जुटा रही है। तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। जीआरपी ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 63 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित के आपराधिक इतिहास और उसके अन्य संभावित संपर्कों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## बारिश से सड़कों पर हुए गड्ढों और जलभराव पर नगर आयुक्त सख्त, तत्काल सुधार के निर्देश

**कानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बारिश के बाद सड़कों पर हुए गड्ढों और जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी को तत्काल दूर कराया जाए। जहां सड़क निर्माण का काम चल रहा है, वहां कार्य में तेजी लाकर तय समय में पूरा किया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। गड्ढों को तत्काल भरकर सड़कें मोटरेबल कराई जाएं और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। यह निर्देश शनिवार को नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने शहर के विभिन्न मार्गों के निरीक्षण के दौरान दिए। नगर आयुक्त ने मोतीझील, बेनाझाबर रोड, बकरमंडी, चुन्नीगंज, लाल इमली, परेड चौराहा, बड़ा चौराहा, फूलबाग, जाजमऊ, केडीए चौराहा, जेके चौराहा, रामादेवी, यशोदा नगर, गोविंद नगर, फजलगंज, मरियमपुर और जेके मंदिर समेत कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। लाल इमली से परेड चौराहे के बीच जगह–जगह गंदगी मिलने पर तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए गए। बड़ा चौराहे पर पानी जमा मिलने पर भी तत्काल जलभराव हटाने को कहा गया। सीएम ग्रिड रोड के निरीक्षण के दौरान बारिश से हुए गड्ढों की स्थिति देखी गई। अधिकारियों ने बताया कि गड्ढों में जीएसबी डालकर फिलहाल सड़क को आवागमन योग्य किया गया है। नगर आयुक्त ने जहां यूटिलिटी का काम पूरा हो चुका है, वहां व्हाइट टॉपिंग से सीसी रोड का निर्माण तत्काल शुरू कराने के निर्देश दिए। सड़क के साथ फुटपाथ और डिवाइडर पर हरित पट्टी का काम भी कराने को कहा। दीप सिनेमा से सोटे बाबा मंदिर मार्ग पर सीएम ग्रिड के काम की धीमी प्रगति पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने 15 सितंबर तक यूटिलिटी का काम पूरा कराने और सितंबर में सड़क निर्माण समेत पूरा कार्य समाप्त करने की अंतिम चेतावनी दी। इस मार्ग पर 3600 मीटर सड़क का काम अभी शेष है। नई चुंगी चौराहे पर बने बड़े गड्ढे के निरीक्षण में करीब 70–80 वर्ष पुराने डाट नाले के बैठने की वजह सामने आई। नगर आयुक्त के निर्देश पर जल निगम ने मौके पर काम शुरू किया। रामादेवी से यशोदा नगर बाईपास के बीच पड़े सीएंडडी वेस्ट को भी तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए। देवकी चौराहे पर जलभराव की समस्या के निरीक्षण में मेट्रो के करीब 100 मीटर नाले की पूरी सफाई नहीं होने से पानी का बहाव प्रभावित मिला। नगर आयुक्त ने मेट्रो को नगर निगम और जलकल की निगरानी में नाले की सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही नीरक्षीर चौराहे पर भी संयुक्त निरीक्षण कर जलनिकासी व्यवस्था सुधारने को कहा। जेके चौराहे से नई चुंगी के बीच ग्रीनबेल्ट में कूड़ा डाले जाने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और ग्रीनबेल्ट में कूड़ा न डालने की सख्त हिदायत दी।

## सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश महासचिव बने मोहनजीत सिंह गंभीर

**कानपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता** । समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने शनिवार को मोहनजीत सिंह गंभीर को प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर सपा कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने बधाई देते हुए कहा कि गंभीर को मिली नई जिम्मेदारी से संगठन को मजबूती मिलेगी और प्रदेश स्तर पर अल्पसंख्यक सभा की गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाजी फजल महमूद ने कहा कि मोहनजीत सिंह गंभीर लंबे समय से समाजवादी पार्टी और संगठन के लिए सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का काम किया है। प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी मिलना उनकी मेहनत और संगठन के प्रति सक्रियता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि गंभीर को संगठन का प्रदेश महासचिव बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में भी उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि वह नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और मेहनत के साथ निभाएंगे। गंभीर के अनुभव और सक्रियता का लाभ अल्पसंख्यक सभा को प्रदेश स्तर पर संगठन को मजबूत करने में मिलेगा।

# हिट एंड रन के लंबित प्रकरण 07 दिन में निस्तारित करें : जिलाधिकारी

❒ डीएम बोलें, ओवरलोडिंग व अवैध कट के विरुद्ध होगी प्रभावी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद । जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था, ओवरलोडिंग, सड़क सुरक्षा तथा दुर्घटना के उपरांत घायलों को त्वरित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन सभी लंबित प्रकरणों का प्रत्येक दशा में 07 दिवस के भीतर निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराई जाए।

जिलाधिकारी ने हिट एंड रन योजना के अंतर्गत अज्ञात वाहनों से हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को अनुमन्य धनराशि उपलब्ध कराने से संबंधित लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जुलाई 2026 में टोल प्लाजा से प्राप्त सूची के अनुसार 386 ओवरलोड वाहनों में से 364 के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। वहीं अप्रैल 2026 से जुलाई 2026 तक 1587 ओवरलोड वाहनों के सापेक्ष 1512 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने ओवरलोडिंग के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने अवैध कट एवं रास्तों को बंद कराने के लिए एनएचएआई को टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर टीम को पुलिस बल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए, ताकि अवैध कट तत्काल बंद कर दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। शहर में सड़क किनारे स्थित जर्जर, निष्प्रयोज्य एवं अव्यवस्थित विद्युत पोलों के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी बैठक से पूर्व संबंधित क्षेत्र के एसएचओ, जेई एवं उपजिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के ऐसे पोलों की सूची उपलब्ध कराएं। साथ ही इनके समाधान के संबंध में आमजन से भी ऐसे पोलों की सूचना संबंधित विभाग को उपलब्ध कराने के लिए अपील की जाए। वैंकट हॉल, होटल एवं मैरिज हॉल में पार्किंग की व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि प्राधिकरण द्वारा 12 अवैध वैंकट हॉल/मैरिज हॉल के विरुद्ध सीलबंदी की कार्रवाई की गई है।

# सात दिन बाद पंजाब में मिले आश्रयालय से लापता दो नाबालिग

❒ सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस ने ट्रेस की लोकेशन, बुआ के घर से दोनों को सकुशल बरामद किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के अतरौली स्थित डॉन बॉस्को आश्रयालय से बिना बताए निकले 14 और 13 वर्षीय दो नाबालिगों को मोहनलालगंज पुलिस ने सात दिन के भीतर पंजाब से सकुशल बरामद कर लिया। दोनों किशोर 18 अगस्त की रात आश्रयालय से निकले थे और वापस नहीं लौटे थे। नाबालिगों के लापता होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मैनुअल जांच के जरिए दोनों की लोकेशन का पता लगाया और पंजाब पहुंचकर उन्हें सकुशल बरामद कर लिया।

जानकारी के मुताबिक अतरौली स्थित डॉन बॉस्को आश्रयालय के डायरेक्टर बिमल क्रेकेटा ने दोनों नाबालिगों के बिना बताए आश्रयालय से चले जाने और काफी समय तक वापस नहीं लौटने पर मोहनलालगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की।प्रभारी निरीक्षक राम बाबू सिंह ने नाबालिगों की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित कीं। टीमों मैं मुख्य रूप से हुलास खेड़ा चौकी इंचार्ज रामसागर गुप्ता व सत्येंद्र पुलिस कर्मी ने अस्त्रालय के पास आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ ही दोनों के आने-जाने वाले संभावित रास्तों की जानकारी जुटाई। इसके अलावा तकनीकी साक्ष्यों और मैनुअल जांच के जरिए पुलिस ने उनकी गतिविधियों का सुराग तलाशना शुरू किया।जांच के दौरान पुलिस को दोनों नाबालिगों के पंजाब के सासनगर क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। इसके बाद मोहनलालगंज पुलिस की टीम पंजाब के थाना सिटी खरार पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से दोनों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने सासनगर में बताए गए स्थान पर पहुंचकर छानबीन की तो दोनों नाबालिग अपनी बुआ के घर पर सकुशल मिल गए।पुलिस ने दोनों को अपनी अभिरक्षा में लेकर आवश्यक पूछताछ की और इसके बाद उन्हें सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में दोनों नाबालिगों ने बताया कि उन्हें डॉन बॉस्को आश्रयालय में अच्छा नहीं लगता था। इसी कारण उन्होंने 18 अगस्त की रात मौका देखकर आश्रयालय से बाहर निकलने का फैसला किया और वहां से निकलकर पंजाब में रहने वाली अपनी बुआ के घर पहुंच गए। हुलास खेड़ा चौकी इचार्ज

रामसागर गुप्ता व सत्येंद्र पुलिसकर्मी के मुताबिक दोनों नाबालिगों को सकुशल बरामद कर लिया गया है। मामले में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की तत्परता और तकनीकी जांच के चलते दोनों नाबालिगों को सात दिन के भीतर दूसरे राज्य से सकुशल बरामद किया जा सका।

# मामूली टक्कर के बाद दो दर्जन से अधिक युवकों ने काटा बवाल, कार चालक को खींचकर पीटा

❒ बाइकों से पहुंचे युवकों ने कार में की तोड़फोड़, करीब एक घंटे तक सड़क पर मचा रहा हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज । मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के इमलिया खेड़ा गांव के पास शुक्रवार देर रात कार और स्कूटी की मामूली टक्कर के बाद दो दर्जन से अधिक युवकों ने जमकर बवाल किया। आरोप है कि स्कूटी सवार युवक के फोन करने के कुछ ही देर बाद करीब 15 बाइकों से युवक मौके पर पहुंच गए। युवकों ने कार चालक को घेरकर कार से बाहर खींच लिया और सड़क पर ही उसकी पिटाई कर दी। किसी तरह भीड़ के चंगुल से निकलकर कार चालक वहां से भागा तो युवकों ने कार में जमकर तोड़फोड़ कर दी। करीब एक घंटे तक चले हंगामे से मोहनलालगंज-मौरावां मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शुक्रवार रात करीब दस बजे इमलिया खेड़ा गांव के पास वाहन संख्या ठध्32 ब्रक्ष 6517 और स्कूटी संख्या ठध्32 क्ब्र 2966 में मामूली टक्कर हो गई थी। कार विजय कुमार पुत्र रामप्रसाद निवासी बरौली खलीलाबाद, थाना पीजीआई चला रहा था। टक्कर के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। इसी दौरान स्कूटी सवार युवक ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया।कुछ ही देर में करीब 15 बाइकों पर सवार होकर दो दर्जन से अधिक युवक मौके पर पहुंच गए और कार चालक को घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने उसे कार से खींचकर बाहर निकाला और मारपीट शुरू कर दी। अचानक बड़ी संख्या में युवकों के पहुंचने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अपनी जान बचाकर कार चालक वहां से निकल गया। इसके बाद युवकों ने कार को निशाना बनाते हुए उसके शीशे और अन्य हिस्सों में तोड़फोड़ कर दी।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवकों को वहां से हटाया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटवाकर यातायात सामान्य कराया। सिसेंडी चौकी प्रभारी अनूप सिंह के मुताबिक, मौके से कल्ली पूरब गांव के पांच युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है।पुलिस के अनुसार, इस मामले में गोबिंद पुत्र रामसनेही निवासी देवती करणपुर, पप्पू यादव निवासी अर्जुनगंज, सचिन पुत्र पप्पू यादव निवासी सजनापुर, अरुण रावत पुत्र विजय निवासी कल्ली पूरब घाघ और आशीष रावत पुत्र रामलखन निवासी कल्ली पूरब घाघ के साथ आदित्य उर्फ लकी पुत्र रामराज निवासी बरौना को भी हिरासत में लिया गया है।पुलिस को दोनों पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए हैं। पुलिस मामले की जांच के साथ घटना में शामिल अन्य युवकों की भूमिका भी खंगाल रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से आरोपितों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।मामूली सड़क हादसे के बाद बड़ी संख्या में युवकों के एकत्र होकर मारपीट और तोड़फोड़ करने से करीब एक घंटे तक सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भी नाराजगी है।

# हमीरपुर में अनोखा दंगल, घूंघट वाली महिलाएं अखाड़े में भिड़ीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के एक छोटे से गांव में आज सैकड़ों साल पुरानी परम्परा में महिलाओं ने अखाड़े में दांवपेंच दिखाए। घूंघट वाली महिलाओं ने दंगल में एक दूसरे को मात दी। बारिश के मौसम में महिलाओं के अनोखे दंगल के आसपास पुरुषों की नो एन्ट्री रही। महिलाएं लाठी लेकर अखाड़े के चारों और मुस्तैद रहीं। देर शाम तक चले दंगल में गांव की सरपंच ने कुश्ती लड़ने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया।

बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले के मुस्करा क्षेत्र के लोदीपुर निवादा गांव में वर्षों पुरानी परम्परा में आज महिलाओं के दंगल की धूम मची। बारिश थमने के बाद शाम को गांव के बीच अखाड़े में घूंघट वाली महिलाओं ने एक दूसरे को उठा-उठाकर पटका। गांव की सरपंच गिरजा देवी ने महिलाओं के दंगल का शुभारंभ किया। दंगल में घूंघट वाली रामा देवी गुप्ता ने गिरजा को अखाड़े में पटकनी दे दी। वहीं रानी ने गत्तों, मनीषा पाल ने खुशबू पाल को धूल चटाई। दंगल में संपत सविता और ज्ञान देवी के बीच कुश्ती कराई गई। इसमें संपत सविता विजयी रहीं। वहीं केसर ने बबली साहू को अखाड़े में कई पटकनी दी। देर शाम तक चले दंगल में घूंघट वाली माया और गौरी ने अपनी सहेलियों को दांवपेंच से जमीन पर गिरा दिया। दंगल में शिव कुमारी, रामरती, ज्ञानवती पाल, प्यारी, हीरा, सुनीता, फूलमती और फूलारानी समेत तमाम महिलाओं ने अखाड़े में दांवपेंच दिखाए। दंगल के समापन पर गांव की सरपंच ने विजयी और उपविजयी महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

गांव की सरपंच गिरजा देवी ने बताया कि हर साल रक्षाबंधन के दूसरे दिन शाम को यहां गांव में सिर्फ महिलाओं का दंगल होता है। यह सदियों पुरानी परम्परा है। इसमें पूरे गांव की महिलाएं एकत्र होती हैं। घूंघट वाली महिलाओं के साथ ही बुजुर्ग महिलाएं भी अखाड़े में उतरती हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश का लोदीपुर निवादा ही ऐसा गांव है जहां महिलाओं का दंगल साल में एक बार होता है। सरपंच ने बताया कि यह दंगल आजादी के पहले से लगातार हर साल आयोजित होता आ रहा है। दंगल बुंदेली परम्परा में महिलाओं की शौर्य गाथा का एक अच्छा उदाहरण भी है। सरपंच ने बताया कि महिलाओं के दंगल में पुरुषों की नो एन्ट्री रहती है। यदि कोई भी पुरुष दंगल के आसपास आने की कोशिश करता है तो लाठी से लैस महिलाएं उन्हें खदेड़ देती हैं।

## युवक ने तालाब में कूदकर की आत्महत्या

अमेठी । उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद अंतर्गत पीपरपुर थाना क्षेत्र के घोरहा शिवगढ़ निवासी एक युवक ने गांव के बाहर बने तालाब में कूद कर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को तालाब से बाहर निकलवाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनील कुमार कश्यप (35) पुत्र बरसाती, निवासी- घोरहा शिवगढ़ थाना पीपरपुर जनपद अमेठी पारिवारिक कलह से तंग आकर गांव के बाहर बने तालाब में कूद गया। सुनील के कूदते ही आसपास के लोग लोगों ने शोर मचाया तत्काल इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई। ग्रामीणों ने उतरकर तालाब में सुनील को ढूंढा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ऑनलाइन ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य यॉंत्रिक इंजीनियर/रिपेयर,** वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यॉंत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिए आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :–

**क्रम सं. :** 1, **ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण : टेण्डर नं. - "16-जीकेपी-एमडब्ल्यूएस-2026-27"** "रिफर्बिशमेंट ऑफ एनईआई मेक यूआईसी 130 बेयरिंग यूज्ड इन एलएचबी कोचेज (एज फॉर स्कोप ऑफ वर्क) फॉर 01 ईयर थ्रू ओईएम", **अनुमानित लागत :** रु. 1,02,37,375.00, **धरोहर राशि :** रु. 2,04,800.00, **निविदा समापन की तिथि एवं अवधि :** 11.00 बजे 19.09.2026, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. शून्य, **संविदा की अवधि :** 12 मन्थस।

उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या http://www.ireps.gov.in पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./रिपेयर, यांत्रिक कारखाना,**
**मुजाधि/यांत्रिक-79 पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **18.09.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00882026 दिनांक 27.08.2026 | |
| 2 | निविदा संख्या | क्रम सं० 1. 34-SrDEN-I-LKO-2026-27 | |
| | | क्रम सं० 2. 35-SrDEN-I-LKO-2026-27 | |
| | | क्रम सं० 3. 36-SrDEN-I-LKO-2026-27 | |
| 3 | कार्य का नाम | क्रम सं० 1. वरिष्ठ मंडल इंजीनियर–प्रथम/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में 3 बटालियन/आरपीएसएफ/लखनऊ में इनडोर गेमिंग सुविधाओं जैसे बैडमिंटन हॉल जिम टेबल टेनिस जिम और संबंधित सुविधाओं का निर्माण । | |
| | | क्रम सं० 2. सहायक मंडल अभियंता – प्रथम/लखनऊ के अंतर्गत सी.से. इंजी/कार्य/लखनऊ के उतरेटिया–लखनऊ के खंड में कि०मी० 1068/35–37 पर स्थित लघु पुल संख्या 778 (पिपराघाट पुल के निकट) में ट्विन बॉक्स आरयुबी/एलएचएस की व्यवस्था। | |
| | | क्रम सं० 3. वरिष्ठ मंडल अभियंता –प्रथम/लखनऊ के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता–प्रथम/लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में Trimble gedo vorsys troleey system या इसी तरह के उपकरण का उपयोग करके प्री और पोस्ट टैंपिंग ट्रैक माप सर्वेक्षण और अद्यतन स्केल मानचित्र का विकास। | |
| 4 | अनुमानित लागत | क्रम सं० 1 के लिये | Rs. 18599005.78 |
| | | क्रम सं० 2 के लिये | Rs. 123194072.48 |
| | | क्रम सं० 3 के लिये | Rs. 4088944.80 |
| 5 | धरोहर राशि | क्रम सं० 1 के लिये | Rs. 372000.00 |
| | | क्रम सं० 2 के लिये | Rs. 2463900.00 |
| | | क्रम सं० 3 के लिये | Rs. 81800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं० 1 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| | | क्रम सं० 2 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह। |
| | | क्रम सं० 3 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ तिथि | क्रम सं० 1 के लिये | 04.09.2026 |
| | | क्रम सं० 2 के लिये | 04.09.2026 |
| | | क्रम सं० 3 के लिये | 04.09.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं० 1 के लिये | 18.09.2026 |
| | | क्रम सं० 2 के लिये | 18.09.2026 |
| | | क्रम सं० 3 के लिये | 18.09.2026 |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं। 2981/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# विकास लोगों के जीवन में महसूस होना चाहिए: राजनाथ सिंह

- चौक में फ्रेगरेंस पार्क का लोकार्पण, 43 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास
- लाला लाजपत राय और सरदार भगत सिंह की आदमकद प्रतिमाओं का अनावरण




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । राजधानी के चौक क्षेत्र में नवनिर्मित फ्रेगरेंस पार्क का शनिवार को रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्क परिसर में स्थापित पंजाब केसरी लाला लाजपत राय और शहीदे आजम भगत सिंह की आदमकद प्रतिमाओं का भी अनावरण किया गया। साथ ही लगभग 43 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सरदार भगत सिंह युवा भारत की ऊर्जा के प्रतीक थे जबकि लाला लाजपत राय अनुभवी भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। राष्ट्र निर्माण के लिए ऊर्जा और अनुभव, दोनों की आवश्यकता होती है। फ्रेगरेंस पार्क में स्थापित दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं सही अर्थों में दो पीढ़ियों के संवाद का संदेश देती हैं।

उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली में लोग एक-दूसरे को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहे हैं। बच्चे भी बड़ी मात्रा में स्क्रीन के सामने समय बिता रहे हैं। ऐसे समय में पार्क और खुले सार्वजनिक स्थल लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करते हैं। पार्क किसी भी शहर के सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि विकास ऐसा होना चाहिए जिसमें कंक्रीट और प्रकृति के बीच बेहतर समन्वय हो। राजनाथ सिंह ने कहा कि वह लखनऊ का समग्र और समावेशी विकास चाहते हैं। शहर में स्थान-स्थान पर हरियाली, बेहतर कनेक्टिविटी और नागरिक सुविधाओं का विस्तार होना चाहिए। उनका प्रयास है कि लखनऊ का विकास केवल आंकड़ों में नहीं बल्कि लोगों के जीवन में महसूस हो। शहर केवल सड़कों, मॉल और इमारतों से नहीं बनता, बल्कि पार्क, खुले मैदान, हरियाली और नागरिक सुविधाएं भी शहर के विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने इस दिशा में लखनऊ विकास प्राधिकरण के कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के सामूहिक गायन से हुई। तत्पश्चात क्षेत्रीय विधायक डा. नीरज बोरा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में भारत-पाकिस्तान विभाजन की विभीषिका का दंश झेलकर पाकिस्तान से भारत आए परिवारों ने देश के विभिन्न हिस्सों में नए सिरे से अपना जीवन शुरू किया। विस्थापित परिवारों को जहां-जहां बसाया गया वहां लाजपत नगर जैसे नामों के माध्यम से उनके संघर्ष और स्मृतियों को सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी इच्छा थी कि लाला लाजपत राय के नाम पर एक सुंदर पार्क विकसित हो और परिसर में पंजाब केसरी लाला लाजपत राय तथा शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमाएं स्थापित हों। इस संबंध में उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से अनुरोध किया था।

कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पार्क परिसर में चंदन का पौधा रोपा। इसके बाद बटन दबाकर दोनों महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। फ्रेगरेंस पार्क में विभिन्न प्रकार के सुगंधित एवं औषधीय पौधे लगाए गए हैं। इससे यह क्षेत्र के नागरिकों के लिए हरित, सुगंधित और स्वास्थ्यवर्धक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा। कार्यक्रम में भारत विभाजन की 80 वर्ष पूर्व हुई मानवीय त्रासदी पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। फिल्म के माध्यम से विभाजन के दौरान विस्थापन और पीड़ा झेलने वाले परिवारों के संघर्ष को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही लखनऊ में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों पर आधारित लखनऊ विकास प्राधिकरण की लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने विभाजन के समय पाकिस्तान से भारत आए परिवारों का अभिनन्दन किया। इनमें पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया तथा जसवंत कौर शामिल रहीं।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, सांसद बृजलाल, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, उमेश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के सभापति विवेक तोमर, मंडल अध्यक्ष दयाशंकर पांडे, क्षेत्रीय पार्षद अनुराग मिश्रा, वैज्ञानिक डॉ. शरद श्रीवास्तव सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि, लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।

# रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी, लिया रक्षा का वचन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । भाई-बहन के पवित्र प्रेम और अटूट रिश्ते का पर्व रक्षाबंधन 28 अगस्त को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व को लेकर बहनों के साथ-साथ भाइयों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

रक्षाबंधन के अवसर पर बहनें दूर-दराज से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंचीं। वहीं, जो बहनें किसी कारणवश भाई के पास नहीं पहुंच सकीं, उन्होंने वीडियो कॉल के माध्यम से राखी बांधने की रस्म निभाई और भाइयों की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। घर-घर में बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम और स्नेह की राखी बांधी। इसके बदले भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट करते हुए जीवनभर उनकी रक्षा और हर सुख-दुख में साथ निभाने का वचन दिया। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के प्रेम का पर्व ही नहीं, बल्कि आपसी स्नेह, विश्वास और समर्पण का प्रतीक भी है। यह ऐसा पवित्र बंधन है, जिसमें धर्म और मजहब की कोई दीवार नहीं होती और प्रेम व भाईचारा सबसे ऊपर होता है।

# मां-बाप का साया उठने के बाद बेसहारा हुए दो मासूमों के सहारा बने सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश पुष्कर

- आर्थिक मदद के साथ राशन, कपड़े व गृहस्थी का सामान दिया, बच्चों की पढ़ाई जारी रखने का दिलाया भरोसा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईगंज ब्लॉक के कस्बा अमेठी स्थित अब्बासी वार्ड में माता-पिता का साया उठने के बाद बेसहारा हुए दो मासूम भाइयों की मदद के लिए शनिवार को मोहनलालगंज सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उनके घर पहुंचे। दोनों नेताओं ने बच्चों को आर्थिक सहायता देने के साथ ही गृहस्थी का जरूरी सामान उपलब्ध कराया और उनकी शिक्षा जारी रखने का भरोसा दिलाया।

बताया जाता है कि 12 वर्षीय आकाश और सात वर्षीय विकास के पिता परीदीन की करीब एक वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी, जबकि उनकी मां का निधन दो माह पूर्व हो गया। माता-पिता की मृत्यु के बाद दोनों मासूम भाई बेसहारा हो गए। पूर्व चेयरमैन राजेश रावत से मामले की जानकारी मिलने पर सांसद आरके चौधरी और पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बच्चों के घर पहुंचकर उनका हाल जाना और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। सांसद आरके चौधरी ने दोनों बच्चों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। वहीं पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बच्चों को कपड़े, राशन और गृहस्थी का आवश्यक सामान उपलब्ध कराया। उन्होंने स्थानीय सभासद से बच्चों की पढ़ाई जारी रखने में सहयोग करने तथा समय-समय पर उनकी स्थिति की जानकारी लेते रहने को कहा। पूर्व विधायक ने कहा कि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनकी हरसंभव मदद की जाएगी। इस दौरान नेताओं ने बच्चों को ढांढस बंधाते हुए उनके भविष्य को लेकर भी भरोसा दिलाया।? इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, गंगादीन रावत, उदयभान यादव, वारसून खातून, विनोद कुमार रावत, अशर्फी लाल धीमान, हरिशंकर रावत, अनीद अहमद, शुभम रावत, धर्मेंद्र यादव, मोहन प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रक्षाबंधन पर घर में पसरा मातम, फंदे से लटकती मिली 65 वर्षीय वृद्धा की लाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- पति की मौत के बाद डिप्रेशन और शराब की लत से जूझ रही थी महिला, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा
- रक्षाबंधन पर घर में पसरा मातम, फंदे से लटकती मिली 65 वर्षीय वृद्धा की लाश

निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के भद्दीखेड़ा गांव में रक्षाबंधन के दिन उस समय मातम पसर गया, जब 65 वर्षीय वृद्धा ने फंदे से लटककर जान दे दी। घटना के समय महिला की बेटी घर पर मौजूद थी। पुलिस के मुताबिक, महिला अवसाद में रहती थी और शराब का सेवन करती थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भद्दीखेड़ा गांव निवासी तारावती (65) के बेटे जितेंद्र ने बताया कि उनके पिता राम लोटन की वर्ष 2016 में मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद से ही उनकी मां अवसाद में रहने लगी थीं। परिजनों के अनुसार, बाद में उन्हें शराब की लत भी लग गई थी। रक्षाबंधन के दिन दोनों बेटे धर्मेंद्र और जितेंद्र अपनी-अपनी पत्नियों के साथ ससुराल गए हुए थे। घर पर तारावती और उनकी बेटी मीना मौजूद थीं। शाम के समय मीना अपनी मां को देखने कमरे में पहुंची तो वह छत में लगे पंखे से साड़ी के सहारे लटकती मिलीं। यह दृश्य देखकर बेटी के होश उड़ गए। उसने तत्काल अपने भाइयों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। परिजनों के मुताबिक, रक्षाबंधन के दिन भी महिला ने शराब पी रखी थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जेआरएफ में प्रतिभा वर्मा ने रचा सफलता का इतिहास, क्षेत्र में खुशी की लहर



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के जौरास गांव निवासी कु. प्रतिभा वर्मा ने यूजीसी जेआरएफ असिस्टेंट प्रोफ़ेसर परीक्षा जून 2026 उत्तीर्ण कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली के प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा की भतीजी हैं। अनुसुइया व महेश वर्मा की सुपुत्री प्रतिभा ने लाला गणेश प्रसाद वर्मा महाविद्यालय गोसाईगंज से हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व परास्नातक की शिक्षा तथा बैजनाथ शिव कला महाविद्यालय मंगलपुर, बाराबंकी से स्नातक व बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। प्रतिभा की सफलता पर उनके चाचा अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि वह बचपन से ही मेधावी और मेहनती रही हैं। जेआरएफ में सफलता के बाद प्रतिभा अब यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटी हैं। उनकी उपलब्धि पर पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार, शिक्षकों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## करंट से झुलसे बिजलीकर्मी का हाल जानने पहुंचे पूर्व विधायक पुष्कर, हरसंभव मदद का दिया भरोसा



**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम क्षेत्र के ग्रामसभा गढ़ा निवासी बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी हरी लाल रावत बीते 27 अगस्त को समेसी पावर हाउस पर टूटी विद्युत लाइन ठीक करते समय करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए थे। शनिवार को पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने सिविल अस्पताल लखनऊ पहुंचकर हरी लाल रावत और उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा आर्थिक मदद भी की। परिजनों और बिजली विभाग के कर्मचारियों से बातचीत में पूर्व विधायक को बताया गया कि हालत गंभीर होने के चलते हरी लाल रावत को केके हॉस्पिटल रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। पुष्कर ने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग और मदद दिलाने का भरोसा दिलाते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# महिलाओं को बुलाया 11 हजार देने, थमा दिए 1100 रुपये : राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के रक्षाबंधन कार्यक्रम पर तीखा प्रहार किया है। राजभर ने अखिलेश पर ' राखी घोटाला ' करने का आरोप लगाया है। राजभर ने एक्स के जरिए कहा कि रक्षाबंधन पर्व पर 11-11 हजार रुपए का प्रलोभन देकर महिलाओं को बुलाया गया लेकिन उन्हें महज 11 सौ रूपए का लिफाफा दिया गया।

उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर शनिवार जारी बयान में कहा है कि कहावत है कि लोगों का स्टेटस भले बदल जाये लेकिन आदत नहीं बदल सकती। आप (सपा) लोग सत्ता में रहें या न रहें, अपने खटकरमों से बाज नहीं आते। राजभर ने लिखा कि ''इस बार कुछ नहीं मिला तो 'राखी घोटाला' करके बैठ गये? अरे कम से कम बहनों का मन और मान रख लिये होते। वैसे कंसवादियों से रक्षाबंधन जैसे पवित्र त्योहार पर मर्यादित आचरण की उम्मीद करना बेवकूफी ही है। राजभर ने आगे लिखा कि दो दिन पहले अपने (सपा) दफ्तर में आप खूब धूम-धड़ाके के साथ लिफाफा वितरण समारोह किये, जिसमें 11-11 हजार रुपये का प्रलोभन दे के पहले तो महिलाओं को बुलाया, लेकिन पहुंची केवल बुर्कानशीं खवातीनें। अब मालूम चल रहा है कि उन खवातीनों को भी 10-10 हजार रुपये का चूना लगा दिये आप लोग। सबको 11 सौ रुपल्ली का लिफाफा थमा के चलता कर दिया गया? बाकी के रुपये कहां गायब कर दिये श्रीमान जी? मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि आपके (सपा) दफ्तर में चर्चा बहुत तेज है कि आपके ही विभीषणों ने हर पैकेट से करीब 10-10 हजार रुपये का राखी घोटाला किया है। वो सब भी सोचे होंगे कि 'शाह-ए-बेखबर' को पता थोड़ी न चलेगा। ये तो भला हुआ कि कुछ खवातीनों ने लिफाफा चेक कर लिया और पाया कि इसमें तो केवल 11 सौ रुपल्ली रखा है।

# मोहनलालगंज में भाजपा मंडल मंत्री के बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ । दक्षिणी जोन के मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के फुलवरिया मोड़ पर बेखौफ चोरों ने भाजपा मंडल मंत्री के बंद घर को निशाना बनाया। चोरों ने मेन गेट और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी व बक्से में रखे लाखों के जेवरात और नगदी उड़ा दी। घटना के समय भाजपा मंडल मंत्री मां व परिवार सहित मौसी के घर रक्षाबंधन मनाने गई हुई थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलवरिया बाईपास के पास स्थित भाजपा मंडल मंत्री श्रीमती विमलेश शर्मा का मकान बीती रात बंद था। वे अपनी मां और पूरे परिवार के साथ मौसी के घर रक्षाबंधन का त्योहार मनाने गई हुई थीं। इसी का फायदा उठाकर देर रात बेखौफ चोरों ने घर के मेन गेट व कमरे का ताला तोड़ दिया। चोर घर के अंदर घुसे और अलमारी व बक्से में रखे बहू के लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, नगदी व अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी पड़ोसी द्वारा फोन करने पर मंडल मंत्री को मिली। पड़ोसी ने घर का ताला टूटा हुआ देखा तो तुरंत उन्हें फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही पीड़ित परिवार घर पहुंचा और घर में चोरी देख उनके होश उड़ गए।

पीड़ित ने घर पहुंचकर तत्काल मोहनलालगंज पुलिस समेत भाजपा नेताओं को चोरी की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने परिजनों से चोरी गए सामान की सूची ली है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

फिलहाल चोरी गए जेवरात और नगदी की कुल कीमत का आकलन किया जा रहा है। भाजपा मंडल मंत्री के घर हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। भाजपा नेत्री के घर में ही चोरी होने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है, जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## लाला लाजपत राय फ्रेगरेंस पार्क में दो सौ से अधिक लगाये गये सुगंधित एवं सजावटी पौधे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के हुसैनाबाद स्थित लाजपत नगर में 2.3 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित लाला लाजपत राय फ्रेगरेंस पार्क में 200 से अधिक प्रजातियों के सुगंधित एवं सजावटी पौधे लगाए गए हैं। चमेली, चंपा, बेला, मोगरा और गंधराज जैसे फूल पार्क की प्रमुख विशेषता हैं। परिसर में कैफ़े, ओपन थिएटर, बच्चों के लिए झूले और बैठने की व्यवस्था के साथ दिव्यांग एवं दृष्टिबाधित लोगों के लिए रैंप और ब्रेल सूचना पैनल भी उपलब्ध हैं। पार्क में लाला लाजपत राय और शहीद भगत सिंह की आदमकद प्रतिमाएं स्वतंत्रता संग्राम की विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ती हैं। पुराने लखनऊ के हेरिटेज जोन में विकसित यह पार्क हरियाली, सुगंध, मनोरंजन और इतिहास का सुंदर संगम है।

## माल क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों पर फंदे से लटकते मिले शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** माल क्षेत्र में अलग- अलग घटनाओं में दो युवकों के शव फांसी के फंदे से लटकते पाये गये। पुलिस ने शवों के पंचनामभर कर एक को पीएम के लिए भेजा, जबकि दूसरे शव को घर वालों के सुपुर्द कर दिया। पहली घटना थाना क्षेत्र के पिपरी गांव की है। जहां के निवासी रमेश कुमार(45) बीकेटी में कैटरिंग का कार्य करता था। रमेश का शव शुक्रवार प्रातः मड़वाना पंचायत के मजरे चकई गांव निवासी सुरेश की बाग में गमछे के सहारे लटकता देखा गया। बेटे शिवा लाल की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्ट मार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी हेमलता और दो बेटे शिवा और सौरभ हैं। परिवार ने रमेश की मौत पर हत्या की आशंका जताई है। जबकि प्रभारी निरीक्षक माल नवाब अहमद ने बताया कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग (फांसी लगाने से मृत्यु )की पुष्टि हुई है। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के कोलवा गांव की है। जहां के निवासी पचपन वर्षीय भगौती रैदास का शव संदिग्ध परिस्थितियों में शनिवार को लोअर के सहारे गोमती नदी के किनारे पेड़ से लटकता पाया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा की कार्यवाही पूरी की। खानापूर्ति करने के बाद पुलिस ने शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक नशे में धुत भगौती ने अपनी पत्नी से कहा सुनी की, उसके बाद पत्नी रामसेवकी की जमकर पिटाई की। जिससे पत्नी गम्भीररूप से घायल हो गई थी। जिसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है और उपचार चल रहा है। मृतक भगौती के परिवार में पत्नी रामसेवकी, एक शादी सुदा बेटी और दो अविवाहित बेटे हैं। बताया यह भी जारहा है कि शराबी भगौती की पिटाई से पत्नी रामसेवकी की नाक में फैक्चर हो गया जिससे उसकी हालत नाजुक हो गयी, जिससे भगौती सदमे में आगयाऔर जेल जाने के भय से मौत का रास्ता चुना। देर रात घर से गोमती नदी के किनारे पहुंचा और लोअर निकाल कर उससे पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी।

# समेसी में जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत, निजी नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप

- परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस को दी तहरीर, सीएमओ से भी शिकायत, संचालक बोला- हाई बीपी से बिगड़ी हालत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र के समेसी कस्बे में स्थित केयर नर्सिंग होम में शुक्रवार को ऑपरेशन के जरिए जुड़वा बच्चों को जन्म देने के बाद 24 वर्षीय प्रसूता की हालत अचानक बिगड़ गई। गंभीर स्थिति में उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान समेसी गांव के मजरा कंचनखेड़ा निवासी दीपा पत्नी अरविंद के रूप में हुई है। परिजनों ने केयर नर्सिंग होम में इलाज के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर शांत कराया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि ऑपरेशन के बाद प्रसूता की हालत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन समय रहते उचित उपचार नहीं दिया गया। परिजनों के मुताबिक, तहरीर दिए जाने के बावजूद खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। वहीं, मृतका के परिजनों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को फोन कर भी मामले की शिकायत की और नर्सिंग होम तथा इलाज करने वाले चिकित्सकों की जांच कराने की मांग की है।

### नर्सिंग होम संचालक ने लापरवाही से किया इनकार

उधर, केयर नर्सिंग होम संचालक ने इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही से इनकार किया है। संचालक के मुताबिक, ऑपरेशन के बाद दीपा ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। डिलीवरी के बाद उसका ब्लड प्रेशर अचानक काफी बढ़ गया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। स्थिति नाजुक होने पर उसे तत्काल दूसरे अस्पताल के लिए रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

### स्वास्थ्य विभाग की जांच से साफ होगी स्थिति

घटना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित निजी नर्सिंग होमों की कार्यप्रणाली और वहां गंभीर मरीजों के इलाज की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई निजी नर्सिंग होमों में पर्याप्त चिकित्सकीय संसाधनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता के बिना गंभीर मरीजों का इलाज किया जाता है। हालांकि, केयर नर्सिंग होम में ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक की डिग्री व पंजीकरण, नर्सिंग होम की मान्यता तथा वहां उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। ऐसे में इन सभी बिंदुओं की स्वास्थ्य विभाग से जांच कराया जाना जरूरी है, ताकि आरोपों की वास्तविकता सामने आ सके। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही प्रसूता की मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस का कहना है कि तहरीर और जांच के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर करीब दो लाख रुपये की वायरिंग काट ले गए चोर

चिनहट, लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र के पीतांबरा विहार कॉलोनी, नबस्ता कला स्थित एक निर्माणाधीन मकान में चोरों ने धावा बोलकर करीब दो लाख रुपये कीमत की विद्युत वायरिंग काटकर चोरी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, पीड़ित योगेंद्र कुमार वर्तमान में राजकीय आवास संख्या-02, टाइप-01, ब्लॉक-बी, आवासीय परिसर थाना गाजीपुर में रहते हैं। उनका मकान पीतांबरा विहार कॉलोनी, नबस्ता कला, थाना चिनहट क्षेत्र में स्थित है, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पीड़ित के अनुसार, 23 अगस्त 2026 को दोपहर करीब 12 बजे जब वह अपने मकान पर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा बंद था। दरवाजा खोलकर अंदर जाने पर देखा कि मकान में लगी कॉपर वायरिंग के तार कटे हुए थे। जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर मकान की करीब दो लाख रुपये कीमत की विद्युत वायरिंग काटकर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## शोकाकुल परिजनों से मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**बख्शी का तालाब,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीकेटी के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवदर्शन यादव के चिनहट स्थित आवास पर शनिवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे। उन्होंने पांच जुलाई को आकस्मिक निधन हुए शिवदर्शन यादव के पुत्र दीपांशु यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।रक्षा मंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि किसी अपने को खोने का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह परिवार के लिए बेहद कठिन समय है, लेकिन जीवन की गति निरंतर चलती रहती है। उन्होंने परिजनों से धैर्य बनाए रखने और समय के साथ आगे बढ़ने की बात कही।राजनाथ सिंह के पहुंचने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत दीपांशु यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# महंगाई पर भारी पड़ा भाई-बहन का प्यार



## ❒ रक्षाबंधन पर बाजारों में उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। रक्षाबंधन पर्व पर शुक्रवार को जिलेभर में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। महंगाई के बावजूद भाई-बहन के अटूट प्रेम के आगे सभी चिंताएं फीकी पड़ गईं। सुबह से ही बाजारों, मिठाई की दुकानों और बस अड्डों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के गांधी चौक समेत प्रमुख बाजारों में राखी, मिठाई और उपहारों की खरीदारी को लेकर दिनभर रौनक बनी रही। बहनों ने भाइयों के लिए आकर्षक राखियां खरीदीं, जबकि मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

त्योहार के चलते रोडवेज बस अड्डों पर यात्रियों की संख्या बढ़ गई। बड़ी संख्या में बहनें भाइयों के घर पहुंचने के लिए बसों से रवाना हुईं। यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग ने अतिरिक्त बसों का संचालन कराया।

भीड़ बढ़ने से गांधी चौक पर दिनभर रुक-रुक कर जाम की स्थिति बनी रही। वहीं सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाजारों, चौराहों और बस अड्डों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा अधिकारी लगातार निगरानी करते रहे।

## कोटेदार चयन को लेकर बढ़ा विवाद, प्रत्याशी ने लगाई सुरक्षा की गुहार



भेटुआ, अमेठी। भेटुआ विकासखंड की मनीरामपुर ग्राम पंचायत में कोटेदार चयन को लेकर विवाद सामने आया है। ग्राम रामदैपुर निवासी एवं कोटेदार पद के प्रत्याशी रमाशंकर दूबे ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर सुरक्षा की मांग की है। रमाशंकर दूबे का आरोप है कि कुछ लोग उन्हें चुनाव प्रक्रिया से हटाने के लिए दबाव बना रहे हैं तथा झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, विवाद के चलते कोटेदार चयन की दो बैठकें निरस्त हो चुकी हैं, जिससे चयन प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। पुलिस ने शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पहले युवक ने फंदे से लटककर दी जान, अगले दिन महिला ने भी उठाया आत्मघाती कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिसावां, सीतापुर। थाना पिसावां क्षेत्र के ग्राम ढखिया कला में शुक्रवार देर शाम और शनिवार सुबह हुई दो अलग-अलग आत्महत्याओं से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। पहले 20 वर्षीय युवक मंजेश ने अपने कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। इसके कुछ घंटे बाद 37 वर्षीय महिला रिंकी ने भी अपने पति इंद्र पाल के घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं की सूचना अलग-अलग परिजनों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ढखिया कला निवासी गोधन का 20 वर्षीय पुत्र मंजेश शुक्रवार देर शाम अपने कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खोला गया तो मंजेश का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना उसके पिता गोधन ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पिसावां पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल की जांच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस युवक की मौत की जांच कर ही रही थी कि शनिवार सुबह इसी गांव से दूसरी आत्महत्या की सूचना मिली। 37 वर्षीय रिंकी ने अपने पति इंद्र पाल के घर में फंदे से लटककर जान दे दी। महिला के पति इंद्र पाल ने पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मंजेश और रिंकी के बीच प्रेम संबंध होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि रिंकी पिछले करीब आठ माह से मंजेश के साथ रह रही थी। शुक्रवार को वह दोबारा अपने पति इंद्र पाल के पास चली गई थी। इसके बाद मंजेश द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई। अगले दिन रिंकी ने भी आत्महत्या कर ली। हालांकि दोनों आत्महत्याओं के पीछे वास्तविक कारण क्या था, इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक के पिता गोधन और महिला के पति इंद्र पाल ने अलग-अलग सूचना देकर आत्महत्या की जानकारी दी है। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थलों से साक्ष्य जुटाए हैं। मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर कॉलेजों में खेलों का संदेश, मेजर ध्यानचंद को किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजर्षि रणंजय सिंह ग्रुप के महाविद्यालयों में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस दौरान खेल, योग और नियमित व्यायाम को जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

पीपरपुर स्थित राजर्षि रणंजय सिंह आसल देव पीजी कॉलेज में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 200 मीटर दौड़ और गोला फेंक प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने किया। रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अमेठी में बैडमिंटन व फिटनेस गतिविधियां आयोजित हुईं। शिक्षकों ने खेलों को अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया तथा युवाओं से नियमित व्यायाम अपनाने की अपील की। रानी सुषमा देवी महिला महाविद्यालय में भाषण, निबंध और खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. पूनम सिंह ने छात्राओं को मेजर ध्यानचंद के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

## 31 अगस्त को आईटीआई गौरीगंज में लगेगा रोजगार एवं अप्रेंटिस मेला

अमेठी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) गौरीगंज में 31 अगस्त 2026 को रोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि मेले में आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि एनडीआर ऑटो कंपोनेंट लिमिटेड, वर्लपूल, न्यू हॉलैंड, यामाहा, स्पार्क मिंडा और पहाड़पुर 3पी सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण-पत्र, दो छायाप्रतियां, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार पासपोर्ट फोटो तथा बैंक खाते का विवरण लेकर 31 अगस्त को सुबह 11 बजे आईटीआई गौरीगंज परिसर में उपस्थित हों। प्रधानाचार्य ने अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों से मेले का लाभ उठाने की अपील की है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' से संवरा बीएचयू का दक्षिणी परिसर, 8 हजार पौधों से हरियाली का विस्तार

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के जनपद मीरजापुर में पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृहद पौधरोपण किया गया। विश्वविद्यालय और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से परिसर के विभिन्न हिस्सों में करीब 8,000 पौधे रोपे गए। अभियान का उद्देश्य परिसर को हरित बनाने के साथ जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार और अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनोद कुमार सिंह ने पौधरोपण कर किया। जिला प्रशासन और वन विभाग की ओर से पौधों सहित आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की गई। अभियान में विश्वविद्यालय के शिक्षक, गैर-शिक्षण कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवक और विद्यार्थी भी शामिल हुए।

# गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल में सनातन परंपरा के साथ मनाया गया रक्षाबंधन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ छात्र परिषद चुनाव में विद्यार्थियों ने दिखाई लोकतांत्रिक समझ, आयुष चौरसिया बने हेड बॉय तो वाग्या वाजपेयी हेड गर्ल

❒ समारोह के दौरान छात्राओं ने अपने भाइयों की कलाई पर स्वयं द्वारा तैयार की गई सुंदर राखियां बांधीं

सीतापुर। गुरुकुल विद्या पब्लिक स्कूल, सीतापुर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास, उत्साह एवं सनातन परंपराओं के अनुरूप मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह एवं विश्वास का संदेश दिया।

समारोह के दौरान छात्राओं ने अपने भाइयों की कलाई पर स्वयं द्वारा तैयार की गई सुंदर राखियां बांधीं। इसके बाद भाइयों ने बहनों के प्रति अपने स्नेह एवं सम्मान का भाव प्रकट किया। मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन के इस पावन पर्व को यादगार बनाया गया। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उल्लास का माहौल रहा।

### छात्र परिषद के चुनाव में विद्यार्थियों ने सीखा नेतृत्व का पाठ

रक्षाबंधन समारोह के साथ ही विद्यालय में छात्र परिषद के चुनाव भी आयोजित किए गए। चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था, मतदान, नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी का व्यावहारिक अनुभव कराया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया और अपने पसंदीदा प्रत्याशियों का चयन किया।

चुनाव के उपरांत नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों की घोषणा की गई नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारी हेड बॉयः आयुष चौरसिया, हेड गर्लः वाग्या वाजपेयी स्पोर्ट्स हेड बॉयः मयंक लेखवानी, स्पोर्ट्स हेड गर्लः अविका सिंह, विद्यालय परिवार ने सभी नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास जताया कि सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी अनुशासन, जिम्मेदारी, आत्मविश्वास एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विद्यालय के विकास और गौरव को आगे बढ़ाएंगे। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने एक ओर जहां रक्षाबंधन के माध्यम से प्रेम, भाईचारे और पारिवारिक मूल्यों का संदेश दिया, वहीं छात्र परिषद चुनाव ने विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी, निर्णय लेने की क्षमता और लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने का कार्य किया।

# जेल अधीक्षक व बन्दियों के बांधा रक्षा सूत्र, लिया नशामुक्ति का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। रक्षाबन्धन की पूर्व संध्या पर जिला कारागार में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सहयोग संस्था और प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने जेल अधीक्षक जेपी तिवारी के राखी बांधकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों को राखी बांधकर व मिठाई खिलाकर भाई-बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह एवं भाईचारे का संदेश दिया गया तथा उनसे नशामुक्ति का संकल्प लिया।

इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों एंव सदस्यों ने बंदियों की कलाई पर राखी बांधी तथा उन्हें रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं दीं। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों के भीतर सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों, आत्मीयता तथा सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना रहा। उन्होंने संस्था के इस मानवीय एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रयास की सराहना की। कहा कि रक्षाबंधन कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मानवीय संवेदनाएं और भाईचारे की भावना समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचनी चाहिए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान सहयोग संस्था के संस्थापक अनिल गुप्ता प्रधान, शहनवाज खान, शिवम वर्मा, कैप्टन प्रमोद गुप्ता, स्तुति गुप्ता, तराना जमाल व प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की श्रेत्रीय संचालिका, बहन चरिता कुमारी सहित जेल का स्टाफ मौजूद रहा।

# आचार्य बहनों ने कोतवाली पहुंच कर पुलिस कर्मियों को बांधी राखी



कैनविज टाइम्स संवाददाता


सीतापुर। तहसील क्षेत्र के महोली की कोतवाली मे भारत लोक शिक्षा परिषद के संचालित एकल विद्यालय की आचार्य बहनों ने कोतवाली मे मौजूदा पुलिस स्टाफ की कलाई मे पर्व पर राखी बांध कर प्रसन्नता व्यक्त की है।

और परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना कर सभी भाइयो की उन्नति ,के साथ ,सुरक्षा रक्षा की कामना की है। एकल विद्यालय की बहनो ने सभी को सूत्र ,तिलक वंदन कर मिष्ठान खिला कर खुशी व्यक्त किया। इस दौरान कोतवाली के इंस्पेक्टर अपराध धीरज कुमार शुक्ल सहित कार्यालय, बीट सिपाहियो ने बहनो के कोतवाली परिसर मे आने पर खुशी का इजहार कर सभी का स्वागत कर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम मे संच प्रमुख बाल गोबिंद ,संच प्रमुख बहन सोमवती यादव दिव्या मिश्रा ,सोनालिका सिंह , सोनाली सिंह ,आरती देवी , कोमल रस्तोगी ,रोशनी देवी , प्रिया सिंह ,आरती देवी, मोनिका वर्मा , अंचल अभियान प्रमुख शिवेंद्र पाल , अंचल प्राथमिक शिक्षा समिति अध्यक्ष राजेश तिवारी, अंचल सचिव शिव प्रकाश गुप्ता, संच महोली कथा व्यास सूरज कुमार , संच सचिव रूप चंद वर्मा कार्यक्रम मे उपस्थित रहे।

## सीतापुर में प्रेमी जोड़े का दुखद अंतः युवक के बाद प्रेमिका ने भी फांसी लगाकर ली जान

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पिसावां थाना क्षेत्र के ढकिया कला गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां प्रेम प्रसंग के चलते एक प्रेमी जोड़े ने 24 घंटे के भीतर अपनी जान दे दी। 28 अगस्त को प्रेमी द्वारा फांसी लगाने के अगले ही दिन, 29 अगस्त की शाम उसकी प्रेमिका ने भी उसी राह पर चलते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। लगातार दो मौतों से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ढकिया कला निवासी मंजेश (20 वर्ष), पुत्र गोधन मौर्या ने 28 अगस्त 2026 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। बताया जा रहा है कि उसकी प्रेमिका रिंकी मौर्या (37 वर्ष), पुत्री विजय कुमार (निवासी अयारी, हरदोई) उसे छोड़कर अपने पहले पति इन्दर पाल के घर वापस लौट आई थी, जिससे आहत होकर मंजेश ने यह खौफनाक कदम उठाया।प्रेमी की मौत के गम में रिंकी ने भी 29 अगस्त 2026 की शाम करीब 5 बजे अपने पति इन्दर पाल के घर में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी मिलते ही पिसावां पुलिस और फोरेंसिक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मृतका के पति इन्दर पाल की तहरीर के आधार पर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## पूर्व विधायक रामपाल यादव की स्मृति में हर्षोल्लास से मनाया गया तृतीय जयंती दिवस



**तंबौर, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिसवां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय रामपाल यादव की तृतीय जयंती दिवस क्षेत्र में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। क्षेत्रवासियों के अनुसार पूर्व विधायक रामपाल यादव सहज, सरल एवं खुशदिल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के लोगों की हरसंभव सहायता करने का प्रयास किया। यही वजह है कि आज भी क्षेत्र के लोगों के बीच उनकी स्मृतियां जीवंत हैं। बताया जाता है कि पूर्व विधायक रामपाल यादव का जन्म तंबौर क्षेत्र में बिसवां खुर्द से सटे महंगे पुरवा में हुआ था। जयंती के अवसर पर लोगों ने उनके सामाजिक सरोकारों और क्षेत्र के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने कहा कि रामपाल यादव भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जनसेवा और सहज व्यवहार के कारण वह लोगों के दिलों में हमेशा यादगार बने रहेंगे इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष झीन बाबू वर्तमान विधायक अनिल वर्मा,आनंद भदौरिया जितेंद्र यादव रामेंद्र यादव सहित पास पड़ोस से पहुंचे कई सैकड़ा लोग उपस्थित रहे।

# जिला पोषण समिति की बैठक में डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में पोषण व्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही अधूरे निर्माण कार्यों को रफ्तार देने के लिए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक हुई। डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से लेकर 11 सीडीपीओ कार्यालयों की परियोजनावार प्रगति की समीक्षा की और पूर्ण परियोजनाओं को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, पीडी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, डीपीओ (आईसीडीएस) भारत प्रसाद समेत सभी एमओआईसी व सीडीपीओ मौजूद रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने सीडीपीओ और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को आवश्यक प्रशिक्षण देने तथा शत-प्रतिशत फीडिंग के लिए तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने एमओआईसी को भी एएनएम द्वारा पोर्टल पर भरी जाने वाली सूचनाओं की समयबद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीडीपीओ और एमओआईसी पहले स्वयं सभी पोर्टल और इंडिकेटर की जानकारी अच्छी तरह समझें, ताकि बेहतर मॉनिटरिंग हो सके। कहा कि गर्भवती महिलाओं का बेहतर पोषण और छह वर्ष तक बच्चों की नियमित निगरानी उनके स्वस्थ भविष्य की मजबूत नींव है।

डीएम ने वित्तीय वर्षवार आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की स्थिति जानी। इसके बाद निर्माणाधीन 11 सीडीपीओ कार्यालयों की प्रगति की समीक्षा की गई। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल ने पांच परियोजनाएं पूर्ण कर ली हैं। डीएम ने निर्देश दिए कि परियोजनाओं में बची कमियों को तत्काल दूर कराते हुए सत्यापन कराया जाए और इसके बाद हैंडओवर की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। छह परियोजनाओं की प्रगति बताई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई समय से पूरी कराने के निर्देश दिए।

### वजन मशीन और कम वजन वाले शिशुओं के फॉलोअप की समीक्षा

संभव अभियान की समीक्षा के दौरान डीएम ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर वजन मशीनों की उपलब्धता और क्रियाशीलता की जानकारी ली। सभी केंद्रों पर वजन मशीन उपलब्ध रखने और नियमित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कम जन्म वजन वाले शिशुओं के आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे फॉलोअप की भी जानकारी ली। पोषण ट्रैकर पर चिन्हित सैम बच्चों के ई-कवच पर पंजीकरण एवं प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा करते हुए डीएम ने बच्चों के उपचार और फॉलोअप को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

### एनआरसी में भर्ती बच्चों का लिया ब्योरा, ई-कवच की मॉनिटरिंग बढ़ाने को कहा

डीएम ने एनआरसी में उपलब्ध बेड और भर्ती बच्चों की संख्या की जानकारी ली। कुपोषित बच्चों के उपचार एवं फॉलोअप की व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। सीएमओ और डीपीओ को ई-कवच पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग बढ़ाने तथा बच्चों की पहचान, पंजीकरण, उपचार और फॉलोअप का डाटा समय से अपडेट कराने को कहा। डीएम ने कहा कि पोषण योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचे। इसके लिए संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए योजनाओं की जमीनी स्थिति पर लगातार नजर रखें।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 07 अगस्त को एक महिला ने थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला बाड़ूजई प्रथम निवासी मोहम्मद अली उर्फ मुन्ने के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। महिला का आरोप था कि मोहम्मद अली ने झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए, विरोध करने पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी। देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार को थाना सदर बाजार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त मोहल्ला बाड़ूजई प्रथम स्थित पीली मस्जिद के पास सुभाष नगर से लाल इमली जाने वाले मार्ग पर खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वांछित अभियुक्त मोहम्मद अली उर्फ मुन्ने को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, थाना सदर बाजार पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक प्रियवृत्त दुहूण के साथ कांस्टेबल आकाश कुमार और रिजर्व कांस्टेबल विकास कुमार शामिल रहे।

## चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर ने थाना कोतवाली क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोककर यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने वाहन चालकों से आवश्यक अभिलेखों की जांच की। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट, नंबर प्लेट सहित अन्य यातायात नियमों के अनुपालन की भी जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी नगर ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा सड़क पर सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की। कहा कि यातायात नियमों का पालन स्वयं की और अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के उपाध्यक्ष बने दिनेश प्रताप सिंह

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश द्वारा पूर्वांचल मोर्चा के संगठन विस्तार के तहत अमेठी के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह के बड़े भाई दिनेश प्रताप सिंह को पूर्वांचल मोर्चा, दिल्ली प्रदेश का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा शुक्रवार को संगठन विस्तार के दौरान की गई।दिनेश प्रताप सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। पार्टी नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके संगठनात्मक अनुभव और कार्यशैली का लाभ पूर्वांचल मोर्चा को मिलेगा तथा पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

# छोटे फॉल्ट पर 12 घंटे गुल रही बिजली, अफसरों के फोन भी रहे बंद

## रेहरा फीडर की आपूर्ति ठप रहने से भीषण गर्मी में बेहाल रहे उपभोक्ता,बिजली विभाग की कार्य शैली पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिले में बिजली आपूर्ति व्यवस्था पटरी से उतरती नजर आ रही है।मनकापुर क्षेत्र के रेहरा फीडर की बिजली शुक्रवार रात करीब दस बजे से शनिवार सुबह साढ़े दस बजे तक बाधित रही। करीब साढ़े बारह घंटे बिजली गुल रहने से भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी प ड़ी।ग्रामीणों का आरोप है कि मामूली फॉल्ट ठीक करने में भी विभाग को आठ से दस घंटे लग जाते हैं।बिजली बंद होने पर एक्सईएन समेत जिम्मेदार अधिकारियों को फोन करने पर कई बार कॉल रि सीव नहीं होती। काफी प्रयास के बाद संपर्क होने पर भी समस्या के समाधान के बजाय अलग-अल ग कारण बताए जाते हैं।उपभोक्ताओं का कहना है कि कभी लाइन पर पेड़ गिरने तो कभी अन्य खरा बी की बात बताई जाती है,जबकि मौके पर तैनात लाइनमैन के उपलब्ध न होने से फॉल्ट घंटों जस का तस रहता है।बिजली कटौती से घरेलू काम काज,बच्चों की पढ़ाई और छोटे कारोबार प्रभा वित हो रहे हैं।मुख्य अभियंता का पक्ष नहीं मिल सका। उनका पक्ष जानने के लिए तीन बार फोन किया गया। लगातार घंटी जाने के बाद स्टेनो ने फोन उठाकर बताया कि साहब बैठक में हैं।

# 09 वर्ष बाद अपने बेटे को देख मां बाप की आँखे हुई नम

**गांव के रिश्तेदार के साथ खलासी का काम करने गया किशोर हुआ था गायब**

**कुड़वार थाना क्षेत्र के भंडरा परशुराम पुर गांव से जुड़ा मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुड़वार/सुल्तानपुर। 09 वर्ष पूर्व गांव के रिश्तेदार के साथ खलासी का काम करने गए किशोर के अचानक घर पहुंचने पर परिवार की आंखे नम हो गई। जो माता पिता बेटे की उम्मीद छोड़ चुके थे उनके बेटे के सामने आने पर खुशियों का ठिकाना नहीं रहा और दोनों की आंखें नम हो गई।

बता दे कि 20 अगस्त 2017 को स्थानीय थाना क्षेत्र के कालू का पुरवा भंडरा परशुराम गांव निवासी त्रिभुवन नाथ पाठक ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका 14 वर्षीय बेटा सौरभ को गांव के रिश्तेदार ट्रक चालक संजय चौबे निवासी चौबे का पुरवा शालीपुर बीकापुर अयोध्या ट्रक पर खलासी का कार्य करने के लिए ले गया था।जब सौरभ के पिता ने रिश्तेदार से बात कराने को कहा तो उसने बताया कि वह कही चला गया उनके पास नहीं है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर काफी खोजबीन की लेकिन किशोर का पता नहीं चल सका।थकहारकर पुलिस ने भी मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी। जिसके बाद माता पिता ने बेटे की उम्मीद छोड़ दी। दो वर्ष पूर्व लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में एक मंदबुद्धी युवक को सौरभ के पिता अपना बेटा समझ कर घर लेकर आ गए थे।लेकिन 02 दिन पूर्व जब उनका असली बेटा घर पहुंचा तो पिता त्रिभवन नाथ सहित अन्य परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। घर पहुंचे सौरभ ने बताया कि जब खलासी का काम करने गया था तो वह दिल्ली के पास ट्रक से दूध लेने उतरा था जब वापस लौटा तो ट्रक नहीं मिली। उसके बाद उसे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा शामली पहुंचा दिया। जहां उसे एक बड़े तबेले में बंधक बना लिया गया। दो माह पूर्व वह किसी तरह वहां से निकल पाया तो उसने पुलिस की शरण ली।लेकिन पुलिस से मदद न मिलने के बाद उसे एक मुस्लिम युवक अपने साथ गाजियाबाद लेकर चला गया और एक माह काम करने के बाद जब सौरभ ने घर आने की इच्छा जताई तो उसने 10 हजार रुपया देकर सुल्तानपुर की ट्रेन पर बैठा दिया। सौरभ के घर पहुंचते ही परिवार में खुशी का माहौल हो गया।

# स्वाइन फ्लू से जंग लडने के लिए मेडिकल कॉलेज ने की तैयारी, फ्लू के खतरे को देखते हुए 10 बेड सुरक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जांच, दवाई व डॉक्टरों की टीम को किया गया एलर्ट-प्राचार्य**




सुल्तानपुर। स्वाइन फ्लू से दो-दो हंाथ करने के लिए मेडिकल कॉलेज पूरी तरह एलर्ट मोड पर है। प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डां.प्रियांक वर्मा ने स्वाइन फ्लू से निपटने के लिए अभी तक पुरानी बिल्डिंग के आईसीयू वार्ड में 10 बेड सुरक्षित करने के साथ ही आवश्यक औषधि तथा डॉक्टरों की टीम को एलर्ट मोड पर रखने की बात कही है, साथ ही प्राचार्य डां.प्रियांक वर्मा ने बताया की अतिशीघ्र आठ बेड स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए और बढ़ाने की प्रक्रिया चल रही है, वही मुख्य चिकित्साधिक्षक डां.एसी गुप्ता ने बताया की यदि किसी को सर्दी, खांसी, बुखार या सांस फूलने की शिकायत हो तो फौरन नजदीकी सरकारी अस्पताल जाए, साथ ही ऐसे मरीजों को भीड़-भाड़ वाले स्थान पर जाने से बचना चाहिए, मरीज व आम लोगों को मास्क का उपयोग करना चाहिए तथा हंाथ मिलाने से बचना चाहिए सीएमएस डां.अविनाश चंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वाइन फ्लू में भी उतना ही एहतियात बरतना होगा जितना कोरोना के समय किया गया था। डां.अविनाश चंद्र गुप्ता ने बताया की घबराए नहीं अफवाहों पर ध्यान न दे,यदि किसी को खांसी, बुखार, सर्दी या सांस फूलने की शिकायत है तो सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाए डाक्टर की सलाह ले यदि स्वाइन फ्लू के लक्षण है तो जांच व ईलाज करवाएं।

# गौशाला से निकलते ही गौसेवा अध्यक्ष पर झपटा तेंदुआ, बाल-बाल बची जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पिपरिया मझरा स्थित गौशाला में तेंदुए की लगातार आवाजाही से गौवंश और गौसेवकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं 26 अगस्त की रात करीब 11 बजे गौशाला से सेवा कर घर लौट रहे गौसेवा अध्यक्ष पंडित गगन मिश्रा पर दीवार पर बैठे तेंदुए ने अचानक झपट्टा मार दिया गगन मिश्रा ने किसी तरह गार्ड रूम की ओर भागकर अपनी जान बचाई राष्ट्रीय बजरंग दल के गौ सेवा जिला प्रमुख ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया के अनुसार, हमला करने के बाद तेंदुआ काफी देर तक गौशाला में गौवंश और नंदी के बीच घूमता रहा बाद में वह दीवार पर बैठ गया। पूरी घटना गौशाला में लगे कैमरे में कैद होने का दावा किया गया है राष्ट्रीय बजरंग दल का कहना है कि गौशाला में तेंदुए के पहुंचने की यह चौथी घटना है पर्याप्त तार और वायरिंग की व्यवस्था नहीं होने से तेंदुए के गौशाला में घुसने का खतरा बना रहता है आरोप है कि पूर्व में तेंदुआ कई गौवंश को अपना निवाला भी बना चुका है गौशाला संचालक के मुताबिक, मामले की जानकारी जिलाधिकारी को कई बार दी जा चुकी है और निर्देश भी दिए गए हैं इसके बावजूद गौशाला तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं बन पाया है संचालक और कर्मचारियों को खेतों से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे वन्यजीवों के हमले का खतरा बना रहता है ठाकुर शिवम सिंह भदौरिया ने एसडीएम और बीडीओ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए गौशाला के लिए सुरक्षित रास्ता बनवाने, सुरक्षा तार लगवाने और तेंदुए से बचाव के प्रभावी इंतजाम करने की मांग की उन्होंने कहा कि किसी अनहोनी से पहले प्रशासन को गंभीरता से कदम उठाने चाहिए, ताकि गौसेवकों और गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके

## भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा किसान मोर्चा उत्तराखंड की प्रदेश कार्यसमिति की विशेष आमंत्रित सदस्य एवं लाखामंडल की भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने रक्षाबंधन का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया और सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। भाजपा नेत्री बचना शर्मा ने कहा कि समस्त देशवासियों, प्रदेशवासियों एवं लाखामंडल-चकराता क्षेत्र की देवतुल्य जनता को भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास के पावन पर्व रक्षाबंधन की हृदय की गहराइयों से हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाई।उन्होंने कहा कि यह पवित्र पर्व न केवल धागों का बंधन है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, हमारा भाईचारा, एकता और अखंडता का प्रतीक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि यह स्नेह का बंधन सदा बना रहे और आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे।भाजपा नेत्री ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी मातृशक्ति, बहन-बेटियां सुरक्षित और सशक्त हो रही हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार माताओं-बहनों के सम्मान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 28-29 अगस्त को उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में बहनों के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा देना नारी सशक्तीकरण के प्रति सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

## सीओ ने एसएसबी के साथ भारत-नेपाल सीमा पर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी पूरनपुर विधि भूषण मौर्य के द्वारा थाना हजारा पुलिस एवं एसएसबी फोर्स की संयुक्त टीम के साथ भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पिलर नं0 34 के आसपास के क्षेत्र में पैदल गश्त एवं निगरानी की गई तथा सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। सीमा पर आवागमन करने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं की चेकिंग की गई।क्षेत्राधिकारी पूरनपुर द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं एसएसबी कर्मियों को सीमा क्षेत्र में लगातार सतर्क एवं मुस्तैद रहकर गश्त करने, संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने, अवैध आवागमन/तस्करी पर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने* हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही थाना हजारा पुलिस एवं एसएसबी के मध्य बेहतर समन्वय बनाए रखते हुए सीमा क्षेत्र में नियमित संयुक्त गश्त एवं निगरानी किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर डायमंड हॉकी क्लब ने पूर्व क्रिकेटर आशीष मिश्रा और फुटबॉलर सूजय सरकार को किया सम्मानित

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर डायमंड हॉकी क्लब की ओर से पब्लिक इंटर कॉलेज मैदान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें क्षेत्र के खेल जगत में योगदान देने वाले पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी आशीष मिश्रा और फुटबॉल खिलाड़ी सूजय सरकार को सम्मानित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का अवसर है पूर्व खिलाड़ियों के अनुभव नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए मार्गदर्शक साबित हो सकते हैं क्लब अध्यक्ष महेश आजाद ने कहा कि पूर्व खिलाड़ियों का सम्मान केवल उनका अभिनंदन नहीं, बल्कि क्षेत्र की खेल विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम है उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से खेलों से जुड़ने और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया इस मौके पर राजीव सक्सेना, आलोक सक्सेना, सौरभ सक्सेना, सभासद दिनेश आजाद, घासीराम आजाद, मुन्ने मियां, पूर्व चेयरमैन, पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गौतम, करमजीत सिंह, मयंक सक्सेना, आनंद सक्सेना, राजा भारद्वाज, अनुज पांडेय, गौरव, सावन, रोहित, सलिल, बिनु, राजा, सौरव समेत क्लब पदाधिकारी और खेलप्रेमी मौजूद रहे है।

## अनियंत्रित कार ने मारी टक्कर,एक की मौत

कुड़वार/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर अनियंत्रित कार ने दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में दोनों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। शुक्रवार को बंधुआ कला थाना क्षेत्र में दादूपुर गांव में हाइवे कट के पास अनियंत्रित स्कॉर्पियो वाहन ने अरविंद(30) पुत्र राम सुमेर निवासी रामपुर चांदा व कक्कू(17) पुत्र त्रिभुवन निवासी इशुपुर चांदा ने टक्कर मार दी। जो सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही थी। गंभीर हालत में इलाज के लिए दोनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।जहां ईलाज के दौरान अरविंद की मौत हो गई। जबकि कक्कू का इलाज अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष बंधुआ कला प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा नगर कोतवाली पुलिस द्वारा किया गया है। मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है।

# वन आवर फॉर स्पोर्ट्स के संकल्प के साथ दिया स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली का संदेश

एजेंसी

मुरादाबाद। दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, मुरादाबाद में आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में ल्लवन आवर फॉर स्पोर्ट्सङ्क विषय पर राष्ट्रीय स्तरीय वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वर्चुअल संगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के ऑफिशियल फ़ेसबुक पेज पर लाइव प्रसारण किया गया। वहीं ल्लवन आवर फॉर स्पोर्ट्सङ्क के संकल्प के साथ स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में खेल, शारीरिक सक्रियता, फिटनेस तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और खेलों को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सीमा रानी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए मेजर ध्यानचंद के भारतीय खेल जगत में अविस्मरणीय योगदान का स्मरण किया तथा छात्राओं को नियमित रूप से खेल एवं शारीरिक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

आईक्यूएसी संयोजिका प्रो. रीना मित्तल ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए आमंत्रित संसाधन व्यक्तियों का विशेष स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन के लिए खेल और फिटनेस की आवश्यकता को रेखांकित किया। संगोष्ठी में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना चहल, के.जी.के. कॉलेज, मुरादाबाद के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफ़ेसर प्रो. अनिल चौहान तथा डीएसएसएसबी, दिल्ली में शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता डॉ. सूरज सिंह पंवार ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में सहभागिता की। वक्ताओं ने राष्ट्रीय खेल दिवस के संदर्भ में खेलों के महत्व, शारीरिक सक्रियता, फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित प्रेरक संदेश दिए। कार्यक्रम के दौरान ल्लफिट इंडिया/स्पोर्ट्स एंड फिटनेस प्लेजङ्क के माध्यम से प्रतिभागियों को नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने तथा प्रतिदिन खेल एवं फिटनेस के लिए समय देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मॉडरेशन तथा फिटनेस प्लेज में प्रो. अर्चना राठौर की विशेष भूमिका रही। वहीं प्रो. मणि बंसल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ल्लसंकल्पङ्क के माध्यम से सभी को स्वस्थ, सक्रिय एवं खेलोन्मुख जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की ओर से राष्ट्रीय खेल दिवस संबंधी संकल्प की घोषणा की गई और उपस्थित प्रतिभागियों ने ल्लवन आवर फॉर स्पोर्ट्सङ्क की भावना को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों, खेल प्रेमियों तथा विभिन्न स्थानों से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की आयोजन सचिव अनीता फर्स्वान ने संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन किया। उन्होंने कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों एवं वक्ताओं के सत्रों का समन्वय करते हुए राष्ट्रीय खेल दिवस के उद्देश्य को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभी संसाधन व्यक्तियों, अतिथि वक्ताओं, प्रवक्ता बहनों, छात्राओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

राष्ट्रीय खेल दिवस का यह आयोजन मेजर ध्यानचंद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ-साथ ल्लप्रतिदिन एक घंटा खेल और फिटनेस के लिएङ्क समर्पित करने के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# नर्सिंग छात्रा की मौत में प्रधानाचार्य-वार्डन पर एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जीएनएम छात्रा दीप्ति यादव की संदिग्ध मौत का मामला गरमाया**

**परिजनों ने हत्या की आशंका जताई**

अमेठी/सुलतानपुर। मुंशीगंज स्थित इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग की जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा दीप्ति यादव की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.रमेश और वार्डन नेहा शुक्ला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मृतका की मां सुनीता यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज होने के बाद मामला गरमा गया है। परिजनों ने मौत को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। परिवार का आरोप है कि घटनास्थल की परिस्थितियां संदिग्ध थीं और उन्हें पूरी जानकारी दिए बिना शव के संबंध में जल्दबाजी में कार्रवाई की गई। परिजनों ने कॉलेज परिसर के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। मृतका की मां सुनीता यादव ने दो टूक कहा है कि जब तक सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी नहीं होती,बेटी का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। परिवार के इस रुख से पुलिस-प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। तहरीर के मुताबिक घटना वाले दिन सुबह करीब 11 बजे दीप्ति की परिजनों से फोन पर बात हुई थी। इसके बाद कॉलेज से उसकी तबीयत खराब होने की सूचना दी गई। परिजन कॉलेज पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटनाक्रम को लेकर परिवार ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्रधानाचार्य और वार्डन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## असमय मौत की भरपाई संभव नहीं, संकट में सरकार पीड़ित परिवारों के साथ : अभिजीत सिंह सांगा

कानपुर। किसी परिवार के सदस्य की असमय मृत्यु की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन संकट की घड़ी में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता है कि आपदा से प्रभावित परिवारों को निर्धारित आर्थिक सहायता समय से मिले। यह बातें शनिवार को जनपद कानपुर के बिठूर से विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहीं। बिठूर में गंगा के छप्पर घाट और पत्थर घाट पर अलग-अलग घटनाओं में डूबने से जान गंवाने वाले तीन लोगों के परिजनों को शासन की ओर से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई। विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने तीनों मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा के अंतर्गत स्वीकृत कुल 12 लाख रुपये की अहैतुक सहायता राशि प्रदान की।

विगत दिनों छप्पर घाट और पत्थर घाट पर गंगा में डूबने की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हुई थी। घटनाओं के बाद प्रशासन ने मृतकों के आश्रितों को दैवीय आपदा के तहत अनुमन्य आर्थिक सहायता दिलाने की

# मासूम बच्ची के साथ बलात्कार कर हत्या करने का आरोपित पुलिस मुठभेड़ में ढेर, सिपाही घायल

एजेंसी

नोएडा। थाना ईकोटेक- 3 क्षेत्र में रहने वाली एक छह वर्षीय मासूम बच्ची को अगवा कर उसके साथ बलात्कार करने वाले आरोपित से हथियार बरामद करने के लिए पुलिस उसको कस्टडी में लेकर जा रही थी। उसने हथियार बरामद करते ही पुलिस पार्टी पर गोली चला दी। गोली एक कांस्टेबल को लगी है, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा शैलेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि 28 अगस्त की रात को एक व्यक्ति ने थाना एक ईकोटेक- तीन पुलिस को सूचना दी कि हल्द्वानी गांव से उसकी छह वर्षी बच्ची लापता है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू की। पुलिस की 05 टीमें बच्ची की तलाश में लगाई गई। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज वह अन्य स्त्रोतों के माध्यम से यह पता चला कि बलराज (32) नामक व्यक्ति बच्ची को अगवा करके ले गया है। उसने बच्ची के साथ बलात्कार करने के बाद उसके शव को बोरे में भरकर फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि उसने बच्ची के साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शनिवार को आरोपित को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके पास अवैध पिस्टल है। पिस्टल को बरामद करने के लिए पुलिस उसे लेकर गई। उन्होंने बताया कि आरोपी ने छुपाए हुए स्थान से पिस्तौल निकाला और पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से अचानक गोली चला दी। बदमाश द्वारा चलाई गई गोली एक कांस्टेबल को लगी है। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। पुलिस द्वारा चलाई गई गोली बलराज को लगी। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि यह अपराधी मासूम बच्चों के साथ बलात्कार कर उनकी हत्या करने की लिए कुख्यात था। इसने गाजियाबाद के लोनी में एक मासूम बच्ची के साथ बलात्कार का हत्या की थी, जिस मामले में इसे सजा भी हुई थी। थाना सूरजपुर क्षेत्र में भी इसने एक मासूम बच्चे के साथ कुकर्म कर उसकी हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इसके ऊपर मासूम बच्चों के साथ कुकर्म करने और हत्या करने के कई मामले पूर्व में दर्ज है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी हैवान था। मासूम बच्चे-बच्चियों के अलावा यह पशुओं के साथ भी अप्राकृतिक यौनाचार करता था।

## भाजपा सरकार में यूपी की कानून व्यवस्था बेहतर: अनिल राजभर

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार राजभर ने उसका बाजार थाना के परिसर में 6 करोड़ 78 लाख 56 हजार की लागत से प्रशासनिक भवन का शिलान्यास शनिवार को किया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में कानून व्यवस्था बहुत खराब थी,लेकिन अब कानून व्यवस्था भाजपा सरकार में बहुत अच्छी है। पहले पुलिस लाइन की हालात एकदम जर्जर हो गई थी।सभी जनपद में भाजपा सरकार इसे सुधारने का काम कर रही है।

गैर भाजपा सरकारों पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि पहले गुंडागर्दी और भू माफिया ही यहां वर्चस्व रहता था। बहन बेटी रात में घर से बाहर निकलने में डरती थी। लेकिन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। महिलाएं अब रात में निडर होकर घर से निकल रही हैं। अब किसी से डरने की जरूरत नहीं है। सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों का विकास कर रही है। विपक्षी दलों के पास अब कुछ भी शेष नहीं बचा है।

# सांसद करण भूषण सिंह की कलाई पर सजी राखी, ब्रह्मकुमारी बहनों ने दिया आशीर्वाद

## ब्लेसिंग कार्ड और वरदान कार्ड भेंट कर दी रक्षा बंधन की बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । रक्षाबंधन पर्व पर शुक्रवार को जिले में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का अनूठा रंग देखने को मि ला है ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनों ने भाजपा के दोनों सांसदों से मुलाकात कर उनकी कलाई पर राखी बांधी और उन्हें आशीर्वाद दिया।इस दौरान आध्यात्मिकता, सामाजिक सरोकार और विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।नवाबगंज स्थि त ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनें सुबह करीब दस बजे विश्नोहरपुर स्थित कैसरगंज सांसद करण भूष ण सिंह के आवास पहुंचीं।बहनों ने सांसद से मुला कात कर उनकी कलाई पर राखी बांधी।इसके बा द मिठाई खिलाकर उन्हें वरदान कार्ड और ब्लेसिंग कार्ड भेंट किए




तथा रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं बहनों ने सांसद की बेटी कामाक्षी सिंह को भी रा खी बांधकर आशीर्वाद दिया।वहीं, दोपहर करीब दो बजे मनकापुर ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनें मन कापुर कोट पहुंचीं।यहां उन्होंने गोंडा लोकसभा क्षे त्र के भाजपा सांसद एवं विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह उर्फ राजा भैया की कलाई पर राखी बांधी।उन्हें मिठाई खिलाने के साथ वरदान कार्ड और ब्लेसिंग कार्ड भेंट किए गए। बहनों ने उन्हें 'ओम शांति' का पटका पहनाकर आशीर्वाद दिया और उपहार भी भेंट किए।कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह और ब्रह्मकुमारी बहनों के बीच करीब एक घंटे तक विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। दोनों सांसदों ने राखी के इस रिश्ते को पवित्र बताते हुए ब्रह्मकुमारी बहनों के सामाजिक कार्यों की सराह ना की।उन्होंने कहा कि बहनों से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना सुखद अनुभव है।इस दौरा न सनातन मूल्यों,सामाजिक सेवा और समाजहित से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# कमिश्नर मैंम सदर तहसील में प्राइवेट कर्मियों का बोल बाला,फरियादी परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । योगी सरकार में 'जीरो टॉलरेंस' के दावों की गोंडा सदर तहसील में धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. सदर तहसील के विभिन्न कार्यालयों व न्यायालयों में प्राइवेट कर्मियों के दबदबा व मनमानी से आम लोग परेशान हैं। अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान बने हुए हैं।सदर तहसील के तहसीलदार व उपजिलाधिकारी के कार्यालयों व न्यायालयों में सरकारी कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में प्रा इवेट व्यक्तियों को काम करने के लिए रखा गया है उन्हें स्थानीय भाषा में नाजायज या खानगी कर्म चारी कहा जाता है,जो बिना सरकारी मानदेय या मजदूरी के काम करते हैं। बदले में उन्हें पब्लिक से मनमानी वसूली की छूट संबंधित अधिकारी के अ लावा




पेशकार व अलहमदों ने दे रखा है।आलम यह है कि आम आदमी की बात तो दूर ये नाजा यज कर्मचारी पत्रकारों,राजनैतिक दलों के कार्य कर्ताओं व समाजसेवियों से भी बिना सुविधा शु ल्क लिए सीधे मुंह बात करने को तैयार नहीं हैं।यही नहीं

### गोंडा सदर तहसील में एआरके बाबू का पैसे लेते वीडियो वायरल होने पर भी कार्रवाई शून्य

अभी कुछ दिन पहले एआरके बाबू का पैसे लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वाय रल हो रहा था उस पर जिम्मेदारों ने अभी तक को ई कार्रवाई नहीं की है,वही बाबू ने स्वयं अपने पक्ष में बचाव के लिए पैसे देने वाले का एक वीडियो ब नवा लिया है वह वीडियो सोशल मीडिया पर वाय रल करवा दिया है वही या कोई पहले नया प्रकरण नहीं है पहले भी कई कर्मचारियों का पैसे लेते हुए वीडियो वायरल हो चुका है।वही पीड़ित लोग बता ते हैं कि सदर तहसील के किसी भी कार्यालय में बिना पैसा लिए कोई भी कार्य नहीं हो रहा है, न तो किसी कार्यालय में कोई अनुशासन है,न कोई सम य सारणी है और न ही कोई नियम-कानून। अगर आप इन प्राइवेट कर्मचारियों को मुंह मंगा पैसा दे देंगे तो कोई भी सरकारी रिकार्ड या कागजात आ प को घर ले जाने या फोटो स्टेट कराने के लिए दे देंगे। सबसे खराब स्थिति सदर तहसीलदार न्याया लय की है जहां पैसा नहीं देने पर प्राइवेट कर्मी आ म लोगों से उलझ जा रहे हैं।कई जागरूक लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान अपेक्षित करते हुए तत्का ल प्राइवेट कर्मियों की मनमानी व अवैध वसूली प र रोक लगाने की मांग की है।लेकिन उस पर लगा म लगाने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है।वही ज़ब वायरल वीडियो की जानकारी उप जिलाधिकारी से ली गई तो उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है जांच में दोषी पाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी हुई गायब,मुस्लिम युवक पर भगा ले जाने का आरोप, नामजद मुकदमा दर्ज

**नामजद मुकदमा, दो माह की तलाश और फिर भी किशोरी का पता नहीं;पुलिस के छूट रहे पसीने**

**परिजनों का आरोप पुलिस की कार्रवाई पर भारी पड़ रहा मनकापुर का राजनीतिक रसूख**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में लगभग दो माह पूर्व सम्प्रदाय विशेष के युवक द्वारा आधी रात को गायब हुई नाबालिग बालिका का अबतक पता नहीं चल सका है।वहीं पुलिस अभी भी दर-दर की खाक छान रही है। वहीं लोगों को तो यह भी आशंका है कि,अब तक तो आरोपी नाबालिग का धर्मांतरण भी करा चुका होगा।मनकापुर कोत वाली में लगभग दो माह पूर्व दर्ज एफआईआर में कोतवाली क्षेत्र के




एक गांव की रहने वाली कक्षा नौ की पन्द्रह वर्षीय बालिका 27/28-06-2026 की रात लगभग 12 बजे घर से गायब हो गई।जब वह काफी खोजबीन के बाद पता चला कि राजू खाँ पुत्र तशरीफ नाबालिक लड़की को भगा ले गया।इस संबंध में पीड़ित परिजनो आरोपी के घर पहुंचे जहाँ और आरोपी के परिजनो से कहा कि, लड़की को तुरंत बुला दो नहीं तो थाने में रिपोर्ट करुगाँ जिस पर आरोपी की मां और तशरीफ की पत्नी ने कहा की चौबीस घन्टे का मौका दो तुम्हा री लड़की मिल जायेगी,लेकिन चौबीस घन्टे बीत जाने के बाद भी लड़की नहीं मिली तो पीड़ित परि जनो ने आशंका जताई कि,किशोरी नाबालिग है और उसे सोचने समझने की शक्ति नहीं है।आरोपी उसकी लड़की के साथ कोई भी जघन्य घटना घटि त बहरहाल पीड़ित ने आरोपी राजू उसके पिता त शरीफ और उसकी मां के विरुद्ध केस दर्ज करा दि या।लेकिन माह माह बीतने के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल सका।

### रसूखदार आरोपी पर कार्रवाई से बच रही पुलिस..

चर्चा है कि है कि,नाबालिग को भगाने का आरोपी केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री व गोंडा सांसद का ड्राइ वर ननकन का मौसारा भाई है चर्चा यह भी है कि केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि निसार खां है उन पर आरोप लगा रहे है कि मनकापुर पुलिस केंद्रीय विदेश राज मंत्री के प्रतिनिधि निसार खां के कथित दबाव के चलते इस मामले में गंभीरता नहीं दिखा पा रही है।वहीं चर्चा यह भी है कि दबाव के चलते पीड़ित परिवार काफ़ी डरा सहमा हुआ है। और लोगों के बीच...चर्चा यह भी है कि आरोपी किशोरी का धर्मांतरण भी करा चुका है।हालांकि इसमें कितना सच है यह तो किशोरी के सामने आने के बाद ही पता चल सकेगा। बहर हाल यह चर्चा है इसकी पुष्टि कैनविज टाइम्स नहीं करता है

### पुणे में तलाश कर रही पुलिस टीम : एएसपी

अपर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार रजक ने बताया कि पुलिस पर किसी तरह का दबाव नहीं है। पुलिस को किशोरी के संबंध में जानकारी मिली है और उसकी बरामदगी के लिए टीम लगाई गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम पुणे में भी किशोरी की तलाश कर रही है।बरामदगी के बाद ही मामले की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# लग्जरी बसें या मालगाड़ी यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़, प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । दिल्ली से गोंडा तक चलने वाली यात्रियों की जान जोखिम में डालकर लग्जरी बसों का '' माल'' गाड़ी के रूप में धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है,ऐ सब देखकर पुलिस और परिवहन विभाग भी अनजान बना हुआ है।जानकारी के अनुसार, बस की छत पर क्षमता से अधिक भारी मात्रा में व्याव सायिक माल ठूंसा जाता है ,जो सीधे तौर पर यात्रि यों की सुरक्षा के साथ एक गंभीर खिलवाड़ होता है।जिससे कि यात्रियों की जान जोखिम में रहती है,जानकारी के मुताबिक,बस संचालक जगह-जग ह पर सांवरिया बैठे हैं,लेकिन उन्हें रोकने रोकने वा ला कोई नहीं है। इससे स्थानीय परिवहन व्यवस्था और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

क्या प्रशासन केवल खानापूर्ति कर रहा है ?




शहर में वैशाली बस ,पाठक बस, न्यू इंडिया, वंदे भारत, गोला बस सर्विस, राप्ती बस, वैभव लक्ष्मी, शर्मा बस सर्विस,मालिक बस सर्विस जैसे दर्जनों से अधिक जैसी कई अन्य ट्रैवल एजेंसियां भी धड़ ल्ले से अपनी बसों में इसी तरह ओवरलोडिंग कर माल ढो रही हैं, लेकिन इन पर प्रशासन की विशेष 'मेहरबानी' बनी हुई है।इस हो रहे कार्यों पर किस का संरक्षण है यह सोचने पर मजबूर कर कर है।

वही क्या ये वाकई यात्रियों के लिए चलाई जाने वाली लग्जरी बसें हैं या फिर.. अवैध माल ढुलाई करने वाली माल गाड़ियाँ...?.अब देखना यह होगा कि इस मामले के तूल पकड़ने और सोशल मीडि या पर वायरल होने के बाद क्या प्रशासन कुंभक र्णी नींद से जागकर इन बस ऑपरेटरों के खिलाफ कोई कार्रवाई करने की हिम्मत जुटा पाएगा।वही सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि बसे लुधियाना, दिल्ली से की ओर आने वाली लग्जरीबसों में यात्री से ज्यादा समान लदे होते हैं उन बसों की सेटिंग गे टिंग पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारि यों से होती है या फिर 'फिक्स मंथली' के खेल में या त्रियों की सुरक्षा इसी तरह दांव पर लगी रहेगी।

# वाद-मुक्त देवीपाटन: संवाद से समाधान की राह



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । गांवों के छोटे-बड़े विवादों को मुकदमेबाजी से बचाकर संवाद और मध्यस्थता से सुलझाने की पहल अब असर दिखाने लगी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में चलरहे वाद-मुक्त देवीपाटन संवाद से समाधान अभियान '' के तहत मंडल के पांच सौ चयनित गांवों में तीन सौ तीस गांव वाद-मुक्त घोषित किए जा चुके हैं, वहीं सामुदायिक म ध्यस्थता और आपसी सहमति से 769 विवादों का समाधान कराया गया है।गोंडा,बहराइच, बल रामपुर और

**330 गांव वाद-मुक्त, 769 विवादों का आपसी सहमति से निस्तारण**

श्रावस्ती की 16 तहसीलों में चल रहे अभियान का लक्ष्य सिविल,राजस्व और सामुदा यिक विवादों का समाधान गांव में ही कराना है। चकमार्ग, रास्ते, नाली, बंटवारा,वरासत और सीमा विवादों को लेकर ग्रामीणों को मध्यस्थता के जरिए समाधान दिलाया जा रहा है।बहराइच 109 गांवों के साथ सबसे आगे है। बलरामपुर में 86, गोंडा में 82 और श्रावस्ती में 53 गांव वाद-मुक्त घोषित हो चुके हैं।प्रशासन का लक्ष्य शेष गांवों को भी वाद-मुक्त कर पूरे देवीपाटन मंडल को मुकदमेबाजी से राहत दिलाना है।

# एसपी ने थाने का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पुलिस अधीक्षक अभिषेक ने शनिवार को थाना नवाबगंज का औचक निरीक्षण कर पुलिसिं ग की जमीनी हकीकत परखी।थाना परिसर,कार्या लय,हवालात, मालखाना, बैरक, भोजनालय और शस्त्रागार समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। क्राइम रजिस्टर, भूमि विवाद, बीट सूचना समेत अभिलेखों की समीक्षा कर उन्हें अद्यतन र खने के निर्देश दिए।एसपी ने लंबित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों और अभियोगों के गुणवत्तापूर्ण व स मयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया फरियादि यों से शालीन व संवेदनशील व्यवहार तथा महिला और बाल अपराधों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।वांछित और वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, निरोधात्मक कार्रवाई तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने को कहा।आगामी त्योहारों को देखते





हुए गश्त और सतर्कता बढ़ाने के साथ बीट आरक्षियों को नियमित भ्रमण, जनसंवाद और सूचनाओं के संकलन का निर्देश दिया।एसपी ने था ना कार्यालय और बीट कार्यों में डिजिटल माध्यम के अधिकतम उपयोग तथा यक्ष ऐप को प्रभावी ब नाने पर भी जोर दिया।सीसीटीवी की कार्यशीलता साफ-सफाई और अभिलेखों के रखरखाव की स मीक्षा की। पुलिसकर्मियों की मूलभूत सुविधाओं और कल्याण संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करने को कहा।.एसपी ने स्पष्ट संदेश दिया कि पुलिसिंग में अनुशासन और जवाबदेही के साथ काम हो आमजन में सुरक्षा का भरोसा और अपराधियों में कानून का भय दिखना चाहि ।

# हदबंदी के दौरान करंट लगने से 37 वर्षीय युवक की मौत, जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के शिवपुर रोड स्थित वनरेंज कार्यालय के निकट 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के संपर्क में आने से 37 वर्षीय युवक इरशाद अहमद की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इरशाद अहमद और सलीम अहमद, दोनों निवासी बहराइच, जमीन की हदबंदी के कार्य से संबंधित कार्य के लिए मौके पर गए थे। इसी दौरान इरशाद अहमद विद्युत लाइन के संपर्क में आ गए, जिससे उन्हें करंट लग गया और वह मौके पर गिर पड़े। घटना के बाद उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक गुरु सेन सिंह ने बताया कि आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज



दिया गया है। उधर, मृतक के पिता इसरार अहमद पुत्र मोहम्मद इस्माईल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया है। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच, घटनास्थल का निरीक्षण तथा विद्युत लाइन की तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

# रक्षाबंधन पर अक्षिता ने अदनान को बांधी राखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नानपारा नगर में भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की एक खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। अक्षिता श्रीवास्तव ने अदनान अंसारी की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर न केवल भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को मजबूत किया, बल्कि समाज को आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर अक्षिता ने अदनान को मिठाई खिलाते हुए उसकी लंबी उम्र एवं सुखद जीवन की कामना की। वहीं अदनान अंसारी ने भी अपनी बहन की जीवनभर रक्षा करने का संकल्प लिया। दोनों के इस स्नेहपूर्ण रिश्ते ने रक्षाबंधन पर्व के वास्तविक संदेश को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान अक्षिता की माता अनामिका श्रीवास्तव, पिता अखिलेश कुमार, मामा धयान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट तथा अदनान के पिता शकील अंसारी, माता नसीमुन, हलीम, अय्यूब अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट



प्रेम, विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र एवं सुख-समृद्धि की कामना करती हैं, जबकि भाई बहनों की जीवनभर रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। यह पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर रिश्तों में प्रेम और मिठास बढ़ाने का भी संदेश देता है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर नानपारा के मुख्य बाजार में भी दिनभर चहल-पहल बनी रही। राखी, मिठाई, वस्त्र एवं उपहारों की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दिखाई दी। बाजार में बढ़ती भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल नानपारा गुरु सेन सिंह, चौकी प्रभारी राजा बाजार विकास वर्मा एवं चौकी प्रभारी कस्बा कामेश्वर राय पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमणशील रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाते

# रक्षासूत्र के साथ बच्चों ने जवानों को दिया सम्मान जयपुरिया स्कूल का आयोजन बना यादगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल नानपारा में रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास, आत्मीयता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का अनुपम संदेश प्रस्तुत किया। रक्षाबंधन के अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएँ एसएसबी की 42वीं एवं 59वीं बटालियन पहुँचे, जहाँ उन्होंने देश की सुरक्षा में समर्पित जवानों की कलाइयों पर राखी बाँधकर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट सहित अधिकारीगण एवं जवान उपस्थित रहे। बच्चों के स्नेहपूर्ण भाव से पूरा वातावरण भावविभोर हो उठा। जवानों ने भी बच्चों को स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इसी क्रम में विद्यार्थियों ने बीईओ कार्यालय, सीओ नानपारा एवं बीएसए कार्यालय पहुँचकर अधिकारियों को राखी बाँधी और रक्षाबंधन के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दीं। बच्चों की इस



पहल ने प्रशासन एवं समाज के मध्य आत्मीयता और सद्भाव की भावना को और प्रगाढ़ किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि सुरक्षा, विश्वास, कर्तव्य, सम्मान और सामाजिक समरसता के संकल्प का उत्सव है। देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले जवानों की कलाई पर राखी बाँधना विद्यार्थियों के लिए गौरव और प्रेरणा का क्षण है। विद्यालय के इस संस्कारमय आयोजन ने विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। बच्चों की मासूम मुस्कान, जवानों के प्रति सम्मान और रक्षासूत्र की आत्मीयता ने इस रक्षाबंधन पर्व को अविस्मरणीय बना दिया।

# तिरहुत बाजार में ‘स्वच्छता मिशन’ की खुली पोल, कूड़े के ढेर में दम तोड़ती सफाई व्यवस्था

## दो मंदिरों और बड़ी आबादी के बीच सड़ रहा कचरा, संक्रमण के खतरे से ग्रामीण परेशान सफाईकर्मियों की ड्यूटी पर गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय विकासखंड की ग्रामसभा तिरहुत बाजार में स्वच्छता व्यवस्था की बदहाली ने ग्रामीण स्वच्छता मिशन के दावों पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। बाजार में दो प्रमुख मंदिरों के आसपास और आबादी के बीच लंबे समय से कूड़े-कचरे का ढेर लगे होने की शिकायत अब जिला प्रशासन तक पहुंच गई है। शिकायतकर्ता मृत्युंजय सिंह सिसोदिया ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मौके की सफाई कराने के साथ जिम्मेदारों की भूमिका की जांच की मांग की है।

दो मंदिर, बड़ी आबादी और बीच में कूड़े का ‘साम्राज्य’

जिस स्थान पर कचरा जमा होने की बात कही जा रही है, उसके आसपास दो मंदिरों के अलावा गांव और बाजार की बड़ी आबादी रहती है। ऐसे में खुले में पड़ा, सड़ा-गला कचरा, गंदगी और गंदे पानी का



जमाव स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बरसात के मौसम में जलभराव के साथ स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। यह महज गंदगी का मामला नहीं है। आबादी के बीच लगातार कचरा पड़ा रहना मच्छरों और अन्य कीटों के पनपने की परिस्थितियां पैदा कर सकता है, जिससे संक्रामक घातक रोगों का खतरा बढ़ सकता है। सवाल यह है कि जब स्वच्छता व्यवस्था के लिए पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियां निर्धारित हैं, तो फिर तिरहुत बाजार में सफाई क्यों नहीं दिखाई दे रही?

सफाईकर्मी कहां हैं? ड्यूटी पर उठे गंभीर सवाल ग्रामसभा में तैनात सफाईकर्मी नियमित रूप से सार्वजनिक स्थलों की सफाई करने के बजाय, कहां कार्य करते हैं ? जब गांव के कचरे, नाली डम्प हैं तो कार्य कहां हुआ ? गांव वालों के मुताबिक सफाईकर्मी आते ही नही हैं गांव में। ग्रामसभा में सफाई व्यवस्था की जाँच आवश्यक जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते, मनमानी सफाई कर्मी ग्रामसभा में सफाई कार्य व्यवस्था के प्रति शून्य हैं। जिसका जीत जगस्त उदाहरण प्रत्यक्ष है। जिसकी जांच और कार्यवाई भी आवश्यक है। जांच हुई तो खुल सकते हैं कई राज!

मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सफाईकर्मियों की वास्तविक तैनाती, उपस्थिति पंजिका, कार्यस्थल, सफाई व्यवस्था पर होने वाले खर्च और मौके की स्थिति इन सभी का मिलान किया जा सकता है। इससे यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि स्वच्छता व्यवस्था केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित है या वास्तव में गांव-बाजार में इसका लाभ पहुंच रहा है। यदि जांच में सरकारी सफाईकर्मियों को निजी कार्यों में लगाए जाने के आरोप प्रमाणित होते हैं तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की आवश्यकता होगी। अब ‘सफाई’ नहीं, जवाबदेही की दरकार तिरहुत बाजार में जमा कूड़ा केवल एक स्थान की गंदगी नहीं, बल्कि संपुर्ण विकासखण्ड में, पंचायत स्तर की स्वच्छता व्यवस्था की निगरानी पर भी सवाल है। सफाई कर्मियों की मनमानी कई ग्रामसभाओं में आसानी से देखी जा सकती है।

तिरहुत में ग्रामीणों की मांग है कि जिला प्रशासन शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके का स्थलीय निरीक्षण कराए, सफाई व्यवस्था की जांच करे और दोषी पाए जाने वालों की जवाबदेही तय करे। अब देखना यह है कि शिकायत के बाद प्रशासन सिर्फ कूड़ा हटवाकर मामला शांत करता है या फिर कूड़े के पीछे छिपी कथित लापरवाही और जिम्मेदारी की भी जांच कराता है।

# रक्षाबंधन पर भाइयों ने बहनों की रक्षा एवं सुरक्षा का लिया संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता



### अमेठी जनपद ने बहनो ने भाइयों की कलाई में बांधा रक्षासूत्र

अमेठी । भाई बहन के प्रेम का प्रतीक माना जाने वाला रक्षाबंधन का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।रक्षाबंधन पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर स्वयं की रक्षा व सुरक्षा के साथ ही साथ भाइयों के यशस्वी व दीर्घायु होने की कामना की।आधुनिकता की इस चकाचौंध में बहनें रेशम की डोर भाइयों के साथ प्रकृति की सुरक्षा के लिये तुलसी और नीम के पेड़ को भी बांधती है।सावन माह की शुक्ल पूर्णिमा को होने वाले भाई बहन के इस प्रेम के त्यौहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।वेद,शास्त्र एवं धर्म ग्रन्थों में आज के ही दिन लक्ष्मी जी ने भगवान विष्णु को पाताल लोक से छुड़वाने के लिये रक्षाबंधन को श्रेष्ठ दिन मानकर राजा बलि के पाताल लोक में जाकर श्रेष्ठतम योग में राखी बांधकर उनको अपना धर्म भाई बनाकर एवं दक्षिणा के रुप में स्वामी नारायण भगवान विष्णु को मांग लिया जो राजा बलि ने लक्ष्मी जी से राखी बंधवाकर एवं रक्षाबंधन की सीख भेंट दक्षिणा के रुप मे भगवान विष्णु को सौंप दिया इसी परम्परा के चलते आज भी बहन अपने भाइयों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा सुरक्षा के साथ ही साथ भाइयों के यशस्वी व दीर्घायु होने की कामना करती है। हिन्दू धर्म में स्त्रियों को मां लक्ष्मी का रुप माना जाता है लगभग हर घर मे मां लक्ष्मी के रुप मे बहन, बेटी,मां,पत्नी के रुप में वास करती है इससे बड़ी बात क्या होगी कि रक्षाबंधन के दिन बहन चाहे जितनी दूर ही क्यों न हो लेकिन वह अपने भाई की कलाई में राखी बांधने जरुर आती है बहन के राखी बांधने के बाद भाई अपनी बहन को तोहफा भी देता है।रक्षाबंधन पर तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने श्रावस्ती के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अपने भाई रमन सिंह की कलाई में रक्षासूत्र बांधकर त्यौहार मनाया। क्षेत्र के कस्बा सेमरौता में धनपाला पब्लिक स्कूल की छात्रा कनिका शुक्ला ने अपने अनुज भ्राता मंगलम की कलाई में रक्षासूत्र बांधा और दीर्घायु होने की कामना की। बहनों के आशीष से भाइयों की उम्र भी बढ़ती है। जनपद के प्रमुख कस्बों एवं गांवों में बहनों ने भाइयों की कलाई में रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया।सदियों से चली आ रही रीति रिवाज के मुताबिक बहन भाई के साथ साथ प्रकृति की सुरक्षा के लिये तुलसी व नीम के पेड़ को भी राखी बांधती है।रक्षाबंधन दो लोगों के बीच प्रेम और इज्जत का बेजोड़ बंधन का प्रतीक है।आज भी भाई बहन के रिश्ते को सबसे प्यारा रिश्ता माना जाता है।

# राजस्व महकमे में चली तबादला एक्सप्रेस में एक दर्जन से अधिक लेखपालों का कार्यक्षेत्र बदला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सिंहपुर के गांव चिलौली के लेखपाल मोहम्मद फैज को तिलोई के अकबरपुर फर्शी गांव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा**

**बहुआ के लेखपाल संदीप पाण्डेय को तिलोई के छतहुवां गांव के साथ ही राजस्व निरीक्षक का प्रभार सौंपा**

अमेठी । तहसील तिलोई में प्रशासन द्वारा राजस्व महकमे में तबादला एक्सप्रेस चलाई गई है जिसमें एक दर्जन से अधिक लेखपालों को इधर से उधर स्थानांतरित किया गया है तो पांच लेखपालों को अतिरिक्त क्षेत्रों का प्रभार भी सौंपा गया जिसमें दो लेखपालों की तैनाती सिंहपुर विकास क्षेत्र में होने के बावजूद तिलोई विकास क्षेत्र के गांवों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है जो कि इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है और एक लेखपाल को अतिरिक्त प्रभार के साथ ही राजस्व निरीक्षक के प्रभार पद से नवाजा गया है। तिलोई की उपजिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव ने रस्तामऊ के लेखपाल मानस शुक्ला का तबादला बहादुरपुर विकास क्षेत्र में करते हुये सराय महेशा की जिम्मेदारी सौंपी है वहीं महिया सिंदुरिया के शिवम तिवारी को कासिमपुर भेजा गया है। प्रभात तिवारी मोहना से सढ़ीया, अनुराग तिवारी सराय महेशा से तेंदुआ, वेद प्रकाश मिश्रा बारकोट से सिंहपुर, शिव ओम थारू बहादुरपुर से महिया सिंदुरिया, कामता प्रसाद छतहुवां से मोहना, दीपक अकबरपुर फर्शी से कोटवा, पिंकी बारकोट से सिंहपुर, कुलदीप तेंदुआ से उड़वा का लेखपाल बनाया गया है। इसके अलावा मेहमानपुर के लेखपाल राजेश वर्मा को खरगपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है और सिंहपुर विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत बहुआ के लेखपाल संदीप पाण्डेय को तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत छतहुवां का प्रभार सौंपने के अलावा राजस्व निरीक्षक के अतिरिक्त प्रभार से भी नवाजा गया है। कोटवा के लेखपाल श्रीकांत यादव को पन्हौना तबादला कर मत्तेपुर का प्रभार एवं सिंहपुर की ग्राम पंचायत चिलौली के लेखपाल फैज मोहम्मद को तिलोई विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत अकबरपुर फर्शी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जमालपुर रामपुर के लेखपाल आलोक कुमार को बहादुरपुर का अतिरिक्त प्रभार एवं सुदर्शन बौद्ध को सातन पुरवा के साथ ही खारा और शिव नारायण सोनी को तिलोई के साथ ही रस्तामऊ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।सदिया के लेखपाल लाल बहादुर को आशु लिपिक पटल से सम्बद्ध किया गया है। नवनियुक्त लेखपाल रामेश्वर को बोझी भूला मऊ के साथ ही राजस्व निरीक्षक कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है।उपजिलाधिकारी अरुणिमा श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग के कार्यों को चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिये यह फ़ेरबदल किये गये है।

# इंदिरा गांधी नर्सिंग कालेज के छात्रावास में जीएनएम छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । थाना मुंशीगंज क्षेत्र में स्थित इंदिरा गांधी नर्सिंग कॉलेज में रक्षाबंधन के दिन जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में पंखे से झूलता मिलने से सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मृतका की मां ने गम्भीर आरोप है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताते चलें कि सुल्तानपुर जनपद के बल्दीराय क्षेत्र की रहने वाली दीप्ति यादव उम्र लगभग इक्कीस वर्ष इंदिरा गांधी नर्सिंग कालेज में जी एन एम तृतीय वर्ष की छात्रा थी।बताया जाता कि छात्रा दीप्ति यादव का शव रक्षाबंधन के दिन दुपट्टे के सहारे छत के पंखे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही कालेज परिसर में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना मुंशीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। घटना



की जानकारी मिलते ही कालेज पहुंची मृतका की मां ने गम्भीर आरोप लगाते हुये कहा कि गुरुवार की रात में अपनी बेटी दीप्ति से बात हुई थी लेकिन शुक्रवार को दोपहर में वह हम सबके बीच में नही रही। मृतका की मां सुनीता ने बताया कि मृतका के परिजनों के पहुंचने से पूर्व ही शव को थाने पहुंचा दिया गया और इस मामले में परिजनों ने गम्भीर आरोप लगाये है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही तस्वीर साफ होगी।

## पंचायत भवन का ताला तोड़कर सामग्री चोरी पर नही दर्ज हुआ मुकदमा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना इन्हौना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटवा स्थित पंचायत भवन का बेखौफ चोरों द्वारा ताला तोड़कर यूनिवर्टर बैटरा कुर्सी समेत अन्य तमाम सामग्री पार कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान ने स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी है लेकिन अपराध छिपाने में महारथ हासिल कर चुकी इन्हौना पुलिस ने अभियोग दर्ज करना मुनासिब नही समझा है। थाना इन्हौना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोटवा के ग्राम प्रधान राम सागर ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बेखौफ चोरों द्वारा पंचायत भवन के दो तालों को तोड़कर यूनिवर्टर के साथ ही दो बैटरा, स्टील एवं प्लास्टिक की एक दर्जन कुर्सियां समेत अन्य तमाम सामान पार कर दिया गया है।शनिवार की सुबह करीब दस बजे जब पंचायत सहायक पहुंचा तो पंचायत भवन के साथ ही कार्यालय का ताला टूटा मिलने पर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। ग्राम प्रधान राम सागर ने बताया कि चोरी की वारदात के बारे में स्थानीय पुलिस को लिखित तहरीर सौंपी दी गई है लेकिन पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नही किया गया है। बताते चलें कि पुलिस की लचर कार्यप्रणाली से इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद है और वह आये दिन चोरी की वारदातों को अंजाम देते रहते हैं। पंचायत भवन में चोरी की घटना घटित होने के बावजूद सरकारी कार्य भी प्रभावित होने की संभावना पाई जाती है। ग्राम प्रधान राम सागर ने बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ ही खण्ड विकास अधिकारी को भी अवगत करा दिया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है जांचोपरांत अभियोग दर्ज किया जायेगा।

## आईटीआई गौरीगंज में इकतीस अगस्त को लगेगा रोजगार मेला

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के प्रधानाचार्य शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि संस्थान परिसर में आगामी अगस्त को आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के लिये अप्रेंटिस रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाइयां प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि मेले में एनडीआर ऑटो कंपोनेंट लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा, वर्लपूल गाजियाबाद, न्यू हॉलैंड नोएडा, यामाहा गाजियाबाद, स्पार्क मिंडा ग्रेटर नोएडा तथा पहाड़पुर थ्री पी गाजियाबाद सहित कई प्रमुख कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रधानाचार्य ने बताया कि रोजगार अप्रेंटिस मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र, उनकी दो प्रमाणित छायाप्रतियां, बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार पासपोर्ट साइज फोटो तथा बैंक खाते का विवरण साथ लेकर इकतीस अगस्त को प्रातः ग्यारह बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज, अमेठी परिसर में उपस्थित हों। उन्होंने अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों से रोजगार मेले में प्रतिभाग कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## परिषदीय स्कूलों की बदहाली पर आप का प्रदर्शन, सुधार की मांग

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने शनिवार को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिले के परिषदीय विद्यालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जर्जर भवनों, जलभराव, खराब शौचालय, पेयजल की समस्या और बाउंड्रीवाल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। दुबे ने बताया कि आप की टीम ने प्रतापपुर कमैचा, जयसिंहपुर और मोतिगरपुर विकासखंड के कई प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के आधार पर तैयार ज्ञापन में स्कूलों की खराब स्थिति का विस्तृत उल्लेख किया गया है। रूपी का पूरा प्राथमिक विद्यालय जलभराव और कीचड़ से घिरा है। भवन जर्जर होने के साथ छतें टपक रही हैं और शौचालय अनुपयोगी हैं। रामगढ़ प्राथमिक विद्यालय में तीन कमरों में कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई संचालित हो रही है। दरपीपुर के नए भवन की छत भी टपक रही है, जबकि लामा बनकटा विद्यालय भवन विहीन है। अन्य कई विद्यालयों में रास्ते, बाउंड्रीवाल, पंखे और जलनिकासी की समस्या बताई गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय मलवा में एक ही शिक्षक के भरोसे पढ़ाई संचालित होने का आरोप है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रदर्शनकारियों से खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए कहा गया था। आप ने जर्जर भवनों की मरम्मत, जलनिकासी, रास्तों और मूलभूत सुविधाओं की तत्काल व्यवस्था की मांग की है।

## हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल बनीं फराना

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहां आज समाज में नफरत की दीवारें खड़ी करने की कोशिश हो रही है, वहीं पीलीभीत की फराना पिछले 55 सालों से हिंदू-मुस्लिम एकता की अनोखी मिसाल पेश कर रही हैं। जनपद पीलीभीत निवासी फराना ने नगर के केवल सिंह उर्फ चग्गू और सुखबिंदर उर्फ सुक्खी को अपना मुंहबोला भाई बनाया है। वह पिछले 55 वर्षों से लगातार इन भाइयों की कलाई पर राखी बांधती आ रही हैं। यह सिलसिला आज का नहीं, बल्कि तब से चला आ रहा है जब फराना की उम्र महज 8 साल थी।फराना, पूरनपुर तहसील के ट्रेजरी विभाग में कार्यरत रहे स्वर्गीय फजल समद की पुत्री हैं। उन्होंने बताया कि बचपन में बंधा यह प्रेम का बंधन आज तक कायम है। कोरोना महामारी जैसी वैश्विक त्रासदी हो या नोटबंदी जैसी कठिन घड़ी, फराना ने कभी भी अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधना नहीं छोड़ा। लाख मुसीबतें आईं, लेकिन हर रक्षाबंधन पर वह अपने भाइयों के घर पहुंचकर राखी बांधती हैं।वर्तमान समय में जब चारों तरफ हिंदू-मुस्लिम के बीच जहर घोलने की कोशिशें हो रही हैं, ऐसे दौर में फराना का यह कदम गंगा-जमुनी तहजीब की सच्ची मिसाल है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि धर्म से बड़ा भाई-बहन का रिश्ता होता है। उनका यह प्रेम और समर्पण समाज के लिए एक संदेश है कि मोहब्बत और भाईचारा ही इस देश की असली पहचान है। फराना की इस पहल की क्षेत्र में सभी लोग सराहना कर रहे हैं और इसे सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बता रहे हैं।

## बाहरी लोगों द्वारा नफरत फैलाने वाले व्यान पर भड़के हाफिज नूर अहमद अजहरी जताई चिंता, कार्रवाई की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहर में कथित रूप से धार्मिक नफरत फैलाने और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर हाफिज नूर अहमद अजहरी ने गंभीर चिंता व्यक्त की है।हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कहा कि अल्लाह रब्बुल आलमीन की मुकद्दस बारगाह के संबंध में नाकाबिले-बर्दाश्त शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे जनपद से आकर शहर में नफरत फैलाने की कोशिशें की जा रही हैं।उन्होंने बताया कि इस मामले में कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कहा कि सैकड़ों युवाओं के साथ बैठक कर उन्हें शांति और संयम बनाए रखने की अपील की गई है। युवाओं को स्पष्ट रूप से समझाया गया कि किसी भी उकसावे या भड़कावे में नहीं आना है और कानून को हाथ में नहीं लेना है।उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और सभी को कानून पर भरोसा रखना चाहिए।

# पूरनपुर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की शाखा खोलने की उठी मांग नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने राज्यपाल को भेंट किए उपहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा ज्ञापन, अगली एजीएम में प्रस्ताव पास कर जल्द शाखा खोलने का मिला आश्वासन**

पूरनपुर।क्षेत्र के आर्थिक और व्यापारिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से पूरनपुर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की शाखा खोले जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है इसी सिलसिले में पूरनपुर तहसील के प्रमुख लोगों ने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और पूरनपुर में बैंक की शाखा खोले जाने का प्रस्ताव रखा मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूरनपुर क्षेत्र तेजी से आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र बन रहा है यहां बड़ी संख्या में व्यापारी, किसान और विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग हैं ऐसे में सहकारिता के क्षेत्र में अग्रणी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की शाखा खुलने से क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधाओं के साथ ही व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा राज्यपाल संतोष गंगवार ने पूरनपुर को पीलीभीत जिले की प्रगतिशील तहसीलों में शामिल बताते हुए कहा कि क्षेत्र में सहकारिता के क्षेत्र में भी काफी काम हुआ है उन्होंने पूरनपुर में बैंक की शाखा खोले जाने की जरूरत पर सहमति जताई साथ ही अगली एजीएम में प्रस्ताव पारित कर जल्द शाखा खोले जाने का आश्वासन दिया प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं और विकास से जुड़े मुद्दों पर भी राज्यपाल से चर्चा की बैंक शाखा खुलने की संभावना से स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि इससे पूरनपुर में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार होने के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई मजबूती मिलेगी इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष नितिन दीक्षित, भाजपा जिला कार्यसमिति के सदस्य अशोक खंडेलवाल, भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य एवं व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री नवीन अग्रवाल, समाज सेवी पीयूष गुप्ता उर्फ सोनू आर्य, मयंक गुप्ता समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे है।

# रक्षाबंधन पर घर लौटे युवक को बदमाशों ने मारी तीन गोलियां

**घर के बाहर बाइक सवार तीन हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग**

**लखनऊ ट्रामा सेंटर में हालत नाजुक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। रक्षाबंधन पर परिवार के साथ त्योहार मनाने मध्य प्रदेश से घर लौटे 40 वर्षीय युवक विपिन सिंह को शुक्रवार देर रात बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी। ढेमा चौराहे पर घर के बाहर हुई फायरिंग में विपिन के बाएं सीने में तीन गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। घटना शुक्रवार रात करीब 11.45 बजे की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, विपिन घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान तीन बाइक सवार हमलावर पहुंचे और उन पर फायरिंग



शुरू कर दी। गोलियां लगने से विपिन जमीन पर गिर पड़े। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजन उन्हें सीएचसी मोतिगरपुर लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में वारदात के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आई है। मुड़हा निवासी शिवम सिंह और इंद्रसेन सिंह के परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद बताया जा रहा है। घायल विपिन इंद्रसेन सिंह के पुत्र हैं। विपिन के चाचा दान बहादुर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने शिवम सिंह और दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने घटनास्थल से चार खोखे बरामद किए हैं। सीओ जयसिंहपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख रत्नेश गंगवार ने पत्नी प्रियंका गंगवार एवं हजारों समर्थकों के साथ ग्रहण की समाजवादी पार्टी की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।समाजवादी पार्टी को पीलीभीत में बड़ी मजबूती मिली है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख रत्नेश गंगवार ने अपनी पत्नी जिला पंचायत सदस्य प्रियंका गंगवार एवं हजारों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व और नीतियों से प्रभावित होकर रत्नेश गंगवार ने सपा का दामन थामा। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रत्नेश गंगवार एवं उनके साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुए सभी समर्थकों का स्वागत किया।अखिलेश यादव ने कहा कि रत्नेश गंगवार के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है।सदस्यता ग्रहण करने के बाद रत्नेश गंगवार ने कहा कि



वह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान, नौजवान और गरीब परेशान हैं। समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गों के हित की बात करती है। रत्नेश गंगवार ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के सम्मान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए वह पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे।इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। हजारों समर्थकों के साथ हुए इस राजनीतिक जुड़ाव को क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के संगठनात्मक विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। इससे आगामी चुनावों में सपा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# सड़क पर शव रखकर धरना, संपूर्णानगर रेंजर पर एफआईआर की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।बाघ के हमले में ग्रामीण मुंशी प्रसाद की मौत के बाद भड़का आक्रोश करीब 18 घंटे तक रामनगर तिराहे पर दिखाई दिया परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए आवागमन बाधित होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा सूचना पर पहुंचे खीरी वन विभाग और पूरनपुर तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने काफी देर तक ग्रामीणों से वार्ता की आश्वासन के बाद परिजन धरना समाप्त करने पर राजी हुए इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ग्रामीणों का आरोप था कि क्षेत्र में लगातार वन्यजीवों की गतिविधियां बढ़ रही हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं मामले की गंभीरता को देखते हुए खीरी वन विभाग के एसडीओ मनोज तिवारी, पूरनपुर एसडीएम मयंक गोस्वामी, तहसीलदार आशीष गुप्ता, सीओ विधि भूषण मौर्य और कोतवाल पवन पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता कर धरना समाप्त कराने का प्रयास किया कई दौर की बातचीत के बाद अधिकारियों ने शासन से मिलने वाली सहायता और अन्य मांगों पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया मृतक के पुत्र संजय ने पिता की मौत के लिए संपूर्णानगर क्षेत्र के वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया आरोप लगाया कि घटना की सूचना के बावजूद वन विभाग के अधिकारी समय से मौके पर नहीं पहुंचे उन्होंने हजारा थाने में तहरीर देकर संपूर्णानगर रेंजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है परिजनों ने प्रशासन को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, आवास योजना का लाभ, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, वन्यजीवों के हमलों से स्थायी निजात समेत अन्य मांगें उठाईं अधिकारियों ने मृतक के परिवार को शासन से मिलने वाली पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाने और वन विभाग में संविदा के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया अधिकारियों के आश्वासन के बाद करीब 18 घंटे से चल रहा धरना समाप्त हुआ इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## सम्पादकीय

# आदिवासी छात्रों के हित में सही फैसला

जनप्रतिनिधि जब जनता के हितों को प्राथमिकता देते हुए उनके हक की आवाज उठाएं, जब सशक्त विपक्ष अपनी जिम्मेदारी निभाए और इंसाफ की लड़ाई में जनता के साथ खड़ा रहे तो हालात किस तरह बदलने शुरु होते हैं, इसके दो उदाहरण हाल ही में सामने आए हैं। एक झारखंड से और दूसरा महाराष्ट्र से। संयोग से दोनों जगह राहुल गांधी ही सरकारों के बरक्स जनता के साथ खड़े दिखे। झारखंड में कांग्रेस सत्ता में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ है, बावजूद इसके जब वहां पेपर लीक और भर्ती में गड़बड़ियों के खिलाफ 24 दिनों लंबा छात्र आंदोलन चला तो राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखकर आंदोलनकारियों की मांगों पर ध्यान देने कहा, जिसके बाद आंदोलन खत्म हुआ। अब ऐसी ही एक चिट्ठी राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में भाजपानीत सरकार के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस को लिखी। जिसमें आदिवासी छात्रावासों के लिए बने नियमों पर छात्रों की आपत्ति पर राहुल गांधी ने ध्यान दिलाया। इस का नतीजा भी सकारात्मक ही रहा। देवेन्द्र फड़नवीस की सरकार ने छात्रावासों के लिए बनाए संशोधित नियमों को वापस ले लिया है। दरअसल महाराष्ट्र सरकार ने 5 अगस्त को आदिवासी छात्रावासों के लिए नए नियम लागू किए थे। इसमें छात्रावास में रहने के लिए अधिकतम उम्र 26 साल तय की गई। बाद में 14 अगस्त को सरकार ने नियम बदलकर उम्र सीमा 26 से बढ़ाकर 30 साल कर दी थी। इसके बाद छात्रों का विरोध शुरू हुआ। पुणे के मांजरी स्थित आदिवासी छात्रावास में आदिवासी छात्रों का आंदोलन 13 अगस्त से शुरू हुआ था। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। पहले छात्रों ने धरना शुरू किया और बाद में कुछ छात्र अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए। जिसमें कुछ छात्रों की तबीयत बिगड़ने की भी जानकारी सामने आई थी। छात्रों की मुख्य मांगों में 30 साल की उम्र सीमा खत्म करना, छात्रावास की सुविधाओं में सुधार और आदिवासी छात्रों से जुड़े पुराने मुद्दों का समाधान शामिल था। छात्रों का कहना था कि 30 साल की सीमा उन आदिवासी छात्रों को छात्रावास से बाहर कर देगी, जो देर से पढ़ाई शुरू करते हैं या 30 साल के बाद उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। एक बड़ा सवाल आदिवासी बहुल इलाके गढ़चिरौली के आदिवासी छात्रावास से सामने आया, जहां की छात्राओं ने आरोप लगाया था कि लंबी छुट्टी से लौटने पर उन्हें गर्भवती होने की जांच कराने के लिए मजबूर किया जाता था। पुणे में 22 अगस्त को राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में भी एक छात्रा ने ऐसे सवालों को उठाया था। छात्रा के मुताबिक, जब उन्होंने प्रशासन से इसकी वजह पूछी तो जवाब दिया गया कि इतने दिन बाहर रहने के दौरान कहीं उन्हें कोई जानलेवा बीमारी तो नहीं हो गई। श्छात्रों की गूंजश के दौरान छात्राओं ने बताया कि छात्रावासों में 30 वर्ष की अनावश्यक उम्र सीमा, अपमानजनक नियम, असुरक्षित सुविधाएं और महिलाओं के लिए गर्भावस्था जांच जैसे अमानवीय प्रावधान लागू हैं। इसके बाद ही राहुल गांधी ने देवेन्द्र फड़नवीस को पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने आदिवासी छात्रों के छात्रावासों और आश्रम शालाओं की बदहाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्र कई दिनों से भूख हड़ताल पर हैं, छात्रावास में खाने की गुणवत्ता खराब है और सफाई व सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। राहुल गांधी ने गढ़चिरौली की एक आश्रमशाला का भी जिक्र किया, जहां कुछ दिन पहले सांप के काटने से तीन बच्चियों की मौत हुई थी। राहुल ने दावा किया कि राज्य में 28 आदिवासी छात्र सांप के काटने की घटनाओं में जान गंवा चुके हैं। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या आदिवासी छात्रों को हॉस्टल और आश्रम शालाओं में सांप-बिच्छुओं से भी सुरक्षा नहीं दी जा सकती। राहुल गांधी ने अपनी चिट्ठी में यह भी आरोप लगाया कि 30 साल से कम उम्र के आदिवासी छात्रों को छात्रावासों में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

# नेपाल का जलप्रलय: गर्म होते हिमालय की भयावह चेतावनी

26 अगस्त 2026 की वह सुबह हिमालय के इतिहास में एक गहरे और अकल्पनीय घाव के रूप में दर्ज हो गई। नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित लांगटांग पर्वतीय क्षेत्र, जो अपनी अलौकिक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात था, अचानक एक प्रलयंकारी आपदा का गवाह बन गया। भोटे कोशी और त्रिशूली नदियों की घाटियों में रहने वाले लोगों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि बिना किसी भारी वर्षा या पूर्व चेतावनी के उनके जीवन में जल का ऐसा विकराल रूप देखने को मिलेगा। पहाड़ों के ऊपर जमी बर्फ और चट्टानों का एक विशाल हिस्सा अपने स्थान से खिसक गया और लगभग 1.2 किलोमीटर गहरी खाई में गिर गया। इस भीषण पतन के कारण नदी का मार्ग कुछ समय के लिए पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया। जब पानी के भारी दबाव ने उस प्राकृतिक अवरोध को तोड़ा, तो हिमनद के मलबे, बर्फ, मिट्टी और विशाल पत्थरों से मिश्रित पानी की कई मीटर ऊँची दीवार घाटियों की ओर दौड़ पड़ी। यह कोई सामान्य बाढ़ नहीं थी बल्कि एक ऐसा जलजला था जिसने अपने रास्ते में आने वाली हर मानव निर्मित संरचना को तिनके की तरह उखाड़ फेंका। इस पूरी घटना का सबसे चिंताजनक और भयानक पहलू यह था कि उस समय पूरे क्षेत्र का मौसम एकदम साफ था। आसमान में कोई ऐसे बादल नहीं थे जो भारी बारिश का संकेत देते हों। जब पहाड़ों से एक हल्की गड़गड़ाहट और कंपन महसूस हुआ, तो स्थानीय निवासियों को लगा कि शायद यह कोई छोटा भूकंप है। लेकिन देखते ही देखते धूल का एक विशाल गुबार उठा और उसके तुरंत बाद मौत बनकर पानी का रेला बस्तियों में घुस गया। भूगर्भशास्त्रियों के अनुसार इस त्रासदी का मुख्य कारण पहाड़ों की ऊँचाई पर मौजूद उस परत का कमजोर होना था जिसे स्थायी तुषार कहा जाता है। यह वह मिट्टी और चट्टान का मिश्रण होता है जो सालों से बर्फ के कारण आपस में मजबूती से जुड़ा रहता है। लगातार बढ़ रहे वैश्विक तापमान के कारण हिमालय के हिमनद बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और यह सदियों पुरानी जमी हुई परत अब अपनी पकड़ खो रही है। इसी के परिणामस्वरूप इतने बड़े आकार का हिमखंड अस्थिर होकर नीचे आ गिरा। नेपाल का रसुवा जिला इस प्राकृतिक महाविनाश का सबसे बड़ा केंद्र साबित हुआ। स्याफ्रुबेसी, तिमुरे और रासुवागढ़ी जैसे सीमांत कस्बे जो व्यापार और पर्यटन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माने जाते थे, कुछ ही मिनटों में मलबे के ढेर में तब्दील हो गए। पहाड़ों के किनारे बनी कई बहुमंजिला इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। परिवहन व्यवस्था को भारी आघात लगा क्योंकि 40 किलोमीटर से अधिक पक्की सड़कें और जीवन रेखा माने जाने वाले दर्जनों मजबूत पुल पूरी तरह से पानी में बह गए। नेपाल और चीन को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग भी नष्ट हो गया। इससे न केवल दोनों देशों के बीच होने वाला करोड़ों का व्यापार ठप हो गया बल्कि पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी एक बड़ा संकट खड़ा हो गया। इन घाटियों में रहने वाले समुदायों का पूरा सामाजिक और आर्थिक ढाँचा पल भर में बिखर गया। इस आपदा में हुई मानवीय क्षति के आँकड़े अत्यधिक हृदय विदारक हैं। आपदा प्रबंधन एजेंसियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 579 से अधिक लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है और लगभग 2,400 लोग अभी भी लापता हैं। लापता होने वालों में केवल स्थानीय निवासी ही नहीं बल्कि बड़ी संख्या में बाहर से आए तीर्थयात्री, पर्यटक और जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले अकुशल मजदूर भी शामिल हैं। मलबे के नीचे दबे लोगों को खोजना बचाव कर्मियों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया। लगभग 93000 लोगों को तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता पड़ी क्योंकि उनके घर, खेत और आजीविका के सभी साधन जलमग्न हो गए थे। अपना सब कुछ खो चुके इन बेघर लोगों को कई दिनों तक खुले आसमान के नीचे रातें गुजारनी पड़ीं, जो उनके लिए एक गहरे मानसिक आघात से कम नहीं था। विपदा की इस घड़ी में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर शुरू

भूगर्भशास्त्रियों के अनुसार इस त्रासदी का मुख्य कारण पहाड़ों की ऊँचाई पर मौजूद उस परत का कमजोर होना था जिसे स्थायी तुषार कहा जाता है। यह वह मिट्टी और चट्टान का मिश्रण होता है जो सालों से बर्फ के कारण आपस में मजबूती से जुड़ा रहता है। लगातार बढ़ रहे वैश्विक तापमान के कारण हिमालय के हिमनद बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और यह सदियों पुरानी जमी हुई परत अब अपनी पकड़ खो रही है। इसी के परिणामस्वरूप इतने बड़े आकार का हिमखंड अस्थिर होकर नीचे आ गिरा। नेपाल का रसुवा जिला इस प्राकृतिक महाविनाश का सबसे बड़ा केंद्र साबित हुआ। स्याफ्रुबेसी, तिमुरे और रासुवागढ़ी जैसे सीमांत कस्बे जो व्यापार और पर्यटन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माने जाते थे, कुछ ही मिनटों में मलबे के ढेर में तब्दील हो गए। पहाड़ों के किनारे बनी कई बहुमंजिला इमारतें ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। परिवहन व्यवस्था को भारी आघात लगा क्योंकि 40 किलोमीटर से अधिक पक्की सड़कें और जीवन रेखा माने जाने वाले दर्जनों मजबूत पुल पूरी तरह से पानी में बह गए। नेपाल और चीन को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग भी नष्ट हो गया। इससे न केवल दोनों देशों के बीच होने वाला करोड़ों का व्यापार ठप हो गया बल्कि पवित्र कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी एक बड़ा संकट खड़ा हो गया। इन घाटियों में रहने वाले समुदायों का पूरा सामाजिक और आर्थिक ढाँचा पल भर में बिखर गया। इस आपदा में हुई मानवीय क्षति के आँकड़े अत्यधिक हृदय विदारक हैं।

किए गए। नेपाल सरकार ने अपनी सेना, पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों को मिलाकर लगभग 15000 जवानों को प्रभावित क्षेत्रों में तैनात किया। दुर्गम घाटियों और टूटी हुई सड़कों के कारण जमीन के रास्ते पहुँचना पूरी तरह से असंभव हो गया था। इसलिए राहत कार्यों के लिए वायुयानों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया। पहाड़ों की ऊँचाई पर फँसे लोगों को रस्सियों की मदद से सुरक्षित निकाला गया। खोज अभियानों में आधुनिक तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया गया। चालकरहित छोटे उड़ने वाले उपकरणों और विशेष रूप से प्रशिक्षित कुत्तों की मदद से कीचड़ और पत्थरों में दबी साँसों को ढूँढने का सघन प्रयास किया गया। अस्थायी राहत शिविरों का निर्माण कर वहाँ भोजन, स्वच्छ पेयजल और जीवन रक्षक दवाइयाँ पहुँचाने का काम निरंतर चलता रहा। भारत सहित कई अन्य पड़ोसी देशों और अंतरराष्ट्रीय सहायता संस्थाओं ने भी तुरंत मदद के हाथ बढ़ाए और अपने तकनीकी दल तथा आवश्यक सामग्री मौके पर भेजी। परंतु संकट यहीं समाप्त नहीं हुआ। अंतरिक्ष से ली गई तस्वीरों और भौगोलिक सर्वेक्षणों से एक नई और खतरनाक जानकारी सामने आई। मलबे के भारी जमाव के कारण आपदा स्थल के ठीक ऊपर पहाड़ों में दो नई और बड़ी झीलें बन गई थीं। इनमें से एक झील का पानी तो धीरे-धीरे रिसकर बाहर आ रहा था, लेकिन दूसरी विशाल झील में पानी का दबाव लगातार बढ़ रहा था। यदि यह झील टूटती, तो निचले इलाकों में एक और भयंकर बाढ़ आ सकती थी जो बचे-खुचे जीवन को भी नष्ट कर देती। इस खतरे को भाँपते हुए अधिकारियों ने नदी के निचले बहाव वाले सभी क्षेत्रों में तत्काल चौकसी बढ़ा दी। पानी के स्तर को मापने के लिए स्वचालित उपकरण लगाए गए और खतरे की घंटी बजाने वाली प्रणालियों को स्थापित किया गया ताकि किसी भी नई विपत्ति के आने से पहले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया जा सके। यह विनाशकारी घटना केवल नेपाल की सीमाओं तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए खतरे की एक बड़ी घंटी है। हिमालय से निकलने वाली नदियाँ भारत, भूटान, चीन और बांग्लादेश में रहने वाले करोड़ों लोगों के जीवन का मुख्य आधार हैं। यदि पहाड़ों की ऊँचाइयों पर हिमनद इसी तरह अस्थिर होते रहे, तो इसका सीधा असर इन सभी देशों की नदियों पर पड़ेगा। भारत के बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों के लिए यह घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि नदियों और पहाड़ों के बदलते स्वभाव पर लगातार नजर रखनी होगी। यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि सभी पड़ोसी देश आपस में मौसम, नदी के बहाव और हिमनदों से जुड़े आँकड़ों का निरंतर और तत्काल आदान-प्रदान करें, ताकि भविष्य की आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। ऐसी प्राकृतिक आपदाओं का दीर्घकालिक समाधान केवल घटना के बाद राहत बाँटने तक सीमित नहीं हो सकता। हमें अपनी विकास नीतियों और पहाड़ों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा। पर्वतीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए वहाँ होने वाले अनियंत्रित सड़क निर्माण, पहाड़ों को काटकर किए जाने वाले अवैज्ञानिक खनन और नदियों के ठीक किनारे वाणिज्यिक बस्तियाँ बसाने की प्रवृत्ति पर सख्त कानूनी रोक लगानी होगी। प्रकृति के बहाव क्षेत्रों का सम्मान करना सीखना होगा। अति संवेदनशील हिमनद क्षेत्रों की उपग्रहों के माध्यम से चौबीसों घंटे निगरानी होनी चाहिए। जिन प्राकृतिक झीलों में पानी का दबाव खतरनाक स्तर तक पहुँच गया है, वहाँ से तकनीकी तरीकों का उपयोग करके पानी की सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की जानी चाहिए। आधुनिक चेतावनी प्रणालियों को दूरदराज के गाँवों तक पहुँचाना होगा। अंततः लांगटांग घाटी की यह त्रासदी पूरी मानवता के लिए एक कठोर चेतावनी है। प्रकृति जब अपना संतुलन खोती है, तो उसकी सबसे भारी कीमत नदियों और पहाड़ों की गोद में बसे साधारण और गरीब लोगों को चुकानी पड़ती है। वैश्विक तापमान में वृद्धि को अब केवल बातचीत के विषय के रूप में नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जाति के अस्तित्व पर मंडराते सबसे बड़े संकट के रूप में देखा जाना चाहिए। हिमालय अपनी बर्फ पिघलाकर हमें जो मूक संदेश दे रहा है, यदि उसे अब भी अनसुना किया गया, तो भविष्य में ऐसी और भी भयावह विपत्तियों का सामना करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। प्रकृति से संघर्ष करके नहीं बल्कि उसके शाश्वत नियमों का सम्मान करके ही हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और संरक्षित कल सौंप सकते हैं। **–महेन्द्र तिवारी**

# बिहार की बाढ़ : राहत नहीं, अब चाहिए स्थायी समाधान

**डॉ. अरविंद नाथ तिवारी**

बिहार की बाढ़ कोई नई त्रासदी नहीं है। दशकों से उत्तर बिहार के लोग हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलते आ रहे हैं। बारिश नेपाल में हो या हिमालयी क्षेत्र में उसका असर बिहार की नदियों और यहां के गांवों पर दिखाई देता है। नदियों का जलस्तर बढ़ता है, गांव डूबते हैं, सड़कें और पुल क्षतिग्रस्त होते हैं, फसलें बर्बाद होती हैं और हजारों परिवार राहत शिविरों या ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं। कहा जाता है कि जब बिहार में जगन्नाथ मिश्र की सरकार थी और नेपाल में भयंकर प्राकृतिक आपदा आई थी, तब बिहार भीषण बाढ़ की चपेट में आया था। उस समय उन्होंने यह चिंता व्यक्त की थी कि नेपाल में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बिहार को बचाने के लिए स्थायी समाधान पर विचार करना होगा, लेकिन उस चिंता के बाद कई दशक गुजर गए। बिहार में अनेक सरकारें आईं और चली गईं मगर बाढ़ का स्थायी समाधान आज भी दूर की कौड़ी है। सवाल यह है कि आखिर बिहार कब तक हर साल बाढ़ की प्रतीक्षा करेगा और कब तक सरकार राहत एवं बचाव के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च करती रहेगी? हर साल बाढ़ से पहले प्रशासन सक्रिय होता है। बालू की बोरियां भरी जाती हैं, तटबंधों की मरम्मत होती है, संवेदनशील स्थलों पर निगरानी बढ़ाई जाती है और आपदा प्रबंधन की तैयारियां शुरू होती हैं। लेकिन कई बार पानी का तेज बहाव इन अस्थायी उपायों को अपने साथ बहा ले जाता है। फिर वही प्रक्रिया अगले वर्ष दोहराई जाती है। बाढ़ राहत और बचाव के लिए सरकार द्वारा खर्च किया जाने वाला पैसा जनता के टैक्स से आता है। तटबंधों की मरम्मत, बालू की बोरियां, अस्थायी सड़कें, राहत सामग्री और अन्य व्यवस्थाएं आवश्यक हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या हर वर्ष केवल मरम्मत और राहत पर पैसा खर्च करने से समस्या का समाधान हो सकता है? बाढ़ प्रभावित इलाकों में अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि आपदा के दौरान सरकारी तंत्र, ठेकेदार और बिचौलियों की भूमिका बढ़ जाती है। बिहार सरकार को अब बाढ़ प्रबंधन की अपनी नीति पर गंभीरता से पुनर्विचार करना चाहिए, जो गांव हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित होते हैं, वहां रहने वाले लोगों के लिए दीर्घकालीन पुनर्वास योजना बनाई जानी चाहिए। सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर योजनाबद्ध तरीके से आवासीय बस्तियां विकसित की जा सकती हैं। लोगों को बेहतर सड़क, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, बिजली, पेयजल और रोजगार की सुविधा देकर स्वैच्छिक पुनर्वास के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। वहीं पुराने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को वैज्ञानिक तरीके से कृषि उपयोग में लाने की योजना बनाई जा सकती है। नदी का अपना प्राकृतिक प्रवाह होता है। यदि नदी के रास्ते में अनियोजित निर्माण होंगे या जल निकासी के प्राकृतिक मार्ग बंद होंगे तो किसी न किसी स्थान पर पानी अपना रास्ता बनायेगा, इसलिए नदी प्रबंधन को समग्र दृष्टिकोण से देखना होगा। जलग्रहण क्षेत्र, जल निकासी, गाद प्रबंधन, तटबंध, नदी की धारा और बाढ़ के मैदान- सभी को एक साथ ध्यान में रखना होगा। बिहार की बाढ़ की समस्या को केवल बिहार सरकार के स्तर पर हल करना कठिन है। नेपाल से निकलने वाली नदियां और हिमालयी क्षेत्र में होने वाली भारी वर्षा, भूस्खलन तथा अचानक आने वाले जलप्रवाह का सीधा प्रभाव बिहार पर पड़ता है। इसलिए भारत और नेपाल के बीच बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली को और मजबूत करना होगा। नेपाल और भारत के विशेषज्ञों की संयुक्त समितियां बनाकर नदी घाटियों का अध्ययन किया जाना चाहिए। केवल आपदा आने के बाद बैठक करने की जगह पूरे वर्ष संयुक्त निगरानी और वैज्ञानिक अध्ययन होना चाहिए। 1978, 1993, 2008, 2017, 2025 और अब 2026-नेपाल और हिमालयी क्षेत्र में आई विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव किसी न किसी रूप में बिहार तक पहुंचता रहा है, हर बड़ी घटना के बाद सरकारें तैयारियों की समीक्षा करती हैं लेकिन कुछ समय बाद व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर लौट जाती है। पश्चिम चंपारण के बगहा और आसपास के क्षेत्रों से लेकर बेतिया, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली और मुजफ्फरपुर तक उत्तर बिहार का बड़ा भूभाग बाढ़ के खतरे से जूझता है। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर और गोरखपुर जैसे इलाके भी नदियों के बढ़ते जलस्तर से प्रभावित होते हैं। हजारों गांवों के लोगों के लिए बाढ़ केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं बल्कि हर वर्ष लौटने वाला संकट है।

## सेहत मंत्र

# कोयले की आंच में पके फूड्स खाने से दिल की बीमारियों का खतरा

खाना पकाने के लिए पुराने समय से ही कोयले का प्रयोग किया जाता रहा है। एलपीजी गैस की पहुंच से दूर लाखों लोग अभी भी कोयले में ही खाना पकाते हैं। शहरों में भी बाटी–चोखा, भुट्टा और कई तरह के फूड्स अभी भी कोयले की आंच में ही बनाए जाते हैं। लेकिन एक नए अध्ययन में पता चला है कि कोयला, लकड़ी या चारकोल की आंच में बना खाना खाने से दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ये अध्ययन ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में किया गया है। अध्ययनकर्ता डेरिक बेनेट ने कहा, ''हमारे अध्ययन में यह सुझाव दिया गया है कि जो लोग खाना पकाने के लिए ठोस ईंधन का इस्तेमाल करते हैं, उन्हें जल्द से जल्द बिजली या गैस का इस्तेमाल करना चाहिए।'' **ठोस ईंधन का इस्तेमाल है खतरनाक**: अध्ययनकर्ताओं ने सुझाव दिया कि खाना पकाने के लिए कोयला, लकड़ी और चारकोल जैसे ठोस ईंधन का इस्तेमाल करने से वायु प्रदूषण तो बढ़ता ही है, साथ ही इससे दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। कई लोगों में ये असमय मृत्यु का कारण बनता है। अध्ययन के लिए वर्ष 2004 से वर्ष 2008 के बीच चीन के 10 इलाकों से 3,41,730 लोगों को चुना गया, जिनकी उम्र 30 साल से 79 साल के बीच थी। **बढ़ जाता है हार्ट डिजीज का खतरा**: शोध में पाया गया कि लंबे समय तक खाना बनाने के लिए ठोस ईंधन के इस्तेमाल से दिल की बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया। हालांकि इस बात के सीमित साक्ष्य हैं मगर ये दावा इस आधार पर किया गया है कि कोयला, लकड़ी या अन्य ठोस ईंधनों से उठने वाले धुंए का दिल और फ़ेफड़ों पर असर पड़ता है। इसके अलावा रोटी, मकई या अन्य आहार को सीधे ईंधन की आंच में पकाने से उनपर राख और कार्बन के कण चिपक जाते हैं, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

## धर्म मंत्र

# युद्ध का मैदान छोड़ कर भागने पर कृष्ण कहलाये रणछोड़ उसी का प्रतीक है रणछोड़ मंदिर

द्वारका में द्वारिकाधीश मंदिर के अतिरिक्त श्री कृष्ण जी का एक और भी भव्य मंदिर है जो उनसे जुड़ी एक रोचक कथा का प्रतीक है जिसके चलते इस मंदिर को रणछोड़ जी महराज के मंदिर के नाम से पुकारा जाता है। यहां गोमती के दक्षिण में पांच कुंए है। निष्पाप कुण्ड में नहाने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालु इन पांच कुंओं के पानी से कुल्ले करते है और तब रणछोड़जी के मन्दिर में प्रवेश करते है। रणछोड़जी का मन्दिर द्वारका का सबसे बड़ा और सबसे सुंदर मन्दिर माना जाता है। रण का मैदान छोड़ने के कारण यहां भगवान कृष्ण को रणछोड़जी कहते हैं। मंदिर में प्रवेश करने पर सामने ही कृष्ण जी की चार फुट ऊंची भव्य मूर्ति है, जो चांदी के सिंहासन पर विराजमान है। यह मूर्ति काले पत्थर से निर्मित है जिसमें हीरे-मोती से भगवान की आंखे बनी हैं और पूरा श्रंगार किया गया है। मूर्ति ने सोने की ग्यारह मालाएं गले में पहनी हुई हैं और भगवान को कीमती पीले वस्त्र पहनाये गए है। इसके चार हाथ है, जिनमें से एक में शंख, दूसरे में सुदर्शन चक्र, तीसरे में गदा और चौथे में कमल का फूल शोभायमान है। मुर्ति में रणछोड़ जी के सिर पर सोने का मुकुट सजा है। मंदिर में आने वाले भगवान की परिक्रमा करते है और उन पर फूल और तुलसी दल अर्पित करते हैं। मंदिर की चौखटों पर चांदी के पत्तर मढ़े हुए है, और छत से कीमती झाड़-फानूस लटक रहे हैं। एक तरफ ऊपर की मंजिल पर जाने के लिए सीढ़ियां है। सात मंजिल के इस मंदिर की पहली मंजिल पर अम्बादेवी की मूर्ति स्थापित है। कुल मिलाकर यह मन्दिर एक सौ चालीस फुट ऊंचा है।

## पर्यटन



# अमृतसर का मीठा पानी बनाता है यहां के हर एक स्वाद को निराला

गोल्डेन टेंपल, जलियांवाला बाग और फुलकारी कपड़ों के अलावा अमृतसर में टूरिस्ट को जो चीज सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह है यहां का खानपान। जो है बिल्कुल अलग और लजीज। आध्यात्मिक नगरी अमृतसर का कण-कण वीरता, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान का प्रतीक है। समृद्ध विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और विश्र्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक स्थल श्री हरिमंदिर साहिब के इस पावन शहर को गुरु साहिबान की मेहर प्राप्त है। संभवतः ऐसा विरला ही होगा जो इस ऐतिहासिक शहर की महत्ता से परिचित न हो। पर्यटन की दृष्टि से पूरी तरह डेवलप अमृतसर शहर में श्री हरिमंदिर साहिब, श्री दुग्र्याणा तीर्थ, शहीद स्थली जलियांवाला बाग, अटारी सीमा, किला गोबिंदगढ़ जैसे ऐतिहासिक जगहों को देखने देश-विदेश से रोजाना लगभग एक लाख टूरिस्ट आते हैं। टूरिस्ट को इन जगहों के अलावा जो चीज सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह है अमृतसर का खानपान। अंबरसरी कुलचाः वैसे तो आलू का कुलचा देश में ज्यादातर जगहों पर मिलता है, लेकिन जो स्वाद अमृतसर में बने कुचले का है, वैसा कहीं नहीं। आपने अपने शहर में फूड कॉर्नर पर अक्सर 'अंबरसरी' कुलचा लिखा देखा होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि अंबरसरी कुल्चे का अपना अलग ही स्वाद है। अमृतसर में कुलचे की सैकड़ों दुकानें हैं। यहां तक कि कई दुकानदार रेहड़ियों पर तंदूर लगाकर भी कुलचे तैयार करते हैं। अंबरसरी कुलचा बनाने वाले 'कुलचा लैंड' के संचालक सिमरजीत सिंह बताते हैं कि उनकी चौथी पीढ़ी इस काम में जुटी है। उनके दादाजी हुक्म सिंह ने कुलचे का कारोबार शुरू किया था। वह कहते हैं, 'उनके बाद मेरे पिता दीवान सिंह और अब मैं व मेरे बच्चे कुलचे बनाते हैं। आलू, पनीर, गोभी व प्याज से बनने वाले कुलचों की खुशबू ही लोगों को आकर्षित करती है। उसके साथ सफ़ेद चने, मूली व प्याज की चटनी इसे और जायकेदार करती है। अमृतसर में बनने वाला कुलचा इसलिए टेस्टी होता है, क्योंकि यहां का पानी मीठा है। असल में कुलचे का असली जायका अमृतसर में ही मिलता है।

# उल्लास से जनपद भर में मनाया गया प्रेम विश्वास का पर्व रक्षा बंधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन शुक्रवार जिले भर में उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में पर्व की तैयारियां शुरू हो गईं। बहनों ने पूजा की थाल सजाई, भाइयों के माथे पर रोली-कुमकुम और अक्षत से तिलक लगाया और आरती उतारकर उनकी कलाई पर राखी बांधी। इसके बाद मिठाई खिलाकर भाइयों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने और उनकी रक्षा का संकल्प दोहराया।

राखी के धागे में सिमटा बचपन और रिश्ते की गर्माहट

रक्षाबंधन सिर्फ कलाई पर बंधने वाला धागा नहीं, बल्कि बचपन की शरारतों, छोटी-छोटी नोकझोंक, रूठने-मनाने और उम्र के हर पड़ाव पर एक-दूसरे का साथ निभाने का प्रतीक है। 'दूरी भी नहीं तोड़ सकी रिश्ते की डोर'' नौकरी और कारोबार के सिलसिले में दूसरे शहरों में रहने वाले भाई रक्षाबंधन पर बहनों से राखी बंधवाने घर पहुंचे। वहीं दूर रह रहीं बहनों ने भाइयों को राखी और मिठाई भेजी। जो भाई-बहन साथ नहीं पहुंच सके, उन्होंने फोन और वीडियो कॉल के जरिए एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। दूरियों के बावजूद रिश्ते की गर्माहट कायम रही। बाजारों में राखी और मिठाई की दुकानों पर उमड़ी भीड़ रक्षाबंधन को लेकर निंदूरा कस्बे सहित क्षेत्र के बाजार सुबह से ही गुलजार रहे। राखी, मिठाई और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। रंग-बिरंगी राखियों से सजी दुकानों पर बहनें पसंदीदा राखी चुनती नजर आईं। मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारी का सिलसिला चलता रहा। त्योहार के चलते देर शाम तक बाजारों में चहल-पहल बनी रही। रक्षाबंधन ने एक बार फिर रिश्तों की उस ताकत को सामने रखा, जिसे समय और दूरी भी कमजोर नहीं कर पाते। कलाई पर बंधा छोटा-सा धागा भाई-बहन के बीच बड़े भरोसे और जीवनभर साथ निभाने के संकल्प का प्रतीक बन गया। ''सिद्धौर'' भाई-बहन के अटूट प्रेम, भाव का पर्व ''रक्षाबंधन'' पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही घरों में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने भाई की कलाई पर प्रेम और विश्वास की डोर बांधकर उनकी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा का संकल्प लिया।पूरे क्षेत्र में रक्षाबंधन का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और उल्लास के खुशनुमा माहौल में मनाया गया।

# बेलहरा में अकीदत के साथ निकला मदहे सहाबा का जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेलहरा, बाराबंकी। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश के अवसर पर गुरुवार को बेलहरा कस्बे में जुलूस-ए-मदहे सहाबा अकीदत और उल्लास के साथ निकाला गया। जुलूस में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। कस्बे की करीब पांच दर्जन अंजुमनों ने शामिल होकर सहाबा की शान में नातिया कलाम पेश किया।

जुलूस लच्छीपुर चौराहे से शुरू होकर मुख्य मार्ग से होते हुए किले के पास पहुंचा, जहां अंजुमनों को सम्मानित किया गया। समाजसेवियों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर जलपान की व्यवस्था की। इससे पूर्व ईदगाह से निकली रैली में लोगों ने तिरंगा और इस्लामी झंडे लेकर नारे लगाए। काबा-मदीना की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य मार्ग और मस्जिदों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था। सुरक्षा के लिए चौकी प्रभारी अरविंद पटेल पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

# खेल, शिक्षा और नवाचार सफलता के तीन स्तंभ : कुलपति प्रो. राकेश सिंह

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जनपद में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद क्रीड़ा संकुल में शनिवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को खेल को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई।

कुलपति ने कहा कि शिक्षा, शोध और नवाचार के साथ खेल भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी हैं। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और स्वस्थ मस्तिष्क सृजनात्मक सोच, शोध एवं नवाचार को नई दिशा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा खेल के मैदान में बिताने और फिट इंडिया के उद्देश्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, टीम भावना, संघर्ष और लक्ष्य के प्रति समर्पण की सीख भी देते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, पर्याप्त अवसर और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उनका सपना है कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षा और नवाचार के साथ खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाए।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर परिसर में बैडमिंटन, योगाभ्यास और रस्साकसी की पुरुष एवं महिला प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। कुलपति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण खेल भावना, अनुशासन और निरंतर मेहनत है।

कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, खेलकूद परिषद के सचिव प्रो. शेखर सिंह सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।समापन पर कुलपति ने विद्यार्थियों से खेल के साथ शिक्षा, शोध और नवाचार में उत्कृष्टता हासिल कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, अनुशासित और ऊर्जावान युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव तैयार कर सकते हैं।

## साइबर ठगी मामले में हरियाणा पुलिस ने कस्बे से दबोचा साईबर ठग

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले मे हरियाणा पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सुमेरपुर कस्बे की नई बस्ती में छापा मारकर एक युवक को अपने साथ दबोचकर हरियाणा ले गई है। युवक के खिलाफ साइबर ठगी का मुकदमा हरियाणा के गुरुग्राम थाने में दर्ज है। शनिवार को हरियाणा पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने थाना पुलिस को साथ लेकर सुमेरपुर कस्बे की नई बस्ती में छापा मारकर शैलेंद्र सिंह यादव को हिरासत में लेकर अपने साथ हरियाणा ले गई है। थानाध्यक्ष पवन कुमार पटेल ने बताया कि युवक के खिलाफ हरियाणा के गुरुग्राम थाने में साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज है। युवक के खाते में हजारों रुपए के लेनदेन किया गया। हरियाणा क्राइम ब्रांच टीम ने बताया कि युवक के खिलाफ अभियोग दर्ज है।

## स्ट्रीट लाइट के पोल में उतरा करंट, भैंस की मौत

**पहले भी हो चुकी है घटना, विभाग एक-दूसरे पर डाल रहे जिम्मेदारी**

बेलहरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत और बिजली विभाग की लापरवाही के चलते स्ट्रीट लाइट के पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर शुक्रवार को एक भैंस की मौत हो गई। करीब 70 हजार रुपये की भैंस गंवाने वाले पीड़ित ने संबंधित विभागों को पत्र देकर उचित मुआवजा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला लच्छीपुर निवासी विष्णु वर्मा शुक्रवार दोपहर मवेशियों को चराने जा रहे थे। ईदगाह मार्ग पर कर्बला के पास उनकी भैंस स्ट्रीट लाइट के पोल के संपर्क में आ गई। पोल में करंट उतरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित का कहना है कि इससे पहले भी पोल में करंट उतरने से उनकी एक गाय की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे नगर पंचायत और बिजली विभाग के कर्मचारियों ने एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल दी। इससे स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों ने सवाल उठाया कि यदि पोल के करंट की चपेट में कोई राहगीर या बच्चा आ जाता तो जिम्मेदार कौन होता?

नगर पंचायत का कहना है कि उसकी लाइन दिन में बंद रहती है और पोल पर घरेलू केबल लपेटे जाने से करंट उतरने की आशंका है। वहीं बिजली विभाग ने हादसे के लिए नगर पंचायत के पोल को जिम्मेदार बताया है। विभाग ने जांच के लिए कर्मचारियों को भेजने की बात कही है।

## रक्षाबंधन पर 16 घंटे रही बिजली गुल, 130 घरों में पसरा अंधेरा

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा टिकैतगंज के लोहारन मोहल्ले और आसपास के करीब 120-130 घरों में रक्षाबंधन के दिन 16 घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को भारी परेशानी हुई। बिजली न होने से पानी की किल्लत भी पैदा हो गई और लोगों को हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ा। शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे बिजली आपूर्ति बाधित हुई, जो शनिवार शाम करीब 3:30 बजे बहाल हो सकी। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह से अधिकारियों द्वारा तार उपलब्ध न होने की बात कही जाती रही। बाद में पुराने जर्जर तारों को जोड़कर आपूर्ति बहाल की गई। लोगों ने सवाल उठाया कि जब पुराने तार जोड़कर ही बिजली चालू करनी थी तो यह काम सुबह ही क्यों नहीं किया गया। बताया कि जर्जर तार पहले भी कई बार गिर चुके हैं और कुछ दिन पूर्व एसडीओ को प्रार्थना पत्र देकर तार बदलने की मांग भी की गई थी। लोगों ने स्थायी समाधान की मांग की है।

## पेट्रोल पंप पर घायल चौकीदार की उपचार के दौरान मौत, सीसीटीवी से खुला मामला

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फतेहपुर मार्ग स्थित उदय पेट्रोल पंप पर चौकीदारी करने वाले 55 वर्षीय ऐसनारायण की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घायल होने के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो ऐसनारायण पंप के किनारे से नीचे गिरते दिखाई दिए। पुलिस के अनुसार संतुलन बिगड़ने से गिरने के कारण उन्हें गंभीर चोट लगी थी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने जांच की जानकारी परिजनों को दी, जिस पर उन्होंने संतोष जताया।

## बस में महिला के गले से सोने का लॉकेट खींचा

रामनगर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रक्षाबंधन पर बुढ़वल बस अड्डे से गोंडा डिपो की बस में सवार महिला के गले से सोने का लॉकेट खींच लिए जाने से हड़कंप मच गया। महिला अपनी बहन के साथ जरवल रोड स्थित भाई के घर राखी बांधने जा रही थी। बताया गया कि भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात व्यक्ति ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस में सवार यात्रियों से करीब एक घंटे तक पूछताछ की, लेकिन लॉकेट बरामद नहीं हो सका। इस दौरान महिला की कुछ यात्रियों से बहस भी हुई।

# किसान की बेटी नेहा ने यूजीसी नेट-जेआरएफ में लहराया परचम




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकासखंड मसौली के मुंजापुर गांव निवासी किसान लवलेश वर्मा की बेटी नेहा वर्मा ने हिंदी विषय में यूजीसी नेट-जेआरएफ उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

साधारण ग्रामीण परिवार से आने वाली नेहा ने सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत जारी रखी। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा मसौली से लेने के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा पूरी की। हिंदी साहित्य में रुचि के चलते उन्होंने नेट-जेआरएफ की तैयारी की और सफलता हासिल की। नेहा अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों के मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत को देती हैं। उनका लक्ष्य असिस्टेंट प्रोफ़ेसर बनकर शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देना है। नेहा की उपलब्धि ग्रामीण बेटियों के लिए प्रेरणा बनी है।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए बाराबंकी की 11 बालिकाएं रवाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेशीय विद्यालयी बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिले की 11 छात्राएं शनिवार को बलिया के लिए रवाना हुईं। जिला व्यायाम शिक्षिका रितु पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता 30 अगस्त से तीन सितंबर तक आयोजित होगी। चयनित खिलाड़ियों में बंकी ब्लॉक की दिपाली, निधि व लक्ष्मी, देवा ब्लॉक की कुमुद व सृष्टि तथा हैदरगढ़ ब्लॉक की उर्मिला, प्रिसी, दीपिका, अंशिका, अनुष्का और रूबी शामिल हैं। रवानगी के समय खेल प्रशिक्षक माध्यमिक तौहीद खान, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक दिलीप तिवारी, दिवाकर अवस्थी, रोहित नाग, ज्ञानेंद्र, किरन विश्वकर्मा और आशीष वर्मा सहित अन्य खेल शिक्षक मौजूद रहे।

# सरयू की कटान रोकने के लिए बबुरी में युद्धस्तर पर काम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। बबुरी गांव में सरयू नदी की तेज कटान को रोकने के लिए बाढ़ खंड विभाग ने शनिवार को युद्धस्तर पर काम शुरू किया। नदी किनारे कटान रोकने के लिए प्रोक्यूपाइन प्वाइंट लगाए जा रहे हैं।

बाढ़ खंड के अवर अभियंता राहुल कुमार ने बताया कि नदी के प्रकोप को देखते हुए कटान रोकने के लिए प्रोक्यूपाइन लगाए जा रहे हैं। विभागीय टीम मौके पर रहकर कार्य की निगरानी कर रही है। एसडीएम अनिल सरोज के निर्देश पर लेखपाल अवधेश शुक्ला और पंचायत सचिव आशीष कुमार यादव ने भी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। भाजपा नेता रवींद्र अवस्थी ने ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें प्रशासन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

# चित्रकूट में मंदाकिनी का रौद्र रूप, रामघाट जलमग्न, पुल बहा और कई इलाके प्रभावित

एजेंसी

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में मंदाकिनी नदी ने शनिवार को रौद्र रूप धारण कर लिया। नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने के कारण बाढ़ का पानी रामघाट समेत आसपास के निचले इलाकों में फैल गया। मध्य प्रदेश की सीमा से लगे नया गांव में मंदाकिनी नदी पर बना पुल तेज बहाव में बह गया। पुल के टूटने से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच संपर्क टूट गया है। शाम पांच बजे तक मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से करीब आठ मीटर ऊपर बह रही थी। मंदाकिनी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही रामघाट और आसपास के इलाकों में पानी तेजी से भरने लगा। रामघाट की मार्केट की सभी दुकानें बाढ़ के पानी में डूब गई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद हैं और राहत एवं बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की।

प्रशासन ने झांसी-मिर्ज़ापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन रोक दिया है। जिला मुख्यालय पहुंचने से पहले बने पुल पर भी मंदाकिनी का पानी बह रहा है। कई प्रमुख मार्गों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ है और चित्रकूट आने-जाने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

रामघाट का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया है। बाढ़ के कारण घाटों पर होने वाली धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इसके साथ ही चित्रकूट के पर्यटन पर भी इसका असर पड़ा है। प्रशासन ने लोगों से नदी और बाढ़ प्रभावित इलाकों से दूर रहने की अपील की है। मंदाकिनी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार को ड्रोन कैमरों के जरिए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी की। हवाई तस्वीरों और वीडियो में नदी का पानी घाटों, पुलों और आसपास के इलाकों में तेजी से फैलता दिखाई दिया। पानी की तेज धार और जलमग्न पुलों से बाढ़ की गंभीर स्थिति क अंदाजा लगाया जा सकता है। डीएम पुलकित गर्ग और एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलते ही सुबह से ही नदी किनारे और आसपास रहने वाले लोगों को अलर्ट कर दिया गया था। पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार स्थिति पर नजर रख रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और जरूरत के अनुसार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

चित्रकूट जिले में मंदाकिनी की बाढ़ से रामघाट के अलावा तरौंहा, सीतापुर, पहाड़ी और तिरहार क्षेत्र के दर्जनों गांव प्रभावित हुए हैं। वहीं मानिकपुर क्षेत्र में बरदहा नदी के उफान पर आने से पाठा क्षेत्र के कई गांवों में भी बाढ़ का खतरा बना हुआ है। प्रशासन की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार स्थिति का जायजा ले रही हैं।

## हाई कोर्ट के आदेश पर ध्वस्त ग्रीन बेल्ट में रोहन यादव ने फिर बसाए अवैध कब्जे, जांच की मांग

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विनियमित क्षेत्र बाराबंकी में भ्रष्टाचार का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। अवर अभियंता रोहन यादव पर आरोप है कि उन्होंने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश पर जमुरिया नदी के ग्रीन बेल्ट में ध्वस्त किए गए अवैध कब्जों पर अपनी साठ-गांठ से फिर से कब्जेदारी करा दी है। सामाजिक कार्यकर्ता महंत बी.पी. दास ने निदेशक, नगर एवं ग्राम नियोजन, लखनऊ तथा जिलाधिकारी बाराबंकी को शिकायती पत्र भेजकर जांच की मांग की है।

मुख्य आरोप: 1. IGRS पर फर्जी आख्या: IGRS संदर्भ! 40017626056564 दिनांक 28-07-2026 पर जो 5 पृष्ठीय आख्या दी गई है, उस पर नियत प्राधिकारी के हस्ताक्षर ही नहीं हैं। केवल लिपिक अंकित कुमार द्विवेदी और अवर अभियंता रोहन यादव के हस्ताक्षर हैं। बिंदु 6 और 7 खाली हैं। आख्या पर तारीख 24-05-2026 डाली गई है जबकि शिकायत 28-07-2026 की है, यानी शिकायत से 2 माह पहले ही आख्या तैयार।

2. ''100 से अवैध प्लाटिंग स्वीकार'': आख्या में स्वयं 100 से अधिक गाटा (ग्राम ओबरी वाद 84/2025, 85/2025, बनवा, बड़ेल, सरथरा, कुरौली, मोहम्मदपुर चौकी गाटा 112 पर हर्षवर्धन सिंह के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश पारित सहित) पर अवैध प्लाटिंग स्वीकार की गई है, फिर भी लिखा ''कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं''।

3. हाईकोर्ट की अवमानना सबसे गंभीर: हाईकोर्ट के आदेश पर जमुरिया नदी ग्रीन बेल्ट में जो अवैध कब्जे ध्वस्त किए गए थे, उन पर रोहन यादव की साठ-गांठ से फिर से कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया गया है। अब तो ग्रीन बेल्ट में पुनः कब्जेदारी शुरू हो गई है। इसकी

[8/29, 3:45 ?घ्ख्र] ख्रद्घ्‌ उ उ क्थप: भी जांच कराई जाए। जांच होगी तो वह सब स्पष्ट हो जाएगा कि किसकी मिलीभगत से, किसके संरक्षण में कितनी वसूली हुई है। यह माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की खुली अवमानना है।

4. ''ट्ठक्रका जवाब नहीं'':

दिनांक 08-07-2026 को रजिस्ट्री संख्या क्ष्454102884क्ग द्वारा 7 बिंदुओं पर ट्ठक्रदायर की थी।समय-सीमा बीतने के 50 दिन बाद भी कोई जवाब नहीं। दिनांक 17-08 -2026 को 48 घंटे वाली ट्ठक्र(10 रु नोट संख्या 09क्940109) का भी जवाब नहीं। प्रथम अपील दायर, अब द्वितीय अपील राज्य सूचना आयोग में।

- बिना हस्ताक्षर वाली फर्जी आख्या निरस्त कर त्र्ख्रट्ठ पुनः खोला जाए। रोहन यादव, अंकित द्विवेदी व बड़े बाबू को निलंबित कर जांच हो। ग्रीन बेल्ट में पुनः कब्जेदारी की स्थलीय जांच की कार्यवाही व पुनः ध्वस्तीकरण हो।

# थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत, निरंतरता और फॉर्म पर होगी नजर

एजेंसी




दुबई। ऐसे समय में जबकि टीम की फॉर्म और निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं तब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को यहां महिला टी20 एशिया कप ग्रुप ए के अपने पहले मैच में थाईलैंड के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। पिछले एक दशक में महिला टी20 एशिया कप में भारत सबसे दबदबा बनाने वाली टीम रही है। उसने 2016-17 से इस टूर्नामेंट के टी20 प्रारूप के पांच संस्करणों में तीन बार खिताब जीता है लेकिन हाल में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

भारत ने इस साल खेले गए 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से नौ मैच हारे हैं। उसको आखिरी हार हाल में महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से मिली थी। भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। ऐसे समय में जबकि कप्तान हरमनप्रीत के खुद की फॉर्म और सबसे छोटे प्रारूप में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठ रहे हैं तब भारत एशिया के दो प्रमुख टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रहा है। एशिया कप के तुरंत बाद जापान में एशियाई खेल होंगे। इन दोनों प्रतियोगिताओं में भारत खिताब के मजबूत दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा। भारत को आठ टीमों वाली महिला टी20 एशिया कप में थाईलैंड, हांगकांग और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। हरमनप्रीत ने महिला टी20 विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता का अभाव है जो टीम के लिए चिंता का विषय है। एशिया कप और एशियाई खेलों के लिए भरोसेमंद बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स के बाहर होने के बाद भारत ने अपनी टीम में प्रतिका रावल को शामिल किया है, लेकिन टीम को मध्य क्रम में जेमिमा की कमी खलेगी। भारत के पास स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में मजबूत सलामी जोड़ी है लेकिन तीसरे नंबर और उसके बाद के बल्लेबाजों के लिए सबसे बड़ी चुनौती लय को बनाए रखना और स्कोरबोर्ड को गति प्रदान करना होगा। पिछली बार जब भारत इस प्रारूप में खेला था तब खराब फील्डिंग बड़ी चिंता का विषय था। भारतीय खिलाड़ियों ने कई कैच छोड़े जो उसकी हार का प्रमुख कारण भी रहा। भारत को अगर एशिया कप और एशियाई खेलों में अपना दबदबा बरकरार रखना है तो उसे अपनी फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। गेंदबाजी में भारत की तरफ से स्पिन आक्रमण की अगुवाई अनुभवी ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा करेगी। इस विभाग में भारत के पास टी20 विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाली श्री चरणी, राधा यादव और प्रेमा रावत शामिल हैं। भारत का तेज गेंदबाजी आक्रमण भी मजबूत नजर आ रहा है, जिसमें अनुभवी रेणुका सिंह ठाकुर के साथ क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी और नंदनी शर्मा जैसी गेंदबाज शामिल हैं। जहां तक थाईलैंड का सवाल है तो वह हांगकांग के खिलाफ पहले मैच में मिली जीत से उत्साहित होगा। थाईलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 120 रन बनाए और फिर हांगकांग को सात विकेट पर 114 रन पर रोक दिया। थाईलैंड की कप्तान नारुएमोल चाईवाई (43) ने बल्लेबाजी में अहम योगदान दिया जबकि ओन्निचा कामचोम्फू ने तीन और फनिता माया ने दो विकेट लेकर गेंदबाजी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खराब फॉर्म से उबरकर यूएस ओपन में खिताबी हैट्रिक बनाने उतरेगी सबालेंका

एजेंसी




न्यूयॉर्क। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका हाल की खराब फॉर्म के बावजूद रविवार से यहां शुरू होने वाले यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सबालेंका पिछले कुछ टूर्नामेंटों में चौथे दौर से आगे भी नहीं बढ़ पाई हैं जिसे देखते हुए वह सेरेना विलियम्स (2012-14) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए शायद ही तैयार दिखती हैं। लेकिन सबालेंका चिंतित नहीं लग रही हैं। वह तो विद्रोही लग रही हैं। जो लोग यह जानना चाहते थे कि उनके खेल में क्या खराबी है, उनके जवाब में उन्होंने कहा, ''शायद लोगों में ही कुछ खराबी है। सबालेंका ने साल की अच्छी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलेना रायबाकिना से हारने के बाद उन्होंने इंडियन वेल्स और मियामी में लगातार दो हार्ड कोर्ट खिताब जीते। विंबलडन में चौथे दौर में नाओमी ओसाका से हारने के बावजूद माना जा रहा था कि वह जल्द ही अपनी पुरानी फॉर्म में लौट आएंगी, क्योंकि हार्ड कोर्ट उनकी पसंदीदा सतह रही है। लेकिन सबालेंका टोरंटो में चौथे दौर में एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा से हार गई और सिनसिनाटी में सारा बेजलेक ने उन्हें दोनों सेटों में बढ़त का फायदा नहीं उठाने दिया। सबालेंका ने कहा, ''वह दौर मेरे लिए अच्छा नहीं था। मैं अपना बचाव नहीं करना चाहती, लेकिन जाहिर है कि मैं उस दौर के बारे में बात नहीं करना चाहती। मैं कई चीजों से जूझ रही थी। उन्होंने कहा, ''मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया। ये कड़े सबक मुझे और भी ज़्यादा मज़बूत बनाएंगे और मैं और कड़ी मेहनत करूंगी। वापसी करना बस समय की बात है। सबालेंका लगातार तीसरा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यहां 2024 में फाइनल में जेसिका पेगुला को हराकर पहली बार खिताब जीता था। पिछले साल उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को हराकर अपने खिताब का बचाव किया था।

# चोटिल नीरज चोपड़ा एशियाई खेलों से हुए बाहर

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत के भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा प्रशिक्षण के दौरान चोट लगने के कारण आगामी एशियाई खेलों से बाहर हो गए हैं। चोपड़ा ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि लुसाने में 88.05 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने के तुरंत बाद उनके टखने में लिगामेंट फट गया। चोपड़ा ने कहा, ''कड़ी मेहनत के एक दौर के बाद, मुझे आखिरकार लगा कि मैं वह गति हासिल कर रहा हूं जिसकी मुझे तलाश थी, और यह गति मुझे लुसाने में सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ मिली। दुर्भाग्यवश, कुछ ही समय बाद, प्रशिक्षण के दौरान मेरे टखने के लिगामेंट में चोट लग गई। अपने चिकित्सा और टीम से सलाह मशवरा करने के बाद, हमने फैसला किया है कि मैं इस सीजन के बाकी बचे मैचों में नहीं खेल पाऊंगा। यह निराशाजनक है, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैं अपनी लय पाने के करीब था। लेकिन जैसा कि कहते हैं, उतार-चढ़ाव तो जीवन का हिस्सा होते हैं। उन्होंने आगे कहा, अब मेरा ध्यान पूरी तरह से ठीक होने और पहले से भी अधिक मजबूत होकर वापसी करने पर है। चोपड़ा के सीजन से हटने का मतलब यह भी है कि वह डायमंड लीग फाइनल और पहले विश्व एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं ले पाएंगे, जिसके लिए उन्होंने क्वालीफाई कर लिया था। उन्होंने जून और अगस्त में दोहा और लुसाने में आयोजित डायमंड लीग स्पर्धाओं में दूसरा स्थान हासिल किया था और ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में 85.83 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। बाद में उन्होंने लुसाने डायमंड लीग में अपने प्रदर्शन को सुधारते हुए 88.05 मीटर का थ्रो किया। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन को हाल ही में चोटों से काफी परेशानी हुई है, पिछले साल सितंबर से उन्हें पीठ के निचले हिस्से में एक और चोट सता रही है, जिसके कारण पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का उनका प्रयास विफल रहा।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल मंत्री ने दिया फिटनेस का संदेश, हर सप्ताह एक घंटा मैदान में बिताएं

एजेंसी



नई दिल्ली। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को देशभर में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली स्थित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में विशेष खेल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शामिल हुए। इस वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस का मुख्य आकर्षण राष्ट्रव्यापी 'एक घंटा खेल के मैदान में' अभियान रहा। इसका उद्देश्य विशेष रूप से युवाओं को कम-से-कम एक घंटा खेल और शारीरिक गतिविधियों के लिए समर्पित करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मनसुख मांडविया और अर्जुन राम मेघवाल ने मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ की। सुबह आठ बजे से सैकड़ों प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधियों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि 'एक घंटा खेल के मैदान में' अभियान का उद्देश्य फिट इंडिया आंदोलन को मजबूत करना और लोगों को खेलों को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा, मेजर ध्यानचंद की 121वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देशभर में 'एक घंटा खेल के मैदान में' कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसका उद्देश्य फिट इंडिया आंदोलन को बढ़ावा देना है। खेल मंत्री ने कहा कि देशभर में लाखों युवा सड़कों और मैदानों में एक घंटे खेलने के लिए सक्रिय रूप से आगे आ रहे हैं। डॉ. मांडविया ने कहा, ह्नए भारत के निर्माण के लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हर व्यक्ति स्वस्थ रहे और समाज स्वस्थ हो। यही हमें एक समृद्ध राष्ट्र बनाने में मदद करेगा। आइए, हर सप्ताह एक घंटा खेल के मैदान में बिताएं और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए नियमित खेल और शारीरिक गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक रूप से फिट और मानसिक रूप से तनावमुक्त रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहे हैं। कबड्डी और फुटबॉल से लेकर लगभग हर दिन बैडमिंटन खेलने तक, खेल मेरे जीवन का हिस्सा हैं। मेरा व्यक्तिगत मंत्र है- सुबह संगीत और शाम को खेल। नियमित रूप से खेलों में भाग लेने से हम शारीरिक रूप से फिट और स्वस्थ रहते हैं तथा मानसिक तनाव से भी दूर रहते हैं।

# देश का औद्योगिक उत्पादन जुलाई महीने में 6.7 फीसदी बढ़ा



एजेंसी

नई दिल्ली। अर्थव्यवस्था के मोंचे पर झटका लगने वाली खबर है। देश का औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर जुलाई में घटकर 6.7 फीसदी रही है। मुख्य रूप से खनन क्षेत्र में गिरावट के कारण औद्योगिक उत्पादन दर में कमी आई है। इससे पिछले महीने जून में यह 8.8 फीसदी रही थी। ये नई शृंखला के तहत जारी चौथा मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का आंकड़ा है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, ङ्कजुलाई में औद्योगिकी उत्पादन सूचकांक ने सालाना आधार पर 6.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। इसमें विनिर्माण क्षेत्र की 7.3 फीसदी वृद्धि और बिजली तथा गैस आपूर्ति क्षेत्र की 8.7 फीसदी वृद्धि का योगदान रहा।ङ्क आंकड़ों के मुताबिक खनन और उत्खनन क्षेत्र में जुलाई में 0.9 फीसदी की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले इसमें 10.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। आईआईपी वृद्धि दर जुलाई 2025 में 5.4 फीसदी थी। एनएसओ के मुताबिक जुलाई 2026 के लिए औद्योगिक वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.8 फीसदी के मुकाबले 6.7 फीसदी रही। जून के लिए आईआईपी का संशोधित अनुमान 8.8 फीसदी है। यह पहले जारी 7.3 फीसदी के अस्थायी अनुमान से अधिक है। जुलाई 2026 के लिए खनन और उत्खनन क्षेत्र की वृद्धि में 0.9 फीसदी की गिरावट आई। विनिर्माण, बिजली एवं गैस आपूर्ति तथा जल आपूर्ति, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्रों की वृद्धि दर क्रमशः 7.3 फीसदी, 8.7 फीसदी और 7.4 फीसदी रही मंत्रालय के जारी आंकड़ों के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र के 23 उद्योग समूहों में 19 ने जुलाई 2026 में सकारात्मक सालाना वृद्धि दर्ज की है। जुलाई के लिए शीर्ष तीन सकारात्मक योगदानकर्ता में मोटर वाहन, ट्रेलर और सेमी-ट्रेलर का विनिर्माण (22.2 फीसदी), विद्युत उपकरणों का विनिर्माण (28.3 फीसदी) और मशीनरी एवं उपकरणों का विनिर्माण (12.1 फीसदी) रहे। उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार आलोच्य महीने में सालाना आधार पर प्राथमिक वस्तुओं में वृद्धि 4.1 फीसदी, पूंजीगत वस्तुओं में 16.1 फीसदी, मध्यवर्ती वस्तुओं में 10.0 फीसदी, बुनियादी ढांचा/निर्माण वस्तुओं में 6.9 फीसदी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में 10.5 फीसदी रही। गैर-टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं में 1.0 फीसदी की गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) का त्वरित अनुमान हर महीने की 28 तारीख (या यदि 28 तारीख को छुट्टी हो तो अगले कार्यदिवस को) को जारी किया जाता है। यह सूचकांक स्रोत एजेंसियों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर संकलित किया जाता है, जो बदले में उत्पादक कारखानों/प्रतिष्ठानों से आंकड़े प्राप्त करती हैं। आईआईपी की संशोधन नीति के अनुसार, इन त्वरित अनुमानों को बाद के प्रकाशनों में संशोधित किया जाएगा।

# अर्जेंटीना ने भारतीय दवा क्षेत्र के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई

एजेंसी



नई दिल्ली। अर्जेंटीना ने भारतीय फार्मा सेक्टर के प्रवेश को आसान बनाने को लेकर बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। इस हफ्ते वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की ब्यूनस आयर्स यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि अर्जेंटीना ने अपने यहां भारतीय दवा क्षेत्र के प्रवेश को सुगम बनाने के लिए बाधाओं को कम करने की प्रतिबद्धता जताई है। मंत्रालय ने बताया कि इससे भारतीय दवा कंपनियों के लिए व्यापक अवसर मिलने और अर्जेंटीना में गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार होने की उम्मीद है। मंत्रालय ने कहा, अर्जेंटीना ने अपने दवा नियामक ढांचे के तहत भारत को एनेक्स-2 से एनेक्स-1 में अपग्रेड करने और बाजार में प्रवेश की बाधाओं को और कम करने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह मुद्दा इस सप्ताह वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की ब्यूनस आयर्स यात्रा के दौरान चर्चा में आया। वह भारत-अर्जेंटीना संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) की बैठक के लिए अर्जेंटीना के दौरे पर थे, जो 24 अगस्त 2026 को ब्यूनस आयर्स के पलासियो सैन मार्टिन में आयोजित की गई थी। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने किया, जबकि अर्जेंटीना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संबंध सचिव राजदूत फर्नांडो ब्रून ने किया। मंत्रालय ने बताया कि भारत और अर्जेंटीना के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2025 में 6.5 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया, जिसने 17 फीसदी से अधिक की निरंतर वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 729.328 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी




नई दिल्ली/मुंबई। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार 9वें हफ्ते इजाफा हुआ है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में एक हफ्ते के दौरान 12.422 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। ये इससे पहले फरवरी 2026 में 728.5 अरब डॉलर के पिछले सर्वकालिक उच्चतम स्तर को भी पार कर गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अगस्त को समाप्त हफ्ते में 12.42 अरब डॉलर बढ़कर 729.328 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते भी विदेशी मुद्रा भंडार 9.905 अरब डॉलर बढ़कर 716.907 अरब डॉलर हो गया था। आंकड़ों के मुताबिक विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में 9.482 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, ये बढ़कर 591.333 अरब डॉलर हो गया है। इस अवधि के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.801 अरब डॉलर बढ़कर 114.218 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 112 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जो अब बढ़कर 18.852 अरब डॉलर हो गया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की रिजर्व पोजिशन 26 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.925 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

# भारत में विनिर्माण कीजिए, दुनिया के लिए बनाइए: सीतारमण

## शिकागो में प्रमुख निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ हाई-लेवल बिजनेस गोलमेज

एजेंसी



नई दिल्ली/वाशिंगटन। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को भारत में विनिर्माण आधार और प्रौद्योगिकी एवं नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उनसे दुनिया के लिए कुछ बनाने के मकसद से यहां के टैलेंट और मौकों का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

वित्त मंत्री कार्यालय ने शनिवार को 'एक्स' पोस्ट में बताया कि सीतारमण ने शुक्रवार को शिकागो में प्रमुख निवेशकों और बिजनेस लीडर्स के साथ एक हाई-लेवल बिजनेस गोलमेज को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में भारत की व्यापक विकास दर, सुधारों की गति और लंबे समय के निवेश के लिए बढ़ते अवसरों पर जोर दिया। सीतारमण ने वैश्विक निवेशकों को भारत में विनिर्माण आधार एवं प्रौद्योगिकी तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने उनसे भारत की प्रतिभा और अवसरों का लाभ उठाकर दुनिया के लिए विनिर्माण करने का आग्रह किया। यह गोलमेज सम्मेलन शिकागो में भारत के कॉन्सुलेट जनरल ने यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के साथ मिलकर आयोजित किया था। इस बैठक का मुख्य फोकस ''भारत में निर्माण-भारत और दुनिया के लिए'' था, जिसमें विनिर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एवं डिजिटल, वित्तीय सेवाएं, बुनियादी ढांचा, खाद्य प्रसंस्करण, डिफेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में अवसरों पर चर्चा की गई। सीतारमण ने अपने संबोधन के दौरान इस बात पर जोर दिया कि भारत में निवेश का प्रस्ताव किसी एक सेक्टर पर नहीं बल्कि पिछले दशक में हुए बड़े पैमाने, विकास, टैलेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और लगातार सुधारों के मेल पर टिका है। निवेशकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने ''भारत ही क्यों, अभी क्यों'' पर बात की जिसमें मजबूत घरेलू मांग, निवेश-आधारित विकास, मैक्रो-इकोनॉमिक मजबूती, टैलेंट का बड़ा पूल और तेजी से बढ़ता डिजिटल और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर शामिल है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे ग्लोबल कंपनियां सप्लाई चेन और कैपिटल एलोकेशन का दोबारा आकलन कर रही हैं, भारत न केवल बड़े बाजार के तौर पर बल्कि लंबे समय के निवेश और कामकाज के प्लेटफॉर्म के तौर पर भी अपनी अहमियत बढ़ा रहा है। अन्य बातों के अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत में कई क्षेत्रों में हो रहे बदलावों पर प्रकाश डाला।

# शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ एफआईआर का निर्देश दें पीएम : राहुल

## शुद्धिकरण के लिए भाजपा और एसएसएस की विचारधारा को भी ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सहित सात राज्यों के चुनाव से पहले कंग्रेस ने छुआछूत को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा वाली जगह किए गए शुद्धिकरण समारोह का उल्लेख करते हुए इसे एक अपराध करार देते हुए इसके लिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की विचारधारा को जिम्मेदार ठहराया है।

कंग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में मीडिया से बात करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस की विचारधारा पर जमकर निशाना साधा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हल्द्वानी रैली के बाद उस जगह के शुद्धिकरण समारोह का जिक्र करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए। उन्होंने इसे दो विचारधाराओं की लड़ाई करार देते हुए प्रधानमंत्री से इस मामले में फौरन मामला दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की।



राहुल गांधी ने कहा कि शुद्धिकरण करना एक अपराध है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में रैली के बाद दस अगस्त को उस स्थान का शुद्धिकरण किया गया और 13 अगस्त को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे को सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि उनका अपमान हुआ है, पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने इसे एससी एसटी एक्ट का उल्लंघन करार देते हुए शुद्धिकरण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

लोकसभा में विपक्ष के नेता ने इस घटना को भाजपा आरएसएस की सोच से जोड़ते हुए कहा कि यह लोग नहीं चाहते कि दलित तरक्की करें, सम्मान के साथ जिएं और सफल हों। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का दावा है कि वह हर जाति से ताल्लुक रखते हैं, वह पूरे देश के प्रधानमंत्री है पर उनकी पार्टी के प्रमुख का कहना है कि शुद्धिकरण सही था। ऐसे में गेंद अब उनके पाले हैं। हम चाहते हैं कि पीएम एससी एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे।

राहुल गांधी ने मंच पर चार तस्वीर दिखाते हुए यह समझाने का प्रयास किया कि किस तरह छुआछूत की जाती है। उन्होंने कहा कि हजारो वर्षों से देश में दलितों पर अत्याचार और हिंसा की गई है। संविधान में यह गैर कानूनी है, पर आज भी स्कूलों, सार्वजनिक कुएं, चाय की दुकानों और दलितों की शादी ब्याह में यह देखने को मिलता है। उन्होंन कहा कि दलितों की जितनी बड़ी आवाज होती है, उन पर उतना बड़ा हमला किया जाता है।

दलित अपमान के मुद्दे पर राहुल गांधी कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ एनडीए सरकार में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी का भी जिक्र करते है। उन्होंने कहा कि जीतन राम मांझी जब मंदिर गए थे, तब भी मंदिर का शुद्धिकरण किया गया था। शुद्धिकरण को छुआछूत का दूसरा नाम करार देते हुए उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत फौरन मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाए। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित सात राज्यों में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में राहुल गांधी ने शुद्धिकरण के पूरे विवाद को कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के व्यक्तिगत अपमान का मामला नहीं मानते हुए इसे पूरे दलित समाज से जोड़ दिया है। राहुल गांधी ने इस मुद्दे को दलितों के प्रति सामाजिक भेदभाव और संविधान में दिए समानता से अधिकार से जोड़ा है। उनके मुताबिक शुद्धिकरण छुआछूत की मानसिकता को दर्शाती है और संविधान छुआछूत को खत्म कर चुका है। ऐसे में राहुल गांधी ने वर्ष 2024 की तरह विधानसभा में संविधान को केंद्र में रखकर रणनीति बनानी शुरु कर दी है। यह प्रश्न किए जाने पर कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कंग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इस बात पर नाराजगी जताई थी कि पार्टी नेताओं ने इस मुद्दे पर उतनी बात नहीं की, जितनी करनी चाहिए थी। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि उन सहित पार्टी के ज्यादातर नेताओं ने उस वक्त भी मल्लिकार्जुन खरगे का साथ दिया था। यह सिर्फ मल्लिकार्जुन खरगे का मुद्दा नहीं है। यह देश के हर गरीब और हर दलित व्यक्ति से जुड़ा मुद्दा है।

# एक गिरफ्तार, 66.80 लाख गोलियां जब्त

## मनोचिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली दवाओं के अवैध कारोबार का खुलासा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने मनोविकारों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाओं के गलत इस्तेमाल और तस्करी का खुलासा करते हुए करीब 66.80 लाख गोलियां जब्त की है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

खुफिया जानकारी के आधार पर सीबीएन की मध्य प्रदेश इकाई ने यह कार्रवाई की है। पंजाब-हिमाचल प्रदेश कॉरिडोर के रास्ते भारी मात्रा में इन दवाओं के अवैध कारोबार की जानकारी मिली थी। सीबीएन की टीम ने लगातार निगरानी रखते हुए ऑपरेशन वज्र 2.0 के तहत 27ऽ28 अगस्त को चंडीगढ़ऽबद्दी अंतरराज्यीय मार्ग पर रणनीतिक रूप से तैनाती की। इस कार्रवाई में मनोचिकित्सा में इस्तेमाल होने वाली 66,79,980 गोलियों की बड़ी खेप जब्त की गयी। इसमें एल्प्राजोलम, ट्रैमाडोल, निट्राजेपम और क्लोनाजेपम दवाएं शामिल थीं। ये दवाएं आवश्यक वैधानिक दस्तावेजों के बिना ले जायी जा रही थीं। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और एक ट्रक जब्त किया गया।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि रातभर निगरानी रखने के बाद 27 अगस्त को टीम ने उत्तर प्रदेश नंबर वाले एक संदिग्ध एसएमएल इसुजु सरताज ट्रक को रोका और विस्तृत तलाशी के लिए उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। कार्गो की कार्टन-दर-कार्टन गहन जांच के दौरान 120 मास्टर कार्टन मिले, जिनमें अवैध रूप से परिवहन की जा रही दवाएं थीं।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि अवैध कारोबार को छिपाने के लिए बड़ी मात्रा में ब्लिस्टर स्ट्रिप और डिब्बों से बैच नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी तिथि मिटा दी गयी थी। बड़ी मात्रा में ऐसी दवाएं भी मिलीं जिन पर अंग्रंजी में ''नॉट टू बी सोल्ड इन पंजाब हरियाण स्टेट'' यानी ''पंजाब हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए नहीं'' अंकित था।

# नारी सम्मान-सुरक्षा, नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संस्कृति के संरक्षण के अभियान से जुड़े लोग: विहिप

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने दिल्लीवासियों से नारी सम्मान और सुरक्षा, नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा भारतीय संस्कृति के संरक्षण के अभियानों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

विहिप इंद्रप्रस्थ प्रांत की ओर से शनिवार को यहां पर पत्रकार मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विहिप की प्रांत प्रमुख पासना अरोड़ा, प्रांत मंत्री सुनील सूरी, प्रांत प्रचार-प्रसार प्रमुख संजीव कुमार सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान संवाददाताओं से बातचीत में विहिप नेताओं ने राजधानी के तिलक नगर क्षेत्र में हाल में घटित हुई घटना का उल्लेख करते हुए प्रदेश सरकार एवं दिल्ली पुलिस से राजधानी के सभी जिम प्रशिक्षकों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिम जैसे स्थानों पर बड़ी संख्या में युवा एवं किशोर-किशोरियां आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम संचालकों और प्रशिक्षकों का सत्यापन आवश्यक है। संगठन ने कहा कि बजरंग दल के कार्यकर्ता जन-जागरूकता के उद्देश्य से दिल्ली के जिमों में जाकर सुरक्षा और सत्यापन संबंधी जानकारी जुटाने के लिए अभियान चलाएंगे। श्रीमती अरोड़ा ने कहा कि बालिकाओं और युवतियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि दुर्गा वाहिनी और मातृ शक्ति द्वारा 15 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं और युवतियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने युवतियों को सोशल मीडिया तथा ऑनलाइन परिचय के माध्यम से होने वाली धोखाधड़ी तथा पहचान छिपाकर मित्रता करने जैसी परिस्थितियों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता बतायी।

हाल में सामने आए मुस्कान हत्याकांड का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विहिप के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से भेंट कर संवेदना व्यक्त की तथा सहयोग का आश्वासन दिया है। दिल्ली में नारी सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान को और व्यापक बनाया जाएगा। इस दौरान श्री सूरी ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, ''सितंबर माह में बजरंग दल के वार्षिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विशेष युवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा, जिसका सूत्र वाक्य 'न नशा करेंगे, न करने देंगे' होगा। कार्यकर्ता नशे से संबंधित संदिग्ध गतिविधियों अथवा अड्डों की जानकारी संबंधित प्रशासन एवं पुलिस तक पहुंचाने के लिए जन-जागरूकता का कार्य करेंगे।

# उज़्बेकिस्तान और किर्गिज़ की यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारी मज़बूत होंगी: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उज़्बेकिस्तान तथा किर्गिज़ गणराज्य की उनकी यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारी मज़बूत होंगी और शांति, स्थिरता तथा समृद्धि के साझा प्रयासों को बल मिलेगा।

श्री मोदी ने दोनों देशों की चार दिन की यात्रा पर रवाना होने से पहले शनिवार को एक वक्तव्य में कहा कि वह राष्ट्रपति शावकत मिर्ज़ियोयेव के निमंत्रण पर 29 और 30 अगस्त को राजकीय यात्रा के लिए ताशकंद में रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव के साथ द्विपक्षीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा हाल के वर्षों में भारत-उज़्बेकिस्तान रणनीतिक साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। मैं राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव के साथ व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा, ऊर्ज़ा में हमारे सहयोग को और गहरा करने तथा विकसित भारत और यांगि उज़्बेकिस्तान के हमारे साझा दृष्टिकोणों को आगे बढ़ाने पर अपनी चर्चाओं को लेकर उत्सुक हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज़ में शास्त्री स्मारक और महात्मा गांधी केंद्र का भी दौरा करेंगे, जो दोनों देशों को जोड़ने वाले घनिष्ठ सांस्कृतिक और जन-से-जन संबंधों के प्रति एक श्रद्धांजलि है। श्री मोदी ने कहा कि ताशकंद से वह किर्गिज़ गणराज्य के राष्ट्रपति सादिर झापारोव के निमंत्रण पर 26वें एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए बिश्केक की यात्रा करेंगे जो इस महत्वपूर्ण संगठन के 25 वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। भारत 2017 से एससीओ का सक्रिय और रचनात्मक सदस्य रहा है। उन्होंने कहा, मैं क्षेत्र के लिए भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूँ, जो सुरक्षा, संपर्क और अवसर पर आधारित है, और ऐसे क्षेत्र के लिए साथी सदस्यों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूँ जो आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के संकट से मुक्त हो, जो हमारे पड़ोस और उससे आगे शांति और स्थिरता के लिए निरंतर खतरा बने हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह राष्ट्रपति झापारोव और अन्य एससीओ नेताओं से मिलने तथा छठे विश्व घुमंतू खेलों के उद्घाटन समारोह में भाग लेने के लिए भी उत्सुक हैं जो मध्य एशिया की समृद्ध जीवंत विरासत का उत्सव है, जिसका भारत गहरा सम्मान करता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी यात्रा से मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी। उन्होंने कहा,'' मुझे विश्वास है कि यह यात्रा मध्य एशिया में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करेगी, क्षेत्र के साथ हमारे सभ्यतागत जुड़ाव को गहरा करेगी, और शांति, स्थिरता तथा समृद्धि की हमारी साझा खोज को आगे बढ़ाएगी—वे मूल्य जो विश्व के साथ भारत के जुड़ाव के केंद्र में हैं।



### ताशकंद पहुंचे मोदी, राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव ने हवाई अड्डे पर किया स्वागत

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान और किर्गिज गणराज्य की चार दिन की यात्रा के पहले चरण में शनिवार शाम ताशकंद पहुंचे जहां हवाई अड्डे पर उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्ज़ियोयेव ने स्वयं उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति मिर्ज़ियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इसमें मुख्य रूप से व्यापार और निवेश, डिजिटल संपर्क, रक्षा, ऊर्ज़ा में सहयोग को और मजबूत करने तथा विकसित भारत और ' यांगि उज़्बेकिस्तान ' के साझा दृष्टिकोणों को आगे बढ़ाने पर चर्चा होगी।

### रेलवे उन्नत, पर्यावरण अनुकूल और नागरिक-केंद्रित अवसंरचनाओं के निर्माण के क्षेत्र में स्थापित कर रहा है नये कीर्तिमान

**नयी दिल्ली।** रेलवे उन्नत, पर्यावरण अनुकूल और नागरिक-केंद्रित अवसंरचनाओं का निर्माण करने दिशा में रोज नयी कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुजरात के अहमदाबाद और महाराष्ट्र के भिवंडी के रेलवे की अवसंरचना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। यह वीडियो नवाचार की कार्यक्षमता, सुरक्षा और स्थिरता को प्रदर्शित कर रहे हैं। रेलवे ने कहा है कि रेल कारखाना में बने प्रीकास्ट आरसीसी तकनीक और एडवांस्ड हाइड्रोलिक पुशिंग तरीकों को अपनाकर आधुनिक अवसंरचना के क्षेत्र में रोज नये कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं। गौरतलब है कि प्रीकास्ट आरसीसी तकनीक एक ऐसी आधुनिक निर्माण विधि है जिसमें कंक्रीट के घटकों (जैसे बीम, कॉलम और स्लैब) को निर्माण स्थल पर ले जाने से पहले किसी नियंत्रित फैक्ट्री या संयंत्र में सांचों में तैयार और मजबूत किया जाता है। वहीं, एक ऐसी आधुनिक तकनीक है जो भारी वस्तुओं को उठाने, खिसकाने, और मोड़ने के लिए असंपीड़ित द्रव और पास्कल के नियम का उपयोग करती है। रेलवे के अनुसार अहमदाबाद में पश्चिम रेलवे की निर्माण इकाई ने कारखाना में बने प्रीकास्ट आरसीसी बॉक्स का उपयोग करके पैदल यात्रियों के लिए भूमिगत मार्ग बनाया है, जिसमें 14 प्रीकास्ट सेगमेंट के साथ 21 मीटर की बैरल लंबाई है। इसे कट-एंड-कवर विधि के माध्यम से महज आठ घंटे में रात के समय में पूरा किया गया था। इसबॉक्स की पोस्ट-टेन्शनिंग, स्वेलिंग गैस्केट, डिंपल बोर्ड, एसएसबी मेम्ब्रेन के साथ वॉटरप्रूफ़िंग का इस्तेमाल किया गया है। वहीं, महाराष्ट्र में पनवेल-वसई रेलखंड पर सात चालू रेलवे लाइनों के नीचे पहला वॉटरप्रूफ़ पैदल यात्री मार्ग बनाय गया है। इसके निर्माण में चार बड़े प्रीकास्ट आरसीसी सेगमेंट के साथ हाइड्रोलिक पुशिंग तकनीकों का उपयोग किया गया है। साथ कई सीलिंग लेयर और सुरक्षात्मक मेम्ब्रेन के साथ विशेष वॉटरप्रूफ़िंग का भी उपयोग किया गया है।

### नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने लद्दाख में सियाचिन बेस कैंप में संचालन तैयारियों का जायजा लिया

नयी दिल्ली। नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अशोक के. लाहिड़ी ने सियाचिन बेस कैंप के दौरे पर उत्तरी ग्लेशियर का हवाई निरीक्षण किया और अत्यंत कठिन भूभाग तथा विषम परिस्थितियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा, जहां भारतीय सेना के जवान देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए तैनात रहते हैं। नीति आयोग ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट में जानकारी दी कि डॉ. लाहिड़ी के साथ एक टीम भी थी। सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर ने उन्हें ऊंचाई वाले ग्लेशियर क्षेत्र में तैनात सैनिकों के सामने आने वाली परिचालन परिस्थितियों और चुनौतियों की जानकारी दी। डॉ. लाहिड़ी ने रॉकक्राफ्ट ट्रेनिंग स्कूल का भी दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस क्षेत्र में सेवा के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद नीति आयोग के उपाध्यक्ष ने फायर एंड फ्यूरी कोर के मुख्यालय का दौरा किया, जहां कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल मदनराज पांडे ने उन्हें लद्दाख के विभिन्न परिचालन और विकासात्मक पहलुओं की जानकारी दी। उन्हें सैन्य आधुनिकीकरण, रसद, बुनियादी ढांचे का विकास, कनेक्टिविटी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश में सामाजिक पहुंच की पहल जैसे प्रमुख क्षेत्रों के बारे में बताया गया। इस दौरे से लद्दाख के कठिन भूभाग और अत्यधिक जलवायु परिस्थितियों से उत्पन्न विशिष्ट परिचालन चुनौतियों को समझने का अवसर मिला। साथ ही, इस क्षेत्र की बुनियादी ढांचे और विकास संबंधी आवश्यकताओं को भी रेखांकित किया गया। नीति आयोग ने कहा कि इस दौरे ने दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण ऊंचाई वाले युद्ध क्षेत्रों में से एक में देश की सीमाओं की सुरक्षा में भारतीय सेना के साहस, बलिदान और दृढ़ता को रेखांकित किया।

## पेज एक का शेष

### 287 भारतीय...

शुरू कर दिया। उनकी सिफारिश के आधार पर, उपकरणों के साथ भारत की एक विशेष सुरंग बचाव टीम के आज नेपाल पहुंचने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय ने कहा था कि नेपाल में फंसे सभी नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार की ओर से व्यवस्था की जायेगी। इसी व्यवस्था के तहत शुक्रवार को 21 भारतीय नागरिक स्वदेश लौटे थे। भारत ने अब तक तीन विमानों में कई टन राहत सामग्री काठमांडू भेजी है और उसने नेपाल को हर तरह की मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

### स्वाइन फ्लू को ...

के जिलों में स्वाइन फ्लू को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष तथा महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. पवन कुमार अरुण समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस की...

व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाने का काम किया था। यही नहीं सपा ने हर जिले में एक माफिया पैदा कर दिये थे। लेकिन अब डबल इंजन की सरकार में माफिया मिट्टी में मिलाये जा रहे हैं। अब वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज है। वन डिस्ट्रिक वन माफिया नहीं है। जिन डकैतों ने प्रदेश में उत्सव से पहले उपद्रव किया था, वे आज किस मुंह से प्रदेश में युवाओं की बातें कर रहे हैं। बेटियों पर आँख डाली तो जेल या जहाँनुम ही जगह है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में इस बार 251 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। एक हजार लोगों को राहत शिविरों में ठहराया गया है। 447 बाढ़ चैकियाँ बनाई गई हैं। हर बाढ़ पीड़ित को दस किलो आटा और अन्य सभी सामग्री दी जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि ये सभी सामग्री इसलिए उपलब्ध कराई जा रही है कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को कोई कठिनाई न हो। सभी के स्वास्थ्य के लिए भी व्यवस्था की गयी है। पशुओं के लिए भी सरकार ने खाद्य पदार्थ व टीकाकरण आदि की व्यवस्था की है। यह कार्य इसलिए हो पा रहा है क्योंकि आपने अच्छा विधायक चुना है। जब अच्छी सरकार चुनी जाती है तो अच्छा कार्य होता है। बलिया में दयाशंकर सिंह को चुना तो वे भी अच्छा कार्य कर रहे हैं। तीन दिन तक रक्षाबंधन पर परिवहन विभाग की बस में मुफ्त यात्रा कराई गई। कल से 60 साल की महिलाओं को अब फ्री यात्रा की सौगात दी गयी। उन्होंने कहा कि सरकार हर गरीब के साथ है। किसी को अकेले नहीं छोड़ा जाता है। दुर्घटना किसी भी प्रकार की हो, चाहे बाढ़, आकाशीय बिजली से और वन्य जीव से संघर्ष में मृत्यु होने पर सरकार द्वारा तत्काल सहायता दी जाती है। ये इसलिए हो रहा है कि डबल इंजन की सरकार है। हर महिला, हर किसान और युवा के लिए किया जा रहा है। सपा सरकार में यह राहत सामग्री हड़प लेते थे। उन्होंने मंच से भाजपा विधायकों, मंत्रियों व नेताओं के नामों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सभी नेता बलिया के विकास के लिए तत्पर हैं। मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि बलियावासियों की खूब प्रशंसा की; उन्होंने कहा कि बलिया मंगल पांडेय, जेपी और चित्तु पांडेय की धरती है। बलिया का व्यक्ति एक अलग पहचान रखता है। बलिया का व्यक्ति अपनी पहचान छुपाता नहीं है। बोले, बहुत शीघ्र मेडिकल कॉलेज के शिलान्यास के लिए आऊंगा। इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, विधायक केतकी सिंह, विधायक हंसू राम, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, जिलाध्यक्ष संजय मिश्र, सुनीता श्रीवास्तव, भरत सिंह, आनंद स्वरूप शुक्ल, उपेंद्र तिवारी, राजधारी सिंह, संजय यादव, शिवशंकर चौहान, सुरेंद्र सिंह आदि थे।

### जाति-क्षेत्र के नाम...

लेकर भय का माहौल रहता था। अब किसी की जमीन पर कब्जा करने की छूट नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की स्थिति खराब थी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफ़ेलाइटिस का संकट लंबे समय तक बना रहा। वर्ष 1977 से इस बीमारी के कारण परिवार अपने बच्चों को खोने की आशंका में जीते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने माफिया के साथ-साथ मच्छर और बीमारी के खिलाफ भी अभियान चलाया। आज इंसेफ़ेलाइटिस से पूर्वी उत्तर प्रदेश में किसी मासूम की मौत नहीं हो रही है। इसी तरह माफिया के खिलाफ भी निर्णायक कार्रवाई हुई है। कोई माफिया सिर उठाएगा तो कानून के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने बशारतपुर के कल्याण मंडपम् को गरीब और सामान्य परिवारों के लिए बड़ी सुविधा बताया। उन्होंने कहा कि यहां 300 से 500 लोगों की क्षमता वाला बड़ा सभागार, छोटा सभागार, छह कमरे, अटैच्ड रूम और बड़ा लॉन बनाया गया है। विवाह, मुंडन, बैठक, सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत अन्य आयोजन यहां किए जा सकेंगे। गरीब परिवारों को बेटी की शादी के लिए महंगे होटल या मैरिज हॉल का खर्च नहीं उठाना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गोरखपुर महानगर में छह कल्याण मंडपम तैयार हो चुके हैं और तीन अन्य निर्माणाधीन हैं। आने वाले समय में कुछ और कल्याण मंडपम स्वीकृत किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब तक प्रदेश में पांच लाख बेटियों का विवाह कराया जा चुका है। वर्तमान में बेटी की शादी के लिए एक लाख रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर महिलाओं को दी गई मुफ्त बस यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में माताओं, बहनों और बेटियों ने बसों से यात्रा कर भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। उन्होंने घोषणा की कि 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलेगी। इससे वे अयोध्या, काशी, प्रयागराज समेत धार्मिक स्थलों की यात्रा कर सकेंगी। योगी ने कहा कि स्नातक अंतिम वर्ष की मेधावी 50 हजार बेटियों को अगले दो महीने में स्कूटी देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। सरकार बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अब तक साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। अगले एक वर्ष में एक लाख और युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे और चुनाव से पहले इस लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। गोरखपुर में सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम पर एम्प्लॉयमेंट एंड स्किलिंग जोन विकसित किया जा रहा है। यहां युवाओं को उनकी क्षमता के अनुसार प्रशिक्षण और रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए भी जापान, जर्मनी और इजराइल जैसे देशों की जरूरत के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देने की दिशा में काम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में अब चार विश्वविद्यालय हैं और एम्स के साथ चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हुआ है। सड़कों के चौड़ीकरण के साथ फोरलेन और सिक्सलेन का नेटवर्क तैयार हुआ है। ट्रांसपोर्ट नगर फ्लाईओवर, विरासत गलियारा और सीएम ग्रिड जैसी परियोजनाएं शहर को नई पहचान दे रही हैं। रामगढ़ताल आज पर्यटन और फिल्म शूटिंग का नया केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि कभी अपराध के लिए बदनाम रामगढ़ताल आज गोरखपुर की पहचान बन गया है। जलभराव की समस्या दूर करने में गोडधोइ्या नाला जैसी परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से सफाई, यातायात और नागरिक सुविधाओं की निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभपहुंचाना है। प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, बेटियों की शिक्षा, विवाह सहायता और स्वास्थ्य सुविधाओं के जरिए गरीब, किसान, युवा, महिला और व्यापारी सभी के हित में काम किया जा रहा है। आखिर में मुख्यमंत्री ने जनता से विकास, सुरक्षा और सुशासन की इस यात्रा को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को उत्साह और उल्लास के साथ मनाने की अपील की।

### बार को अपनी सोच...

जिम्मेदारियों पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने देश में लंबित मामलों, देरी, बढ़ती लागत और अनिश्चितता पर चिंता जताई। जस्टिस नागरत्ना ने वकीलों को लोकतंत्र का 'सेफ्टी वाल्व' बताते हुए कहा कि बार की स्वतंत्रता वकीलों को उनके निजी लाभ के लिए दिया गया कोई अधिकार नहीं है। इसकी जरूरत इसलिए है क्योंकि संवैधानिक लोकतंत्र में ऐसे पेशेवरों का होना जरूरी है जो राज्य या यहां तक कि अपने मुवक्किल की अनुमति लिए बिना जरूरत पड़ने पर सलाह दे सकें, बहस कर सकें, सवाल उठा सकें और लोगों का प्रतिनिधित्व कर सकें। वकील संविधान के मूल्यों के प्रहरी हैं। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि तकनीक और एआई के बावजूद इंसानी विवेक और निर्णय लेने की क्षमता को पूरी तरह स्वचालित करना संभव नहीं है। कुछ सवालों के जवाब केवल कानून की जानकारी से नहीं मिल सकते। ऐसे मामलों में विवेक, संवाद, रणनीति और लोगों को समझने की क्षमता की जरूरत होती है। उन्होंने देश में लंबित मामलों पर कहा कि वकीलों को एकजुट होकर यह सोचना होगा कि न्याय देने की व्यवस्था को किस तरह मजबूत और टिकाऊ बनाया जा सकता है।

### सोनिया गांधी...

से जुड़ी कई किताबें प्रकाशित की है, ऐसे में सोनिया गांधी की किताब को लेकर अलग रुख क्यों है। उन्होंने कहा कि किताब से भाजपा और सरकार से कुछ लोग परेशान हो सकते हैं कि क्योंकि सच्चाई लोगों के सामने आ सकती है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि अपने संस्मरण में सोनिया गांधी ने भारतीय इलाके में चीन की घुसपैठ और सीमा पर मौजूदा हालात का जिक्र विस्तार से किया है। वहीं, सरकार के काम करने के तरीके और नीतियों पर भी सवाल उठाए गए हैं। इसके साथ उन्होंने किताब में आरएसएस को लेकर भी कई सख्त टिप्पणियां की है। दरअसल, कंग्रेस खासकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी चीन की घुसपैठ को लेकर सरकार पर आक्रामक रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की अप्रकाशित किताब को लेकर भी संसद के अंदर और बाहर काफी हंगामा हुआ था। ऐसे में चीन के मुद्दे पर सोनिया गांधी की किताब के बाद पार्टी इस मुद्दे पर सरकार को घेर सकती है। वहीं, दूसरी तरफ सरकार का कहना है कि लेखक और प्रकाशक के बीच के मतभेद को राजनीतिक मुद्दा बनाने और उसमें सरकार को घसीटने की कोई जरुरत नहीं है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यदि लेखक और प्रकाशक के बीच किसी मुद्दे को लेकर अंतर विरोध है तो दोनों पक्षों के अपने-अपने विचार और हित हो सकते हैं।

### वेनेजुएला के 65...

उपलब्ध नहीं कराया गया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने शुक्रवार को एक्स पर कहा कि यह समझौता वेनेजुएला में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निजी निवेश का रास्ता खोलेगा और अमेरिका में गैस की कीमतों में कमी लाएगा। रूबियो ने पोस्ट में कहा कि यह समझौता अमेरिकी और वेनेजुएला के लोगों, दोनों के लिए एक बड़ी जीत है।

### हिंसा के बजाय...

एक दशक में सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया, जिनमें सेमीकंडक्टर विनिर्माण, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, स्टार्ट-अप और विनिर्माण क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रगति का भी उल्लेख किया, जिसमें मानव अंतरिक्ष उड़ान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की योजनाएं तथा निजी अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की बढ़ती भूमिका शामिल है। शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अनुसंधान एवं विकास पर खर्च दोगुना हुआ है, 34 वर्षों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति लायी गई है और भारत वैश्विक नवाचार सूचकांक में ऊपर आया है तथा दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है। उन्होंने भारत की संस्कृति, सभ्यता और विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि विकसित भारत तथा आत्मनिर्भर भारत की यात्रा को केवल आर्थिक विकास से नहीं मापा जा सकता। उन्होंने कहा कि अपनी सभ्यता, संस्कृति और क्षमता में भारत का बढ़ता विश्वास ''मेक इन इंडिया'' की सफलता के पीछे है।

# दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण घटाने के लिए 'परिवर्तन' योजना तेज

■ 2.31 लाख पुराने ट्रक-बसों को बदलने का लक्ष्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने और पुराने वाणिज्यिक वाहनों को पर्यावरण-अनुकूल वाहनों से बदलने के लिए 'परिवर्तन' योजना के क्रियान्वयन को तेज कर दिया है। सरकार का लक्ष्य योजना के तहत पात्र 2,31,961 पुराने ट्रकों और बसों को नए वाहनों से बदलना है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए दो वर्ष में पूरा होने वाले लक्ष्य को एक वर्ष में हासिल करने का रोडमैप तैयार किया है। योजना के तहत नए वाहनों की खरीद पर वाहन मालिकों को कई स्तरों पर वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने शुक्रवार को यहां परिवहन भवन में पत्रकार वार्ता में बताया कि केंद्र सरकार की ओर से जून में मंजूर और जुलाई में अधिसूचित 'परिवर्तन' योजना को दिल्ली-एनसीआर में तेजी से लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहली ऐसी बहु-हितधारक एकीकृत योजना है, जिसमें केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों के साथ वाहन निर्माता, डीलर, बैंक तथा तेल एवं गैस कंपनियां एक साझा डिजिटल मंच पर जुड़ी हैं। मंत्रालय के सचिव ने बताया कि योजना के क्रियान्वयन के लिए एनसीआर के 37 जिलों में जिलाधिकारियों के नेतृत्व में जमीनी अभियान चलाया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि पुराने और अधिक प्रदूषण फैलाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को तेजी से हटाकर अगले कुछ महीनों में वायु गुणवत्ता पर इसका असर दिखाई देने लगे। 'परिवर्तन' यानी 'प्रोग्राम फॉर एक्सेलेरेटेड रिन्यूअल एंड इंसेंटिवाइजेशन ऑफ व्हीकल एसेट्स फॉर रिड्यूसिंग ट्रांसपोर्ट एयर पॉल्यूशन एंड नेटवर्क एमिशंस' योजना का कुल परिव्यय 9,585 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार की बजटीय सहायता 5,041 करोड़ रुपये है। योजना के दायरे में 30 अप्रैल 2026 तक दिल्ली-एनसीआर के 37 जिलों में पंजीकृत बीएस-4 और उससे पुराने ट्रक तथा बस शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार योजना के लिए पात्र 2,31,961 पुराने वाहनों में 2,00,121 ट्रक और 31,840 बसें हैं। इनमें हरियाणा के 1,06,720, दिल्ली के 78,503, उत्तर प्रदेश के 40,176 और राजस्थान के 6,562 वाहन शामिल हैं। मंत्रालय के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के कुल वाहन बेड़े में ट्रकों और बसों की हिस्सेदारी करीब 3.1 प्रतिशत है, लेकिन परिवहन क्षेत्र से होने वाले पीएम 2.5 उत्सर्जन में इनका योगदान 36 प्रतिशत से अधिक है। सरकार ने वाहन मालिकों के लिए योजना को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से एक्स-शोरूम कीमत के करीब 25 से 30 प्रतिशत तक का संयुक्त वित्तीय लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। योजना में शामिल 15 प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां एक्स-शोरूम कीमत पर कम से कम आठ प्रतिशत की सीधी छूट दे रही हैं। ये कंपनियां कुल बाजार बिक्री के करीब 96 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करती हैं।

# महापौर ने भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण कर, बायो माइनिंग कार्यों का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही ने शनिवार को भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण कर वहां चल रहे बायो माइनिंग कार्यों का जायजा लिया।

महापौर प्रवेश वाही ने अधिकारियों को भलस्वा लैंडफिल साइट पर चल रहे कचरा निस्तारण के कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बायो माइनिंग कार्यों में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मशीनें लगाई जाएं। प्रवेश वाही ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा लिगेसी कचरे का पहाड़ पहले से काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर प्रतिदिन लगभग 15000 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण होता है। वाही ने अधिकारियों को अतिरिक्त मशीनें लगाने के आदेश दिए गए हैं ताकि लिगेसी कचरे का निस्तारण निर्धारित समय में पूरा कर लिया जाए। महापौर ने कहा कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर जमा नए कचरे के निस्तारण में सितंबर के उपरान्त ओर तेजी आ जाएगी। उन्होंने बताया कि लैंडफिल साइट पर केवल 4-5 लाख टन लिगेसी कचरा बचा है और नए कचरे का निस्तारण दोगुनी तेजी से करने के निर्देश दिए। प्रवेश वाही ने बताया कि भलस्वा लैंडफिल साइट पर वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र लगाने का कार्य भी चल रहा है जिसके पश्चात कचरा निस्तारण के कार्य में और भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि लैंडफिल साइट से कचरा निस्तारण के बाद निकलने वाले इनर्ट को जमीन की भराई के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा स्वच्छ सुन्दर एवं कचरा मुक्त दिल्ली के मिशन को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दिल्ली के नागरिकों से अपील की कि वो कूड़े को चार श्रेणियों में पृथक कर कूड़े का सही तरीके से निस्तारण करें। स्वच्छता को अपनी आदत बना कर दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं हरित बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जसवीर सिंह गढ़ी ने एससी आयोग के चेयरमैन पद से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के चमकौर साहिब का हलका इंचार्ज बनाए जाने के बाद जसवीर सिंह गढ़ी ने पंजाब अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया है। गढ़ी ने शुक्रवार को चंडीगढ़ में इसका खुलासा करते हुए बताया कि उन्होंने 26 अगस्त की शाम को ही चेयरमैन पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके अगले दिन 27 अगस्त को आम आदमी पार्टी ने उन्हें चमकौर साहिब का हलका इंचार्ज घोषित किया। गढ़ी ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पंजाब में काफी चर्चा रही, जबकि वह उस समय पंजाब से बाहर थे। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के विधानसभा क्षेत्र चमकौर साहिब में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत करने और सभी वर्गों के लोगों को आम आदमी पार्टी से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी है। गढ़ी ने कहा कि पार्टी ने पहले उन्हें फगवाड़ा, फिर आनंदपुर साहिब लोकसभा क्षेत्र में जिम्मेदारी दी और अब चमकौर साहिब में संगठन मजबूत करने का काम सौंपा है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के सिपाही हैं और नेतृत्व जहां भी ड्यूटी लगाएगा, वह उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।

### पंजाब के एडवोकेट जनरल मनिंदरजीत सिंह बेदी पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के चेयरमैन नियुक्त

**चंडीगढ़।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने पंजाब के एडवोकेट जनरल मनिंदरजीत सिंह बेदी को पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल का चेयरमैन नियुक्त किया है। बेदी वर्तमान में पंजाब राज्य के एडवोकेट जनरल के रूप में सेवाएं निभा रहे हैं। काउंसिल के चेयरमैन के रूप में उनकी नियुक्ति को क्षेत्र में कानूनी समुदाय को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। बेदी ने उन पर विश्वास व्यक्त करने के लिए वकील समुदाय का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह वकीलों के कल्याण के लिए कार्य करने, पेशेवर मूल्यों के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने तथा कानूनी शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। पंजाब एवं हरियाणा के कानूनी समुदाय ने स. बेदी की इस नियुक्ति का स्वागत किया है।

### सासाराम-बक्सर-बलिया नई रेल लाइन की मांग, रेल मंत्री को सौंपा पत्र

**बक्सर।** बिहार और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में रेल संपर्क को बेहतर बनाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन 'आपकी आवाज' ने सासाराम-बक्सर-बलिया नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति देने की मांग उठाई है। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. निसार अहमद ने इस संबंध में रेल मंत्री को पत्र भेजकर परियोजना का सर्वेक्षण कराने तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराने की मांग की है। 29 अगस्त 2026 को भेजे गए पत्र में डॉ. निसार अहमद ने कहा है कि बिहार एवं उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों की जनता लंबे समय से बेहतर रेल संपर्क की आवश्यकता महसूस कर रही है। प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण से सासाराम से बक्सर होते हुए बलिया तक सीधा और बेहतर रेल संपर्क स्थापित हो सकेगा। पत्र में कहा गया है कि इस रेल परियोजना से क्षेत्र के लाखों लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ-साथ व्यापार, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी विकसित होंगे। क्षेत्र के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास को गति देने में यह रेल लाइन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डॉ अहमद ने रेल मंत्री से आग्रह किया है कि परियोजना का आवश्यक प्रारंभिक सर्वेक्षण (एफएलएस) कराया जाए, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई जाए तथा तकनीकी एवं आर्थिक व्यवहार्यता के आधार पर परियोजना को स्वीकृति प्रदान करते हुए निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि जनहित से जुड़ी इस महत्वपूर्ण मांग पर रेल मंत्रालय सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लेगा। पत्र के साथ क्षेत्र का मानचित्र तथा जनसंख्या एवं व्यापार से संबंधित विवरण भी संलग्न किए गए हैं।

### 249 करोड़ की लागत से बने मीठापुर-करबिगहिया फ्लाईओवर का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया लोकार्पण

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने वाली दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने 249 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित मीठापुर बस स्टैंड को मीठापुर गोलंबर से जोड़ने वाले फ्लाईओवर, पहुंच पथ एवं सेवा पथ का उद्घाटन किया। यह फ्लाईओवर नवनिर्मित करबिगहिया गोलंबर के माध्यम से मीठापुर क्षेत्र को बेहतर और सुगम यातायात सुविधा से जोड़ेगा। परियोजना के शुरू होने से मीठापुर, करबिगहिया और स्टेशन रोड क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना के अंतर्गत मीठापुर से सिपारा तक निर्मित 2.1 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड पथांश का भी फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। दोनों परियोजनाओं के शुरू होने से मीठापुर-सिपारा मार्ग पर यातायात अधिक सुगम और व्यवस्थित होने की उम्मीद है। इस मार्ग पर लगने वाले जाम से आम लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही करबिगहिया, मीठापुर और स्टेशन रोड पर वाहनों के दबाव में कमी आने से आवागमन आसान होगा। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नवनिर्मित फ्लाईओवर का पैदल चलकर और वाहन से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, परियोजना से जुड़ी सुविधाओं और यातायात व्यवस्था का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करबिगहिया-मीठापुर फ्लाईओवर के शुरू होने से रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को भी बेहतर सुविधा मिलेगी। मीठापुर बस स्टैंड और आसपास के इलाकों से आने-जाने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि मीठापुर से महुली होते हुए पुनपुन की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए भी आवागमन आसान होगा। एलिवेटेड पथ के माध्यम से यातायात को सुगम बनाने के साथ प्रमुख मार्गों पर वाहनों के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। राजधानी पटना में लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए इन दोनों परियोजनाओं को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फ्लाईओवर और एलिवेटेड पथ के शुरू होने से प्रमुख सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करने, जाम की समस्या घटाने और नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध आवागमन उपलब्ध कराने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# पंजाब सरकार ने रक्षा बंधन पर 5.30 लाख महिलाओं के खातों में भेजी 181.50 करोड़ रुपये की 'सम्मान राशि'

■ भगवंत मान बोले, अब तक 70.92 लाख महिलाओं को मिला लाभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। बाबा बकाला साहिब में शुक्रवार को रक्खड़ पुन्निया के अवसर पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'मावां-धीयां सत्कार योजना' के तहत 5.30 लाख और महिलाओं के खातों में तीन महीनों की 'सम्मान राशि' के रूप में 181.50 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर महिलाओं के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता का इजहार किया। इससे कुल लाभार्थियों की संख्या 70.92 लाख हो गई है। सरकार इस योजना के दायरे में एक करोड़ महिलाओं को लाने के लिए बड़े पैमाने पर काम कर रही है, जिसमें पंजीकरण में मदद करने वाली 1.38 लाख 'सत्कार सखियों' को मान-भत्ते के रूप में 51 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं और आंगनवाड़ी वर्करों को भी 25 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। समारोह के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के समझदार लोगों ने उन नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, जो अपने सत्ता के दिनों में महलों में रहते थे और कभी आम लोगों की परवाह नहीं की। 25 साल राज करने का दावा करने वालों को लोगों ने राजनीतिक गुमनामी में भेज दिया है और अब उन्हें समिति बनाने के लिए 25 सदस्य भी नहीं मिल रहे। राज्य के समझदार और बहादुर लोगों ने ऐसे अहंकारी नेताओं को उनके बुरे कामों का मुंह तोड़ जवाब दिया है। अकाली दल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ल्लअपने लंबे कुशासन के दौरान अकालियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी करने, इस घिनौने अपराध के दोषियों को बचाने और निर्दोष लोगों पर गोलीबारी करवाने का पाप किया। अकालियों ने पंजाबियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने और कई माफियाओं को संरक्षण देने के अलावा राज्य को बेरहमी से लूटा। अकालियों को पड़ी हर वोट बेअदबी के हक में फतवा होगी। अकाली लीडरशिप को कभी माफ नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे राज्य की कई पीढ़ियों के बर्बाद होने के लिए जिम्मेदार हैं और उनके राज में नशे के व्यापार को संरक्षण मिला।

## अमृतसर में निहंग सिख की गोली मारकर हत्या

अमृतसर। बाबा बकाला साहिब में शुक्रवार देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना उस समय हुई, जब क्षेत्र में ऐतिहासिक रक्खड़ पुण्या मेले के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु और लोग मौजूद थे। मृतक की पहचान गांव मग्लानी निवासी राजा सिंह के रूप में हुई है। राजा सिंह निहंग वेशभूषा में था। उसका शव बाबा बकाला के सिविल अस्पताल के पीछे पड़ा मिला। उसके सीने और हाथ पर गोली लगने के निशान पाए गए। पुलिस को शव के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया। ब्यास थाने के एसएचओ गुरविंदर सिंह ने बताया कि पुलिस को अस्पताल के पीछे निहंग वेशभूषा में एक युवक के शव की सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच में उसके शरीर पर गोली लगने के निशान मिले हैं। पुलिस अब हत्या के कारणों, वारदात की परिस्थितियों और आरोपियों की पहचान का पता लगाने में जुटी है।

# नेपाल बाढ़ में फंसे महाराष्ट्र के 100 तीर्थयात्रियों को बिहार सरकार ने किया रेस्क्यू, ट्रेन से हुए रवाना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। नेपाल में आई बाढ़ के चलते काठमांडू में फंसे महाराष्ट्र के करीब 100 तीर्थयात्रियों को बिहार सरकार की मदद से सुरक्षित निकालकर उनके गृह राज्य के लिए रवाना कर दिया गया। महाराष्ट्र सरकार के अनुरोध पर मानवीय पहल करते हुए बिहार सरकार ने राहत और सुरक्षित वापसी की पूरी व्यवस्था की। बिहार के मुख्यमंत्री के निर्देश और मुख्य सचिव तथा आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव की निगरानी में सीतामढ़ी जिला प्रशासन ने 28 अगस्त 2026 को त्वरित कार्रवाई की। सभी तीर्थयात्रियों को नेपाल सीमा से सुरक्षित एस्कॉर्ट कर सीतामढ़ी लाया गया। यहां उनके लिए भोजन, पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गई। इसके बाद 29 अगस्त की रात करीब 2:30 बजे सभी तीर्थयात्रियों को सीतामढ़ी से पटना लाया गया। पटना जिला प्रशासन ने उन्हें ओपी साह सामुदायिक भवन में ठहराया। यहां भोजन, आवासन, चिकित्सा जांच और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। तीर्थयात्रियों की सुरक्षित घर वापसी के लिए बिहार सरकार के मुख्य सचिव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष के साथ समन्वय किया। इसके बाद पटना-पूर्णा एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त बोगियां जोड़ी गईं। 29 अगस्त को सुबह 7:30 बजे सभी तीर्थयात्रियों को विशेष व्यवस्था के तहत ट्रेन से महाराष्ट्र के लिए रवाना कर दिया गया। सुरक्षित और सम्मानजनक वापसी के बाद तीर्थयात्रियों ने बिहार सरकार के साथ-साथ सीतामढ़ी और पटना जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने बाढ़ के बीच की गई त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और समन्वित राहत प्रयासों के लिए अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

# पंजाब में सरकार और 3 लाख कर्मचारियों के बीच टकराव बढ़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआपा)सरकार और करीब 3 लाख सरकारी कर्मचारियों के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। 27 अगस्त को सामूहिक छुट्टी लेकर हड़ताल में शामिल हुए करीब 2,500 कर्मचारियों की सूची सरकार ने तैयार कर ली है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक इन कर्मचारियों की गैरहाजिरी का कोई उचित कारण सामने नहीं आया है। अब सेवा नियमों के तहत निलंबन, फोर्स लीव, वेतन कटौती या अन्य विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। कर्मचारी बकाया डीए, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने समेत 8 मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 27 अगस्त की महाहड़ताल के बाद सरकार ने कर्मचारी नेताओं के साथ बैठक तय की थी। बैठक पहले पंजाब भवन चंडीगढ़ और बाद में जालंधर के पीएपी परिसर में रखी गई। हालांकि बैठक से करीब एक घंटे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट किया कि पहले हड़ताल खत्म करनी होगी, उसके बाद बातचीत होगी। कर्मचारी नेता पीएपी परिसर पहुंचे, लेकिन मुख्यमंत्री बैठक में नहीं आए। कर्मचारियों से हड़ताल खत्म करने संबंधी वीडियो जारी करने को कहा गया, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया। इसके बाद बैठक रद्द कर दी गई। इसके बाद सरकार ने सभी विभागों के सचिवों से हड़ताल के दौरान बिना उचित कारण ड्यूटी से गैरहाजिर रहे कर्मचारियों की सूची मांगी। अब इसी आधार पर कार्रवाई की तैयारी है। वहीं कर्मचारी संगठनों ने भी पीछे हटने से इनकार कर दिया है।

# उत्तराखंड के पहले क्रीड़ा विश्वविद्यालय का मुख्यमंत्री धामी ने किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनीताल। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नैनीताल में उत्तराखंड के पहले क्रीड़ा विश्वविद्यालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रीड़ा विश्वविद्यालय राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा विश्वविद्यालय की सौगात प्रदेश के युवाओं और खेल प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय खेलों से राज्य में खेलों के प्रति नई ऊर्जा और वातावरण का निर्माण हुआ है। सरकार इस गति को आगे बढ़ाते हुए खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत उन्हें उचित अवसर, प्रशिक्षण और आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराने की है। क्रीड़ा विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, खेल विज्ञान, शोध तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए नई खेल नीति लागू की है। इसके तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न स्तरों पर प्रोत्साहन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। खिलाड़ियों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। धामी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य उत्तराखंड को देश के प्रमुख खेल राज्यों में शामिल करना है। इसके लिए खेल मैदानों और प्रशिक्षण सुविधाओं के विस्तार के साथ ही खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## यात्री बस स्कूटी के टकराई, स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

नई टिहरी। ऋषिकेश के पास भद्रकाली के कपटियाल मोड़ के पास एक यात्री बस बीती देर रात को दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। बस एक स्कूटी से टकरा गई। जिससे स्कूटी सवार 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि बस में सवार 5 यात्री भी गंभीर रूप घायल हो गए थे। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह भंडारी और एसडीएम नरेंद्रनगर आशीष घिल्डियाल ने बताया कि भद्रकाली के पास शुक्रवार रात को बस अचानक अनियंत्रित हो कर सामने से आ रही स्कूटी से जा टकराई। प्रारंभिक सूचना के अनुसार ब्रेक फ़ेल होने से यह हादसा हुआ। थाना मुनिकीरेती पुलिस और एसडीआरएफ ने तत्काल मौके पर पहुंचकर और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। साथ ही स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटना में घायल यात्रियों को एम्बुलेंस और निजी वाहनों के माध्यम से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। बताया कि दुर्घटना में स्कूटी सवार शुभम बिष्ट (24) पुत्र कुंदन सिंह बिष्ट और ऋषभ बिष्ट (32) पुत्र विक्रम बिष्ट दोनों निवासी गंगानगर ऋषिकेश की दर्दनाक मौत हो गई।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063